हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 28.03.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 243 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : 3 रुपये 2 रुपये

## एक नजर

### घूस लेते रोजगार सेवक हुआ गिरफ्तार

**चतरा :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने गुरुवार को चतरा जिले के इटखोरी बाजार स्थित फर्नीचर दुकान से एक रोजगार सेवक को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पीड़ित बिनोद सिंह ने एसीबी को पत्र लिखकर बताया था कि उनके परिवार के सदस्यों के नाम से मेढ़बन्दी का कार्य मनरेगा योजना से पास हुआ है। इनके जरिये मेढ़बन्दी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जब ये डिमान्ड लगाने रोजगार सेवक उमेश कुमार के पास गये तो उनके जरिये बोला गया कि आपके एवं आपके परिवार के सदस्यों की ओर से किये गये सभी मेढ़बन्दी योजना का डिमान्ड लगा देंगे। लेकिन उसके लिये आपको 26 हजार देना होगा। आग्रह विनती करने पर मामला 5000 में तय हुआ। एसीबी ने मामले की जांच कराई, जिसमें आरोप सही पाया गया। इसके बाद एसीबी टीम ने इटखोरी प्रखंड के नवादा और धनखेरी पंचायत के रोजगार सेवक उमेश कुमार को पांच हजार रुपए नकद लेते पकड़ा। उसकी गिरफ्तारी इटखोरी बाजार के महाराजा फर्नीचर दुकान से हुई है। एसीबी हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक आरिफ इकराम ने बताया कि गिरफ्तार रोजगार सेवक चतरा सदर थाना क्षेत्र के चौर मोहल्ला का रहने वाला है। रोजगार सेवक को विधिवत गिरफ्तार करने के बाद अग्रेतर करवाई के लिए एसीबी की टीम हजारीबाग ले गई है।

### रजिस्ट्री कार्यालय का कम्प्यूटर ऑपरेटर घूस लेते गिरफ्तार



**लोहरदगा :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के टीम ने गुरुवार को रजिस्ट्री ऑफिस में कार्यरत एक कंप्यूटर ऑपरेटर को पांच हजार रुपये का रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई की जानकारी मिलते ही पूरे समाहरणालय परिसर में हड़कंप मच गया। रजिस्ट्री ऑफिस के कर्मी भी मौका देखकर इधर-उधर छिटक गए। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार परिवादी मोहम्मद आलीमुद्दीन पिता स्वर्गीय मोहिउद्दीन ग्राम हिसरी पोस्ट हिसरी थाना बगरू जिला लोहरदगा ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची को लिखित आवेदन देकर सूचित किया कि इनका अपना निजी जमीन जिसका खाता संख्या 366 प्लॉट नंबर 2850 रकबा 5 डिसिमल जो ग्राम हिसरी में स्थित है। इसका पट्टा निकालने के लिए निबंधन कार्यालय लोहरदगा में संपर्क किया तो निबंधन कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत दिलीप कुमार ने पांच हजार रुपये रिश्वत की मांग की। परिवादी ने इसकी सूचना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची को लिखित रूप से दिया। आवेदन के सत्यापन के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम 27 मार्च को दोपहर बाद निबंधन कार्यालय लोहरदगा में पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों दिलीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे आगे की कार्रवाई के लिए रांची ले जाया गया।

# भाजपा नेता की हत्या के विरोध में रांची बंद, कई संगठनों ने किया समर्थन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भाजपा नेता व जिला परिषद् के पूर्व सदस्य अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में गुरुवार को भाजपा की तरफ से बुलाए गए रांची बंद का व्यापक असर देखा गया। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की दुकानें व प्रतिष्ठान बंद रहे और मुख्य मार्गों पर घंटों तक वाहनों की आवाजाही ठप रही। बड़ी संख्या में बंद समर्थकों ने प्रदर्शन कर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जिले में 125 बंद समर्थकों को हिरासत में लिया गया, जिन्हें देर शाम छोड़ दिया गया।

भाजपा नेता की हत्या के विरोध में आज भाजपा की तरफ से बुलाए गए रांची बंद के दौरान शहर के कोकर, लालपुर, बरियातू, बुटी मोड़, अल्बर्ट एक्का चौक, कांके, अरगोड़ा, चुटिया, किशोरगंज, टाटीसिलवे, नामकुम, हिनू, धुर्वा, रातू सहित अन्य जगहों पर बंद समर्थक ने सड़कों पर उतरकर घंटों सड़क जाम किया। इस दौरान सभी मुख्य मार्गों पर आवाजाही ठप रही और दुकानें व प्रतिष्ठान बंद रहे। भाजपा के रांची बंद का आजसू पार्टी, जदयू, लोजपा और जेलएकेएम ने समर्थन किया। बीजेपी नेता अनिल महतो की हत्या के विरोध में गुरुवार को बीजेपी ने रांची बंद बुलाया, वहीं कई संगठनों ने झारखंड बंद का आह्वान किया था। बीजेपी ने आम जनता और व्यापारियों से इस बंद का समर्थन करने की अपील की है। इसके अलावा आजसू, जदयू और जेएलएकेम ने भी बंद का समर्थन किया। जेएलएकेम के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि अनिल महतो की हत्या प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि कुछ दिन पहले सोनू मुंडा की भी हत्या हुई थी, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। कुड़मी/कुर्मी समाज ने भी 24 घंटे के झारखंड बंद की घोषणा की थी। समाज के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार ने कहा कि यह बंद सुबह 6 बजे से प्रभावी था।





### पूर्व सीएम रघुवर दास श्मशान घाट पहुंचे, अनिल टाइगर को दी श्रद्धांजलि



**रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने गुरुवार को श्मशान घाट पहुंच कर दिवंगत अनिल टाइगर को श्रद्धांजलि अर्पित की। रांची के कांके चौक में बुधवार को दिनदहाड़े अनिल टाइगर की हत्या कर दी गयी थी। इस घटना के बाद बीजेपी और आजसू ने रांची बंद का ऐलान कर किया था। बीजेपी ने आम जनता और व्यापारियों से भी रांची बंद का समर्थन करने की अपील की थी। इसके अलावा आजसू, जदयू और जेएलएकेम के अलावा अन्य संगठनों ने भी बंद का समर्थन किया है।

### आंदोलन स्थल से देवेंद्र नाथ महतो को पुलिस ने हिरासत में लिया



**रांची :** पूर्व जिला परिषद कांके सदस्य अनिल महतो के हत्या के विरोध में प्रदर्शन के दौरान जेएलकेएम नेता देवेंद्र नाथ महतो को पुलिस ने डिटेन कर लिया। आज गुरुवार को सवेरे करीब 11:50 बजे आंदोलन स्थल अल्बर्ट एक्का चौक से हिरासत में लिया गया। हिरासत के दौरान बंद समर्थक और प्रशासन की बीच जमकर नोंक-झोंक हुई। बताते चलें कि राजधानी रांची समेत संपूर्ण झारखंड बंदी को लेकर ₹झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा₹ की ओर से बीते कल बुधवार को देवेंद्र नाथ महतो ने आधिकारिक पत्र जारी किया था। पुलिसिया डिटेन के दौरान देवेंद्रनाथ महतो ने कहा राज्य में जंगलराज चल रहा है। कानून व्यवस्था लचर है, लगातार हत्या हो रही है।

### अनिल टाइगर की हत्या को लेकर विधानसभा में विपक्ष का हंगामा, कार्यवाही स्थगित




**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 20वें दिन गुरुवार को भाजपा नेता एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल टाइगर की हत्या का मामला सदन में गूंज उठा, जिसके चलते जोरदार हंगामा हुआ और कार्यवाही 12:55 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही भाजपा विधायकों ने राज्य में बिगड़ती विधि व्यवस्था के खिलाफ धरना दिया। विपक्षी विधायकों ने कानून व्यवस्था सुधारने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो के सदन में आसन ग्रहण करते ही भाजपा के सीपी सिंह ने अनिल टाइगर के हत्या का मामला उठाया। राज्य के नगर विकास मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू ने कहा कि क्या कारण है कि हजारीबाग आज एपिक सेंटर बना हुआ है। उन्होंने कहा कुछ लोग कानून व्यवस्था खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। हत्या की घटना दुखद है। इसी दौरान भाजपा के सदस्य सदन के बीच में आ गए और हंगामा करने लगे। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बुधवार को कांके थाना से महज 100-125 मीटर की दूरी पर हत्या हो जाती है। उन्होंने कहा कि पुलिस हत्या के बाद उनका चरित्र हनन में लगी है। अनिल टाइगर का लातेहार-कुडू से तार जोड़ा जा रहा है। मैंने अपनी ओर से इसकी पूरी जानकारी ली, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। रांची के पुलिस कप्तान सुनियोजित तरीके से मामले को कमजोर कर रहे हैं।

### हेमन्त सोरेन से सरना समितियों के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात, सरहुल शोभायात्रा में शामिल होने का दिया न्योता



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को झारखंड विधानसभा में विभिन्न सरना समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने प्राकृतिक महापर्व सरहुल शोभायात्रा में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी ओर से प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को सरहुल पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से सरहुल पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाली शोभायात्रा की तैयारियों की विस्तृत जानकारी लीष सोरेन ने विश्वास जताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

## कठुआ एनकाउंटर में 2 आतंकवादी ढेर, डीएसपी सहित 5 जवान घायल



एजेंसी

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच गुरुवार सुबह से जारी मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए। तीन आतंकियों की तलाश जारी है। डीएसपी धीरज सिंह समेत पांच सुरक्षाकर्मी घायल हैं।

सभी को जम्मू मेडिकल कॉलेज फर किया गया है। जुठाना इलाके में 4-5 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया, इस दौरान फायरिंग शुरू हो गई। इससे पहले सोमवार को कठुआ के हीरानगर सेक्टर में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई थी। तब आतंकियों ने एक बच्ची और उसके माता-पिता को पकड़ लिया था। मौका मिलने पर तीनों आतंकियों के चंगुल से भाग निकले थे। इस दौरान बच्ची की मामूली चोटें आई थीं। आतंकी भी भाग निकले थे।

1 हफ्ते पहले कुपवाड़ा में एक आतंकी ढेर, एक जवान घायल कुपवाड़ा जिले में 17 मार्च को एलओसी से सटे खुरमोरा राजवार इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इसमें एक आतंकी मारा गया, जबकि कुछ आतंकी घेराबंदी तोड़कर भागने में कामयाब रहे थे। मुठभेड़ में एक सैनिक भी घायल हुआ था। अधिकारियों ने बताया था कि आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद जचलदारा के क्रुम्हूरा गांव में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था।

### राज्यपाल ने विनियोग विधेयक पर दी स्वीकृति

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 200 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड राज्य के आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के बजट से संबंधित विनियोग विधेयक पर अपनी स्वीकृति प्रदान की। उल्लेखनीय है कि 3 मार्च, 2025 को झारखण्ड विधानसभा में 2025-26 के लिए वार्षिक बजट प्रस्तुत किया गया था तथा 24 मार्च, 2025 को झारखण्ड विधानसभा में पारित हुआ।

## जातीय वर्गीकरण से देश को बांटने की नीति अपनाई जा रही है : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन अपने संबोधन में कहा कि लंबित नियुक्तियों को जल्द पूरा किया जायेगा। कहा कि सदन को लंबे समय के बाद नेता प्रतिपक्ष मिला है। उन्होंने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला और अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। कहा आने वाले 25 को ध्यान में रखकर काम करेंगे और नयी पारी खेलेंगे। कहा कि कोल रॉयल्टी के अलावा भी केंद्र पर झारखंड सरकार का बकाया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की तमाम साजिशों और सरकार गिराने के प्रयासों के बावजूद उनकी सरकार पहले से अधिक मजबूती के साथ सत्ता में वापस आई है। जनता ने विपक्ष का असली चेहरा देख लिया है और उनका नकाब अब पूरी तरह उतर चुका है।




### विपक्ष की साजिशों पर हमला

सीएम ने कहा कि विपक्ष ने आयातित नेताओं के जरिए साजिशें रचीं। केंद्रीय मंत्री और कई राज्यों के मुख्यमंत्री यहां लंबे समय तक डेरा डाले रहे। लेकिन विपक्ष की राजनीति सिर्फ सत्ता पाने तक सीमित है, वे विकास की बात सिर्फ कागजों पर करते हैं, जबकि वास्तविकता कुछ और ही है। वे जनादेश न मिलने के बावजूद विधायकों को तोड़ने और खरीदने का काम करते हैं, ताकि पूरे देश पर उनका राज हो सके।

### देश की राजनीतिक स्थिति पर विचार

सीएम ने कहा कि झारखंड आदिवासी, अल्पसंख्यक और सबसे पिछड़ा राज्य है। आजादी के बाद पहली बार ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है जहां देश को उलझाने की कोशिश की जा रही है। जातीय वर्गीकरण से देश को बांटने की नीति अपनाई जा रही है। सोरेन ने देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अर्थव्यवस्था आईसीयू में है और सरकार अपनी गलतियों को स्वीकार करने के बजाय उन्हें सुधारने का प्रयास भी नहीं कर रही है।

### झारखंड सरकार की योजनाएं और उपलब्धियां

सीएम ने अपनी सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक 'मंईयां सम्मान योजना' का जिक्र किया, जिसके तहत 60 लाख महिलाओं को सम्मान राशि प्रदान की गई। इससे महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान आई है और गांवों में इसका अधिक सकारात्मक प्रभाव दिख रहा है।

### किसानों के लिए योजनाएं

सीएम ने कहा कि झारखंड की 80 फीसदी आबादी कृषि पर निर्भर है। उनकी सरकार ने किसानों का दो लाख तक का कर्ज माफ किया है। साथ ही, 1.5 लाख एकड़ भूमि पर फलदार पेड़ लगाए गए हैं। जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लिफ्ट और पाइपलाइन इरिगेशन योजना शुरू की गई है।

### शिक्षा के क्षेत्र में सुधार

सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शुरूआत की गई है, जिससे बड़ी संख्या में छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो रहे हैं। टॉपर्स को आर्थिक सहायता, लैपटॉप और मोबाइल दिए जा रहे हैं। अनाथ और दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए विशेष बजट आवंटित किया गया है। नेतरहाट जैसे प्रतिष्ठित स्कूलों का पुनरुद्धार किया जा रहा है और दुमका, चाईबासा व बोकारो में इसी तर्ज पर नए स्कूल बनाए जा रहे हैं।

### स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार

राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर भी जोर दिया गया है। रांची के रिम्स अस्पताल को 7000 करोड़ रुपये की लागत से नया भवन मिलेगा। इसके अलावा, राज्य में आम आदमी के लिए एयर एंबुलेंस सेवा शुरू की गई है। सरकार हेलीकॉप्टर एंबुलेंस की फ्री सेवा शुरू करेगी और हर अस्पताल में हेलीपैड बनाया जाएगा।

## मानव तस्करी के शिकार झारखंड के 25 नाबालिग बच्चे कराए गए मुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के सार्थक प्रयासों से मानव तस्करी के शिकार बच्चों को लगातार मुक्त कराकर उनके घरों में पुनर्वासित किया जा रहा है। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संचालित एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र, नई दिल्ली के माध्यम से 25 नाबालिग बच्चों को झारखंड वापस लाया जा रहा है। इन बच्चों की उम्र 12 से 17 वर्ष के बीच है। इनमें से ज्यादतर बच्चियों को एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र द्वारा दिल्ली पुलिस और स्थानीय एनजीओ के सहयोग से दिल्ली एवं दिल्ली के आसपास के राज्यों के विभिन्न स्थानों से रेस्क्यू किया गया है। एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र नई दिल्ली की नोडल ऑफिसर नचिकेता ने गुरुवार को जानकारी दी कि साहेबगंज जिला के 02 मानव तस्कर पूनम मरांडी एवं ईश्वर तुरी को पकड़ने के दौरान उनके जरिये बताये गए बच्चों से सम्बंधित सूचना के आधार पर इन सभी बच्चों को दिल्ली के आसपास के राज्यों से एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र में कार्यरत राहुल सिंह एवं निर्मला खलखो के अथक प्रयास के बाद निकाला गया है। ये बच्चे गुरुवार को सुरक्षित खूंटी जिले की सीडीपीओ अल्ताफ खान और साहेबगंज जिले की सीडीपीओ पूनम कुमारी के नेतृत्व में रांची पहुंचेंगे। एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र, झारखंड भवन नई दिल्ली का एक अभिन्न अंग है, जिसे महिला एवं बाल विकास विभाग झारखंड सरकार की ओर से संचालित किया जाता है। यह सारी कार्यवाही झारखंड भवन के स्थानिक आयुक्त अरवा राजकमल के निर्देश पर किया गया।

उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग मानव तस्करी के मामले में बहुत ही संवेदनशील है। उसी का परिणाम है कि झारखंड के तस्करी के शिकार सैकड़ों बच्चों को झारखंड में अब तक पुनर्वासित किया गया है एवं उन्हें झारखंड सरकार के कई योजनाओं का लाभ भी दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव मनोज कुमार और निर्देशक किरण कुमारी पासी की ओर से सभी जिलों के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को आदेश दिया गया है कि ऐसे मामले के संज्ञान में आते ही तुरंत ही टीम बनाकर नई दिल्ली रवाना किया जाए। अग्रतर कार्यवाही करते हुए बच्चों को सुरक्षित तरीके से उनके घरों में पुनर्वासित करते हुए झारखंड सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं का उन्हें लाभ दिया जाए। साथ ही इन बच्चों की सतत निगरानी भी की जाए।

एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र के राहुल सिंह और निर्मला खलखो की ओर से यह बताया गया कि हमारा एक टोल फ्री नंबर 10582 है, जिसके माध्यम से भी झारखंड की तस्करी के शिकार बच्चों की सूचना प्राप्त होती है।

## एक नजर

### संजीव बेदिया के नेतृत्व में झामुमो होगा मजबूत : विकास राणा

**हजारीबाग** : संजीव बेदिया को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष निर्वाचित किये जाने पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा नेता सह विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन का आभार व्यक्त किया। उनके साथ साथ केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, गाण्डेय विधायक कल्पना सोरेन, झारखण्ड के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार, माननीय पेय जल स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद, केन्द्रीय महासचिव विनोद पाण्डेय, फागु बेसरा सहित सभी केन्द्रीय नेताओं को धन्यवाद व्यक्त किया। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा नेता सह विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया के नेतृत्व में झामुमो मजबूत होगी और पार्टी को नई दिशा मिलेगी। संजीव बेदिया को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष निर्वाचित किये जाने पर बधाई देनेवालों में झामुमो के आनन्द सिंह, जितेन्द्र कुमार, अवध किशोर साव, आफताब आलम, विवेक कुमार राणा, अजय कुमार, अविनाश कुमार पिंकू, सूरज कुमार, ओम प्रकाश देव, रिजवानुल हक, जितेन्द्र पासवान आदि शामिल है।


### बस व मोटरसाइकिल की टक्कर में पिता की मौत, पुत्र घायल

ठ डालटनगंज-औरंगाबाद नेशनल हाईवे पर छतरपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार तेलाडी मोड़ पर एक यात्री बस ने एक बाइक को टक्कर मार दी, इस हादसे में पिता की मौत हो गई, जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे में मोटरसायकिल सवार महेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई। वह तेलाडी गांव निवासी थे। इस घटना में महेश के 22 वर्षीय पुत्र वीरेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेदिनीनगर के एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया। उसकी हालत चिंताजनक बतायी गयी है। महेश यादव अपने बेटे के साथ छतरपुर से समरसेबल मोटर खरीदकर घर लौट रहे थे। उनके घर में पेयजल की समस्या थी। गढ़वा से आ रही अरविंद नामक यात्री बस ने तेलाड़ी मोड़ पर उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद बस चालक वहां से फरार हो गया। वह बस को 10 किलोमीटर दूर छतरपुर थाने में छोड़कर भाग निकला। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शव के साथ नेशनल हाईवे पर रखकर जाम कर दिया। जाम के कारण वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। छतरपुर के अंचल अधिकारी उपेन्द्र कुमार एवं पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

### झारखंड की सात नाबालिग एवं तीन महिलाएं मानव तस्करों के चंगुल से मुक्त

**खूंटी** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी लोकेश कुमार और पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर गठित टीम ने मानव तस्करी के शिकार दस लड़कियों को पंजाब, दिल्ली और गुड़गांव से रेस्क्यू कर मुक्त कराया गया है। इनमें सात नाबालिग बच्चियां और तीन बालिग महिलाएं शामिल हैं। पुलिस के अनुसार इसमें से कई पीड़िताएं तो 25-26 वर्षो से मानव तस्करों के चंगुल में रही। पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को एक जारी विज्ञप्ति में बताया कि राज्य से बाहर दिल्ली, गुड़गांव और पंजाब से वापस लाने में सफलता प्राप्त की। एसपी अमन कुमार ने कहा है कि यह अभियान जिला और पुलिस प्रशासन द्वारा मानव तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे संगठित प्रयासों का हिस्सा है और आगे भी इस प्रकार के अभियान जारी रहेंगे। जिन नाबालिग लड़कियों का रेस्क्यू किया गया है।

# झूठे वादों से किसानों को बहलाना बंद करे सरकार, जल्द करे समाधान : प्रदीप प्रसाद



**हजारीबाग** : झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन भाजपा के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने जनता की समस्याओं को जोरदार तरीके से सदन में उठाया। उन्होंने तारांकित एवं अतारांकित प्रश्नों के माध्यम से जल संसाधन, कृषि, सहकारिता, किसानों की आर्थिक स्थिति और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगा। प्रदीप प्रसाद ने हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में एकीकृत बिहार राज्य के अंतर्गत लिफ्ट एरीगेशन योजनाओं की दुर्दशा को लेकर सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि हजारीबाग के कई गांवों में लिफ्ट एरीगेशन परियोजनाएँ वर्षों से बंद पड़ी हैं, जिससे किसान सिंचाई की सुविधा से वंचित हो गए हैं। सरकार ने यह स्वीकार किया कि कई योजनाएँ बंद पड़ी हैं और उनके पुनरुद्धार की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। विधायक ने इस पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि सरकार जल्द से जल्द इन योजनाओं को पुनर्जीवित करना चाहिए। विधायक ने झारखंड में सहकारी समितियों पी.ए.सी.एस एवं लैंप्स की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सहकारी समितियाँ महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं, लेकिन सरकार की लापरवाही के कारण ये संस्थाएँ कमजोर पड़ रही हैं। सरकार ने अपने उत्तर में बताया कि राज्य में कुल 4454 मल्टीपर्पस कोऑपरेटिव सोसाइटी कार्यरत हैं, जो किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराती हैं। पिछले तीन वर्षों में इन समितियों को विभिन्न योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता दी गई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 166 एम पी सी एस को 1003 लाख रुपए प्रदान किए गए। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 80 एम पी सी एसको 496 लाख रुपए की सहायता दी गई। विधायक ने सरकार की इस जवाबदेही पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसानों के लिए घोषित ऋण योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। उन्होंने मांग की कि सरकार किसानों का ऋण माफ करे और सहकारी समितियों को मजबूत करने के लिए ठोस रणनीति बनाए। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि उनकी प्राथमिकता किसानों, गरीबों और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने सरकार को आगाह किया कि यदि इन योजनाओं को जल्द प्रभावी रूप से लागू नहीं किया गया तो भाजपा सड़क से सदन तक आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा कि जनता ने सरकार को इसलिए चुना है कि वह उनके हितों की रक्षा करे, न कि उन्हें योजनाओं के झूठे वादों में उलझाकर छोड़ा जाए। भाजपा किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और हर स्तर पर उनके हक के लिए लड़ाई जारी रखेगी।

## कटहल उत्पादन की खरीदारी प्रक्रिया को सुचारू बनाएं अधिकारी : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी** : उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने गुरुवार को कदमा स्थित कटहल प्रोसेसिंग यूनिट के बेहतर संचालन को लेकर बैठक की। बैठक में उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं एजेंसी को नए एफपीओ (फार्मर्स प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन) के किसानों को जोड़ने और उन्हें प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया, ताकि यूनिट का संचालन और भी प्रभावी तरीके से किया जा सके। बैठक के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों में होने वाले कटहल उत्पादन की खरीदारी की प्रक्रिया को सुचारू बनाने को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने किसानों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से न केवल कृषि क्षेत्र को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि स्थानीय उत्पादों को भी नया बाजार मिल रहा है। उपायुक्त ने कटहल प्रोसेसिंग यूनिट में तैयार होनेवाले उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि यह यूनिट किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने एफपीओ के किसानों को उनकी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई दी। गौरतलब है कि कटहल प्रोसेसिंग यूनिट के माध्यम से कटहल के विभिन्न उत्पादों का निर्माण किया जा रहा है, जिनकी बाजार में काफी मांग देखी जा रही है।

## 40 किसानों के बीच डीसी ने रोबोटिक सोलर मोबाइल पंप सेट का किया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : उपायुक्त नैंसी सहाय के द्वारा 27 मार्च को डीएमएफटी मद से प्रदत रोबोटिक सोलर मोबाइल पंप सेट का वितरण किया। चुरचू, केरेडारी, डाडी व सदर प्रखंड के कुल 40 चयनित कृषकों को यह सोलर मोबाइल पंप सेट दिया गया। इस वितरण कार्यक्रम में उपायुक्त ने इस मोबाइल सोलर मोटर पंप के संचालन की प्रक्रियाओं को जाना तथा लाभुक किसानों को संबोधित किया। उपायुक्त ने कहा कि मोबाइल सोलर पंप सेट के माध्यम से कृषक एक से अधिक खेतों में आसानी से सिंचाई का कार्य कर सकते है। सुगम सिंचाई की व्यवस्था हो जाने से कृषक उन्नत पैदावार कर अपने जीविकोपार्जन में सकारात्मक बदलाव का सकते है। उपायुक्त ने सभी लाभुक किसानों को मोबाइल सोलर पंप के लिए बधाई दी तथा इसका अधिक से अधिक प्रयोग करने की बात कही। उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने भी उपस्थित लाभुक किसानों को सोलर आधारित पंप से सिंचाई कर कृषि कार्य में अधिकता लाने की बात कही। उन्होंने इसके बेहतर रख रखाव करने तथा इसका उपयोग कर कृषि के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सुझाव दिया। 1 एचपी युक्त सोलर मोबाइल पंप सेट पाकर किसान उत्साहित नजर आए एवं उपायुक्त को धन्यवाद दिया। इस दौरान जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी व अन्य मौजूद रहे।


## रामनवमी संरक्षण समिति के तत्वाधान में आयोजित होगा दंगल प्रतियोगिता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग की रामनवमी को लेकर पूरे जिले भर में उत्साह का माहौल है हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले भर के सैकड़ों अखाड़ों में रामनवमी की तैयारी जोर शोर से चल रही है। ग्रामीण क्षेत्र की बात करें तो अधिकांश क्षेत्रों में पारम्परिक तौर महावीरी झंडा के साथ लोग गाजे बजे के साथ अखाड़ा पहुंचते हैं जहां क्षेत्र के सभी महावीरी झंडा का मिलान होता है जिसके बाद क्षेत्र के लोग पारंपरिक अस्त्र शस्त्र का करतब दिखाते है और बड़े बूढ़े से आशीर्वाद लेते हैं। फिर उक्त स्थल पर मेला लगता है जहां रामलीला, राम जन्म सीता स्वयंवर समेत अन्य धार्मिक कथाओं का नाट्य विधा के साथ मंचन किया जाता है वहीं शहरी क्षेत्र की बात करें तो अधिकांश शहरी क्षेत्र में झांकी की परम्परा शुरू हो गई है। जिसमें हजारीबाग नगर क्षेत्र में निकले वाली झांकी राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात है। जिसका संचालन रामनवमी महासमिति, रामनवमी संरक्षण समिति, जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन समेत शहर के गणमान्य लोग अपनी भागीदारी निभाते हैं प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजारीबाग रामनवमी संरक्षण समिति दंगल प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात एक दर्जन पहलवान भाग लेंगे। दंगल प्रतियोगिता 5 अप्रैल को 2 बजे दोपहर से एवं 6 अप्रैल फाइनल प्रतियोगिता 3 बजे दोपहर से बड़ा अखाड़ा परिसर में सम्पन्न होगा। हजारीबाग रामनवमी संरक्षण समिति ने हजारीबाग के युवाओं लिए आगामी शनिवार 29 मार्च से 4 अप्रैल तक निःशुल्क अस्त्र शस्त्र परिचालन प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। जिसमें क्षेत्र के युवाओं को अस्त्र शस्त्र परिचालन के विधा से निपुण स्थानीय युवक राजेश कुमार सिन्हा ( पहलवान ) के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। रामनवमी संरक्षण समिति ने प्रशिक्षक का मोबाइल नंबर 9430171585 जारी किया है। इस नंबर पर इच्छुक युवक कॉल कर अपना पंजीयन करवा सकते हैं यह प्रशिक्षण सत्र प्रत्येक दिन सुबह 8 बजे से सुबह 10 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम के बारे में पूछे जाने पर रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने बताया कि रामनवमी हजारीबाग की पहचान है और इसको बेहतर बनाने के लिए संरक्षण समिति संकल्पित है।

## जिला स्तरीय दो दिवसीय पीएमश्री विद्यालय समागम का हुआ समापन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी** : जिला स्तरीय दो दिवसीय पीएमश्री विद्यालय समागम 2025 का समापन गुरुवार को शिक्षा विभाग की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समागम के दूसरे दिन की शुरूआत जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ ढफएलएन मेला के आयोजन से हुआ, जिसमें शिक्षकों ने ढुएलएनटी एलएम एवं रोचक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को प्रभावी शिक्षण के नए तरीके प्रस्तुत किए। इससे बच्चों और शिक्षकों को नवीन शिक्षण पद्धतियों की जानकारी मिली। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न राज्यों की संस्कृति, परिधान, और भाषा को दशार्ने के लिए पीएमश्री विद्यालयों के विद्यार्थियों ने रंगारंग लोकनृत्य एवं वेशभूषा की शानदार प्रस्तुति दीं। प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग के तहत विद्यार्थियों द्वारा तैयार मॉडल और प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया गया। इसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रदीप रवानी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी विभाष चंद्र महतो, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, रिसोर्स पर्सन आशुतोष कुमार मांझी, अंकज कुमार, नकुल कुमार आदि उपस्थित थे। मंच संचालन अनुभा अन्ना ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी विभाष चंद्र महतो ने किया।

# कोडरमा में रेलवे विकास की नई सौगात, कटौतिया रेल लाइन का सीआरएस ने किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : कटौतिया नई रेल लाइन का 2.9 किलोमीटर रेल लाइन का मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त सुवोमोय मित्रा ने निरीक्षण किया। सीआरएस ट्राली और रेल के जरिए सफलतापूर्वक पूरा हुआ और उन्होंने इसकी स्वीकृति दी है। कुल 2500 करोड़ रुपये की परियोजना पूरी तरह दुरुस्त पाई गई और इसे संचालन की अनुमति दे दी गई। इस नई परियोजना से कटौतिया हॉल्ट को जंक्शन के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे कोडरमा-हजारीबाग-बड़काकाना रेलखंड को और मजबूती मिलेगी। शिवटोरी से रेल लाइन जोड़ने के बाद कटौतिया क्षेत्र की रेल संपर्क सुविधाएं और बेहतर होंगी। इस परियोजना से कोडरमा हजारीबाग रांची रेलखंड पर वंदे भारत एक्सप्रेस, आसनसोल मधुपुर रांची इंटरसिटी सहित कई ट्रेनों का ठहराव शुरू होगा। सीआरएस निरीक्षण दल के अनुसार, इस नई रेल लाइन के शुरू होने से सीसीएल (सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड) की आम्रपाली और मगधपाली कोयला साइडिंग को कोडरमा के माध्यम से देशभर के थर्मल पावर प्लांट्स तक आपूर्ति का नया और कुशल मार्ग मिलेगा। निरीक्षण के दौरान पूर्व मध्य रेलवे (हाजीपुर) के प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) आरके पांडेय, डीआरएम कमल किशोर सिन्हा, वरिष्ठ परिचालन प्रबंधक अंजय तिवारी, कोडरमा एईएन आरके सिंह, कोडरमा प्रभारी प्रभात कुमार, हजारीबाग के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता सुनील कुमार सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम मे हाजीपुर से आए अधिकारी आरके पाण्डेय ने धनबाद के अधिकारियो से कोडरमा हजारीबाग बरकाकाना रेलखंड के 133 किलोमीटर दोहरीकरण पर चर्चा की। संभावना है कि अगले माह से दोहरीकरण कार्य शुरू होगा। इस परियोजना की कुल लागत 2887.11 करोड़ रुपये होगी, जिससे कोडरमा से यात्री और मालगाड़ियों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। धनबाद रेल मण्डल के प्रधानघंटा कोडरमा से पहाड़पुर के बीच बन रहे फ्रंट कॉरिडोर कि समीक्षा की गई। सोननगर से अंडाल तक बन रहे फ्रंट कॉरिडोर की समीक्षा भी की गई। इसके पूरा होने से कोडरमा लॉजिस्टिक हब के रूप में उभर सकता है, जिससे इस क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियां और तेज होंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### डेंटल कॉलेज एवं मिशन होस्पिटल ने डेंटल स्क्रीनिंग कैंप का किया आयोजन



**हजारीबाग** : हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में सदर प्रखण्ड के सखिया स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल में डेंटल स्क्रीनिंग कैंप, अभिभावक परामर्श और स्कूल स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें निशुल्क दंत जांच, नेत्र जांच एवं सामान्य स्वास्थ्य की जांच बच्चों एवं जरूरतमंदों को किया गया। चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य देखभाल एवं उपचार पर परामर्श दिया गया। पेडोडोंटिक्स संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. स्वाति सिंह ने दांतों की देखभाल एवं उपचार पर परामर्श दी। दांतों में होने वाली गंभीर बिमारीयों को भी अवगत कराया। मिशन होस्पिटल के नेत्र विभाग राहुल कुमार के नेतृत्व में नेत्र स्क्रीनिंग कैंप किया गया। बच्चे एवं जरूरतमंदों का नेत्र का जांच हुआ। इस दौरान स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम में बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें 179 बच्चे, शिक्षक एवं जरूरतमंदों का जांच हुआ। मौके पर डेंटल कॉलेज के सचिव एवं मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि बुनियादी उपचार जरूरतमंदों को निशुल्क उपलब्ध कराना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना मुख्य उद्देश्य है। स्नातकोत्तर छात्रा डॉ. श्रेयशी सेठ, डॉ. अमित प्रकाश और डॉ. मंशी महाराज के अलावे प्रशिक्षु समीक्षा, प्रियांशु और अवनी सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना योगदान दिया। मौके पर लिटिल फ्लावर के प्राचार्य प्रवीण कुमार, उप प्राचार्य अनील कुमार, शिक्षक समीर अलाम, रोहित कुमार, उमेश कुमार यादव एवं विक्रम कुमार रविदास सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

### स्कूल की जमीन अतिक्रमण मामले में एसडीओ ने किया निरीक्षण



**कोडरमा** : अनुमंडल पदाधिकारी कोडरमा रिया सिंह ने गुरुवार को स्कूल की जमीन अतिक्रमण मामले में स्थलीय निरीक्षण किया। जिले के प्रखंड प्रमुख मरकच्चो ने सर्वोदय प्लस 2 उच्च विद्यालय की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर उपायुक्त कोडरमा मेधा भारद्वाज को एक आवेदन मंगलवार को सौंपा था। आवेदन में प्रमुख विजय कुमार सिंह ने कहा है कि मरकच्चो अंचल अंतर्गत मौजा मरकच्चो थाना नं0 141 में सर्वोदय प्लस +2 उच्च विद्यालय, कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, परियोजना उच्च विद्यालय, खेल स्टेडियम इत्यादि बने हुए हैं। उपरोक्त संस्थाओं का अपना जमीन भी है जिसका खाता पुराना 426 प्लॉट से पुराना 3596 है। माईनर सर्वे के पश्चात उपरोक्त का नया खाता 402 नया प्लॉट 6232 रकवा 7 एकड 03 डी० है। उपरोक्त जमीन खतियान में स्कूल दखल अंकित भी है। मरकच्चो प्रमुख के द्वारा सौंपे गये आवेदन के आलोक में गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी कोडरमा रिया सिंह ने उपरोक्त जमीन का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रमुख समेत दर्जनों प्रबुद्ध ग्रामीणों ने उक्त जमीन के कागजात भी दिखाए। निरीक्षण के बाद उन्होंने अंचलाधिकारी से उक्त जमीन पर सरकारी जमीन का बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। साथ ही बोर्ड पर सरकारी जमीन होने को लेकर खरीद बिक्री नहीं करने को अंकित कराने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि जमीन की बिक्री करने वाले तथा जमीन की खरीददारी करने वाले पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर प्रमुख विजय कुमार सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह, समाजसेवी रविशंकर तिवारी उर्फ मंटू, कैलाश यादव, विदेशी दास, अशोक दास, दिगम्बर सिंह, प्रयाग महतो, रविंद्र पांडेय, सकलदेव सिंह, दीपक राम, जय कुमार सिंह, अनेश्वर सिंह, शिव शंकर यादव, सदानद वर्मा, सरयू महतो समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### हिंसक झड़प के बाद हजारीबाग हुआ सामान्य, समाज के लोग आए आगे

**हजारीबाग** : हजारीबाग रामनवमी पर्व को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरे जोर-शोर से चल रही है विगत दिनों झंडा चौक के निकट हुए दो समुदाय के बीच हिंसक झड़प के बाद स्थिति सामान्य हो रही है। हजारीबाग में लोग घर से बाहर निकल रहे हैं। वही ईद का बाजार भी सज कर तैयार है। जनजीवन भी सामान्य हो रहा है। जिला प्रशासन की ओर से बैठकों का दौर भी जारी है आखिर यह घटना घटी क्यों इसे लेकर भी मंथन किया जा रहा है दोनों समाज के लोगों से वार्ता भी कि जा रही है हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह भी कहते हैं कि सभ्य समाज में इस तरह की घटना होना बेहद चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि शांति के साथ पर्व संपन्न हो यह सबसे जरूरी है। हजारीबाग के लोगों की जिम्मेवारी है कि वह ऐतिहासिक रामनवमी की विरासत को बचाए रखें ' उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि रामनवमी में सभी समुदाय के लोग राम भक्तों का स्वागत करते हैं उन्हें ठंडा पानी पिलाते हैं और माला भी पहनाते हैं इसके बावजूद इस तरह की घटना घटी जो खुद में कई सवाल खड़ा कर रहा है उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों के द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश की जाती है। इसको आम जनता को जागरुक होना चाहिए इस तरह की घटना की पुनार्वृति नहीं हो इसे लेकर सोचने की जरूरत है हजारीबाग बड़ा अखड़ा के महंत विजयानंद दास ने भी लोगों से अपील की है कि रामनवमी महापर्व की सुंदरता बरकरार रखें पर्व त्यौहार में अगर नशा प्रवेश करता है तो उसकी सुंदरता धूमिल हो जाती है राम भक्त मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम का जन्म उत्सव मनाते हैं। उनके आदर्श का भी ध्यान रखना चाहिए घटना घटने के बाद उसका बहुत ही बुरा प्रभाव पड़ता है। जो भी व्यक्ति इस तरह की घटना में सम्मिलित होते हैं उन पर कानूनी कार्रवाई भी होती है । उस व्यक्ति को भारी फजियत का सामना भी करना पड़ता है रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बसंत गोप ने भी कहा कि पिछले दिनों जिस तरह से घटना घटी है यह बेहद दुखद है आपस में सभी अखाड़ों को मिलकर यह सोचना होगा कि हजारीबाग की रामनवमी की भव्यता सुंदरता बरकरार रहे कोई भी व्यक्ति ऐसी घटना को अंजाम ना दे जो शांति व्यवस्था को धूमिल करता हो उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना करने के बाद सबसे बड़ा असर ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ रहा है लोग जुलूस देखने के लिए नहीं पहुंचते हैं दूसरे जिले से भी रामनवमी देखने वालों की संख्या घटी है इस कारण पर्व की सुंदरता बरकरार रखने के लिए हर एक वर्ग को आगे आने की आवश्यकता है। रामनवमी संरक्षण समिति के अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने भी कहा कि रामनवमी का इतिहास 100 वर्षों से भी अधिक पुराना है मंगलवार को जिस तरह से घटना घटी है वह इसके विरासत के लिए बुरा संदेश दे रहा है। समाज का हर एक तबका को आपस में मिलकर इस पर्व को मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह हम सभी की जिम्मेवारी है इस पर्व की भव्यता बरकरार रखे। सभ्य समाज में इस तरह का धार्मिक उन्माद बेहद खराब है। आगे उन्होंने कहा कि आने वाले समय में दो मंगल और भव्य रामनवमी जुलूस निकालने वाला है। इसके अलावा सरहुल और ईद का भी त्यौहार है।

## एक नजर

### कचरे के निस्तारण के लिए बनेगी राज्य सलाहकार समिति : सुदिव्य



रांची : राज्य सरकार कचरे के निस्तारण और पुर्नचक्रण के लिए राज्य स्तरीय सलाहकार समिति का गठन जल्द करेगी। यह बातें नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने जदयू विधायक सरयू राय की ओर से सवाल के जवाब में सदन में गुरुवार को कही। यह सवाल विधायक ने गैर सरकारी संकल्प के तहत अविस्ताव के माध्यम से पूछा था। मंत्री ने कहा कि राज्य में कचरों के पृथक्करण और पुर्नचक्रण की 10 प्रोसेसिंग यूनिट लगाई गई है। लोगों कचरों के पृथक्कारण को लेकर सरकार की ओर से जागरूकता नहीं लाई जा सकी है। उन्होंने कहा कि राज्य के अन्य नगर निकायों में कचरों की प्रो?सेसिंग यूनिट स्थापित करने को लेकर सभी जिलों के उपायुक्तों को जमीन चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है। वहीं इस मामले पर विधायक सरयू राय ने कहा कि राज्य सरकार के पास इससे संबंधित मद में 1114 करोड़ रुपये हैं, जिससे वह इस्तेमाल कर कचरे का निस्तातरण और पुर्नचक्रण तथा इससे संबंधित अन्य काम कर सकती है। मंत्री के जवाब से संतुष्ट होकर विधायक ने अविस्ताव को वापस ले लिया।

### अनिल टाइगर की हत्या पर विहिप-बजरंग दल का आक्रोश



रांची: विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने अनिल टाइगर महतो की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। विहिप-बजरंग दल के एक प्रतिनिधिमंडल ने हत्या के खिलाफ सरकार और प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। कांके प्रखंड स्थित उनके पैतृक गांव में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल हुए। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विश्व हिंदू परिषद झारखंड-बिहार के सहमंत्री डॉ. बिरेन्द्र साहु व बजरंग दल के प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने संयुक्त रूप से कहा कि अनिल टाइगर एक कर्मठ युवा, धार्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक कार्यकर्ता थे। इनकी हत्या सरकार एवं प्रशासन की लचर व्यवस्था और विफलता दर्शाती है। सरकार इस हत्याकांड का उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दे। विश्व हिंदू परिषद गोरक्षा प्रांत के उपाध्यक्ष गिरिजा शंकर पांडे, रांची विभाग सहमंत्री रोबिन कुमार महतो, रौशन चौधरी, रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता, सुशील पांडेय सहित अन्य ने भी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य अभियंता (निर्माण)एस, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डनरीच, कोलकाता-700043 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है। निविदा निर्धारित तारीख को दोपहर 12:00 बजे बंद कर दी जाएगी। ई-निविदा सूचना संख्या: 4562-जीआरसी-सीई-सी-एसओ-10-2025, दिनांक: 26.03.2025। कार्यों का संक्षिप्त विवरण: उप मुख्य अभियंता (निर्माण)/टाटानगर के अधिकार क्षेत्र के अधीन आरओएच शेड आदित्यपुर (झारखण्ड), दक्षिण पूर्व रेलवे के लिए आच्छादित आरओएच शेड एवं सिक लाइन शेड के विस्तार हेतु कम्पोजिट कार्य एवं नए सेवा भवन का निर्माण सहित विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का बीमांकन के साथ सभी सिविल, विद्युतीय, यांत्रिक, दूरसंचार कार्यों का प्रावधान एवं शुरुआत। अनुमानित लागत: ₹ 32.17 करोड़। बोली प्रतिभूति: ₹ 17,58,700। पूरा करने की अवधि: 12 महीने। बंद होने की तारीख: 22.04.2025। निविदा के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए, इच्छुक निविदाकार वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस मद के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। वि.द्र.: अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-1276)

# अनिल टाइगर की हत्या को लेकर भाजपा नेताओं ने विधानसभा में किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 20वें दिन की कार्यवाही शुरू होने से पहले भाजपा विधायकों ने नेता अनिल टाइगर की हत्या और राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में सदन के बाहर प्रदर्शन किया। भाजपा विधायक हाथों में तख्तियां लिये सदन के बाहर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तख्तियों पर हेमंत सोरेन हाय-हाय, अनिल टाइगर के हत्यारों को अविलंब फांसी दो, हेमंत सोरेन की सरकार हत्यारी, झारखंड में अपराधियों पर अंकुश कब लगेगा जैसे नारे लिखे थे।





### पहले अनिल टाइगर का मर्डर अब रांची पुलिस उनके चरित्र की कर रही हत्या : बाबूलाल

मौके पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने घटना को लेकर रांची पुलिस पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। मरांडी ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यह अपराध की पहली घटना नहीं है। रांची में लगातार अपराध हो रहे हैं और अपराधियों के जरिये लगातार हत्याएं की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि बुधवार की जो घटना है, वह देखकर हमलोग अचंभित हैं। अपराधियों ने भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या की और रांची पुलिस प्रशासन अब उनके चरित्र की हत्या कर रही है। पुलिस ने जो बयान घटना को लेकर दिए हैं, उसके बाद मैंने लोहरदगा जिले से भी तहकीकात की है तो कहीं भी दूर-दूर तक उस तरह की कोई बात या संबंध नहीं है। मरांडी ने कहा कि इससे आप समझ सकते हैं कि राज्य में किस प्रकार से पुलिस काम कर रही है, ताकि लोगों को भ्रमित और घटना को डाइल्यूट किया जा सके। इसी कोशिश में रांची पुलिस प्रशासन और झारखंड की पुलिस लगी हुई है। उन्होंने कहा कि हमें जो जानकारी मिली है उसके अनुसार जिस अपराधी ने कल भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या की, उसे जनता ने पीछा कर पकड़ा, लेकिन पुलिस इस तरह से बता रही है मानो इनाम और मेडल के लिए यह सब कर रही हो। इससे भद्दा मजाक और क्या हो सकता है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पुलिस राज्य में अपराध रोकने के लिए गंभीर नहीं है और सरकार किस प्रकार से काम कर रही है। यह सब उजागर हो रहा है। उन्होंने कहा कि इससे यह समझ में आता है कि अपराधियों से भी यह सरकार पैसे वसूल रही है। तभी अपराधी बेखौफ होकर राज्य में अपराध की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। मरांडी ने आरोप लगाया कि ऐसा लगता है कि सरकार का कहीं ना कहीं उन अपराधियों को संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने ने कहा कि कल की घटना और उसके बाद रांची के सीनियर एसपी और डीजी पुलिस पर कार्रवाई हो, क्योंकि इन लोगों के रहते मैं नहीं समझता हूं कि राज्य में विधि व्यवस्था की स्थिति ठीक हो सकती है। मरांडी ने कहा कि राज्य में बंद के समर्थन में स्वतः स्फूर्त बंद है, लेकिन पुलिस सुबह से ही बेवजह लोगों को हिरासत में ले रही है। उन्होंने कहा कि हमारे घर में भी आज कोई डीएसपी बेसरा आ गए थे और कहे कि आप निकलेंगे क्या। हमने कहा कि आज बंद है हम जरूर निकलेंगे तो विधानसभा तक पुलिस साथ आई। हमारी पार्टी के प्रवक्ता से बात हुई। उन्हें भी सुबह से जगन्नाथपुर थाना में रखा गया।

## भवनाथपुर में पावर प्लांट के लिए सरकार तलाशेगी जमीन : योगेंद्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** गढ़वा जिले के भवनाथपुर में पावर प्लांट के लिए राज्य सरकार नए सिरे से जमीन तलाशेगी। पावर प्लांट के लिए चार हजार एकड़ जमीन की जरूरत है। सरकार को इलाके के जिस क्षेत्र में संसाधन मिलेगा तो प्लांट की स्थापना किया जाएगा। यह बातें पेयजल स्वाच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कही। मंत्री ने गुरुवार को झामुमो के विधायक अनंत प्रताप देव के गैर सरकारी संकल्प के तहत पूछे गए सवाल का जवाब दे र?हे थे। मंत्री ने कहा कि प्लांट का शिलान्यास मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वर्ष 2014 में किया था। यहां सेल की 514 और 700 एकड़ गैर सरकारी जमीन लेकर प्लांट का निर्माण करना था, लेकिन सेल की जमीन खनिज की निकली। उन?होंने कहा कि इसे लेकर सरकार ने समिति गठित की है। मंत्री ने बताया कि जब राज्य



सरकार ने पावर प्लांट लगाने की प्रक्रिया का शुरू किया तो केंद्र सरकार ने प्लांट के लिए आवंटित कोयले के खान को रद्द कर दिया। केंद्र का यह कदम झारखंड के साथ नाइंसाफी है। वहीं विधायक ने मंत्री से इस मामले पर केंद्र सरकार पुनः प्रस्ताव भेजने का आग्रह किया। इस पर मंत्री ने विधायक को प्रस्ताव भेजने को लेकर आश्वस्त किया। इसके बाद विधायक ने अविस्ताव को वापस ले लिया।

**जनजातीय भाषा के शिक्षकों की होगी नियुक्ति : रामदास**

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि सरकार राज्य के जनजातीय भाषाओं के संरक्षण को लेकर कटिबद्ध है।

## डीएसपीएमयू अखड़ा परिसर में सरहुल पूर्व संध्या महोत्सव की धूम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के अखड़ा परिसर में गुरुवार को आदिवासी छात्र संघ के बैनर तले भव्य सरहुल पूर्व संध्या महोत्सव का आयोजन हुआ। इस रंगारंग उत्सव में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों समेत दस आदिवासी छात्रावासों के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। महोत्सव की शुरूआत पांच जनजातीय और चार क्षेत्रीय भाषाओं के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से सरना प्रार्थना सभा के आयोजन से हुई। इस दौरान छात्रों ने पारंपरिक वेशभूषा में पहनकर महोत्सव की रौनक बढ़ाइ। छात्रों ने सफेद कुर्ता और लाल-सफेद रंग की बंडी पहनी थी, जबकि छात्राओं ने लाल पाड़ साड़ी, पैरों में घुंघरू, हाथों में चंदवा और बालों में गुलाब के



फूल व गजरा सजाकर पारंपरिक सौंदर्य का अद्भुत नजारा पेश किया।

**हमारी परंपराएं ही हमारी पहचान : वीसी**

मुख्य अतिथि कुलपति तपन कुमार साडिल्य ने महोत्सव में शिरकत करते हुए कहा कि आदिवासी समुदाय की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमारी परंपराएं ही हमारी पहचान हैं। जिन्हें हमें युवा पीढ़ी के बीच साझा करना होगा। इस अवसर पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष कुमार राजा, एंजल मरिना तिर्की, सुशील उरांव, विवेक तिर्की, नरेश पाहन और शीतल टोप्पो सहित समेत कई लोग उपस्थित रहे। इस दौरान वीसी मांदर बजाया और नृत्य भी किए। महोत्सव में विद्यार्थियों ने सामूहिक और एकल गीतों की मनमोहक गीत प्रस्तुति दी। इसमें मुंडारी, कुड़ुख, हो, संथाली और खड़िया भाषाओं के लोक गीत गूंजे, तो वहीं नागपुरी गीतों ने समां बांध दिया।

## राजनितिक दल बूथवार अपने बुथ लेवल एजेंट अवश्य नियुक्त करें : के. रवि कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों का अनुपालन करते हुए निर्वाचन संबंधी विषयों पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक की गई है। उक्त बैठक में राजनीतिक दलों के सुझाव लिए गए। वर्तमान में कानूनी प्रावधानों के अनुसार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के सुझावों पर क्रियान्ववयन हेतु कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बैठक में खास तौर पर मतदान केंद्रों के रिलोकेशन को कम करते हुए इसे शून्य करने की दिशा में सुझाव प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों



के प्रतिनिधियों द्वारा ऐसे मतदाताओं का नाम नजदीकी मतदान केंद्रों की मतदाता सूची में अंकित करने का सुझाव दिया गया जिनके नजदीक में मतदान केंद्र होते हुए भी उन्हें दूर के मतदान केंद्र पर अपने मत का प्रयोग करने के लिए जाना पड़ता है। श्री के. रवि कुमार गुरुवार को निर्वाचन सदन में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे थे। श्री के. रवि कुमार ने बैठक में राजनीतिक दलों के जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे बुथ लेवल एजेंट के चुनाव संबंधी ज्ञान संवर्धन एवं उनके द्वार बीएलओ के कार्य में सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि राजनितिक दल बूथवार अपने बुथ लेवल एजेंट अवश्य नियुक्त कर लें साथ ही चुनाव आयोग द्वार बताए गए दिशा निदेर्शों से उन्हें ससमय अवगत भी कराते रहें।

## विधि व्यवस्था को दुरुस्त करें नही तो अपना इस्तीफा दें सीएमः नायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** गुरुवार को रांची बंद और युवा नेता सह जनप्रतिनिधि अनील टाइगर की दिन दहाड़े हत्या एंव संपूर्ण झारखंड मे प्रतिदिन हो रही हत्या तथा राज्य मे विधि व्यवस्था फेल होने पर अपनी प्रतिक्रिया मे कही। इन्होने आगे कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है और ,अपराधियों के हवाले राज्य की जनता हो चुकी है जिस कारण ही हत्याओं का दौर चल पड़ा है आए दिन हत्याएं हो रही है और पुलिस प्रशासन सिर्फ बयान बाजी कर बोल बच्चन की भूमिका मे नजर आ रहे है। आम जन दहशतगरदी मे जिने को मजबुर है। श्री नायक ने अनिल टाइगर की हुइ हत्या पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है और राज्य अपराधियोंझमाफिया के हवाले हो चुका है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को झारखंड के दलित आदिवासी पिछड़े मूलवासी समाज के लोगो की हो रही हत्याओं एवं उनके जान माल की कोई चिंता नहीं है। जब राज्य की जनता ही सुरक्षित नहीं तो ऐसी सरकार को सत्ता मे बने रहने का नैतिक अधिकार नही है। अब तो ऐसा लगता है कि झारखंड की जनता का अब भगवान ही मालिक है। श्री नायक ने आगे यह भी कहा कि राज्य मे गिरती विधि व्यवस्था के कारण अपराधियों एवं दंगाईयों का मनोबल बढ़ा है और आज राज्य में अब कोई भी अपने को सुरक्षित महसुस नही कर पा रहा है। अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि कांके थाना से थोड़ी दूर पर ही अपराधी दिन दहाड़े एक राजनीतिक नेता की हत्या कर दी जा रही है।

# केंद्रीय सरना समिति ने राज्यपाल से मुलाकात कर की सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप हटाने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सिरमटोली फ्लाईओवर के रैंप को 6 मीटर पीछे करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। वहीं इस बीच केंद्रीय सरना समिति अध्यक्ष बबलू मुंडा के नेतृत्व में गुरुवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। समिति ने राज्यपल से मिलकर सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप को हटाने की मांग वाला ज्ञापन सौंपा। समिति ने मांग की है कि सिरमटोली स्थित केन्द्रीय सरना पूजा स्थल के मुख्य द्वार के सामने बन रहे फ्लाईओवर रैंप के कारण आवागमन का रास्ता अत्यधिक संकीर्ण हो गया है। जबकि सरहुल शोभायात्रा में लाखों सरना



धर्मावलंबी शामिल होते हैं। फ्लाईओवर के रैंप बनने से सिरमटोली सरना स्थल के मुख्य द्वार के सामने 12-14 फीट चौड़ाई ही बचती है। फ्लाईओवर रैंप का निर्माण कार्य अविलंब रोका जाए

समिति ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि फ्लाईओवर रैंप का निर्माण कार्य अविलंब रोका जाए और रैंप को सिरमटोली चौक जयपाल सिंह मुंडा चौक के पार उतारा जाए, ताकि सरना स्थल जाने का मुख्य मार्ग बाधित न हो। इस दौरान केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा के साथ मुख्य पहान जगलाल पहान, सूरज टोप्पो, शोभा कच्छप, किरण तिर्की, जगरनाथ तिर्की, महादेव उरांव, सुरेंद्र लिंडा, मुकेश मुंडा, मुन्ना, गुड्डू मुंडा, मोहन तिर्की, मन्ना हेमरोम समेत अन्य शामिल थे।

### सिरमटोली फ्लाईओवर का विवाद सुलझा रैंप 6 मीटर पीछे हटाया गया

**रांची :** राजेंद्र चौक से लेकर सिरमटोली फ्लाईओवर के रैंप को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद को गुरुवार को सुलझा लिया गया। काम कर रहे कर्मियों ने बताया कि सिरमटोली फ्लाईओवर के रैंप को 6 मीटर पीछे कर दिया गया। रैंप के किनारे लगाया गया 10 डेक प्लेन को उखाड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस घटना से एक दिन पहले, बुधवार को रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने सिरमटोली सरना स्थल का निरीक्षण किया था और रैंप का माप लिया था। इस दौरान आदिवासी समाज के लोगों ने कहा कि फ्लाइओवर के रैंप के कारण सरना स्थल प्रभावित हो रहा था। जिसे लेकर सरना समाज लंबे समय से आपत्ति जता रहा था। आदिवासी संगठनों ने रांची बंद बुलाया था रैंप को लेकर कई बार आदिवासी समाज आमने सामने हो चुके थे।

## संक्षिप्त खबरें

### 3 से 12 तक हटिया-1 ग्रिड सब स्टेशन में होगा मरम्मति कार्य, बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित



**रांची :** झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड ने नोटिस जारी कर कहा है कि तीन से 12 अप्रैल तक 132/33 केभी ग्रिड सब स्टेशन हटिया-1 में स्थित 50 एमवीए पावर ट्रांसफर नंबर 1 का मरम्मति कार्य कराना अति आवश्यक है। इस कारण 132/33 केभी ग्रिड सब स्टेशन हटिया-1 से निकलने वाली फीडरों से उक्त समय तक बिजली आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। राजभवन, हरमू, रातू, ब्रांबे, विधानसभा और बेड़ो में आंशिक रूप से बिजली कटेगी बिजली विभाग ने बताया है कि इस मरम्मति कार्य के कारण राजभवन, हरमू, रातू, ब्रांबे, विधानसभा और बेड़ों में आंशिक रूप से बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग ने किसी भी तरह की शिकायत के लिए 18003456570 पर कॉल करने को कहा है।

### झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि



**रांची :** झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने राजीव गांधी वरिष्ठ नागरीक पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात उन्होंने राजीव गांधी पार्क के संस्थापक सदस्य गोपाल झा को भी श्रद्धांजलि दी। के. राजू ने राजीव गांधी के योगदान को सराहा के. राजू ने मीडिया कर्मियों से बात करते हुए कहा कि राजीव गांधी का योगदान भारतीय लोकतंत्र और आधुनिक भारत के निर्माण में अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के प्रयासों से भारत ने डिजिटल टेक्नोलॉजी और टेलीकम्युनिकेशन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर एक पहचान बनाई और भारत को विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर किया। के. राजू ने संगठन की मजबूती पर चर्चा की के. राजू ने एचईसी निर्माण के बाद राष्ट्र निर्माण में कर्मचारियों की भूमिका पर चर्चा करते हुए वरिष्ठ कर्मचारियों के साथ संवाद किया एवं एचईसी की वर्तमान स्थिति पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया एवं जानकारी हासिल की। इसके बाद उन्होंने एनएसयूआई के पूर्व पदाधिकारियों से मुलाकात कर संगठन की मजबूती पर चर्चा की।

### सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में फ्री हेल्थ चेकअप कैंप लगा



**रांची :** समाज के उपेक्षित और असहाय लोगों को समर्पित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में गुरुवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। आश्रम में रह रहे मंदबुद्धि, दिव्यांग एवं असहाय लोगों की स्वास्थ्य जांच न्यूरो सर्जन डॉ. एचपी नारायण द्वारा की गई। इस अवसर पर डॉ. नारायण ने सभी की स्वास्थ्य की जांचकर आवश्यक दवाएं निःशुल्क वितरित कीं। इसके साथ ही उन्होंने निरोग रहने के लिए आवश्यक सावधानियों और देखभाल की महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की। डॉ. नारायण ने आश्रम के स्वच्छ और सकारात्मक वातावरण की सराहना करते हुए इसे असहाय लोगों के लिए सेवा का मंदिर बताया। उन्होंने इस पवित्र सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे हर महीने दो बार आश्रम में आकर सभी का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। इस दौरान एमआरएस कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, नंद किशोर चौधरी और अशोक ठाकुर भी उपस्थित थे। इन्होंने शिविर के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। आश्रम के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य में यह आश्रम झारखंड का पहला पीड़ित मानव सेवा तीर्थ बनने की राह पर अग्रसर है। यहां उन असहाय, लाचार और बेसहारा लोगों को आश्रय दिया जाता है, जो परिवार से बिछड़कर सड़क, अस्पताल, बस स्टैंड या रेलवे स्टेशन पर दर-दर भटकने को मजबूर होते हैं। 37 निराश्रितों की सेवा में समर्पित अपना घर आश्रम वर्तमान में आश्रम में 37 मंदबुद्धि, दिव्यांग और निराश्रित लोगों की देखभाल की जा रही है। आश्रम प्रशासन, स्थानीय प्रशासन और समाज के प्रबुद्धजनों के सहयोग से इन जरूरतमंद लोगों को सम्मानजनक जीवन देने का प्रयास कर रहा है। सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम की यह अलौकिक सेवा यात्रा समाज के लिए एक प्रेरणा है और यह संदेश देती है कि मानवता की सच्ची सेवा ही ईश्वर की सेवा है।

### ईद, सरहुल और रामनवमी पर जिले में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का अवकाश रद





**रांची :** रांची जिले में ईद, सरहुल और रामनवमी पर्वों के दौरान शांति और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी पदाधिकारी और कर्मियों का अवकाश रद्द कर दिया गया है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में कार्यरत कर्मियों और अधिकारियों को इस अवधि में ड्यूटी पर बने रहना होगा। यदि किसी विशेष परिस्थिति में अवकाश की आवश्यकता होगी, तो उसे उपायुक्त की अनुमति से ही स्वीकृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ईद, सरहुल और रामनवमी रांची जिले में बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाए जाते हैं। इन पर्वों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पर्वों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें।

## एक नजर

### परिवहन सह हथालन अभिकर्ता के विरुद्ध बेरमो थाने में प्राथमिकी दर्ज

**बोकारो** : जन वितरण प्रणाली दुकान का खाद्यान्न चावल 55.35 क्विंटल में से कुल 1.59 क्विंटल चावल चोरी कर बेचने का मामला प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक बेरमो एसएफसी श्री नित्यानंद महतो ने बेरमो थाना में परिवहन सह हथालन अभिकर्ता कमल प्रसाद एवं ट्रैक्टर वाहन सं- जे एच 9 ऐ एफ-4503 के चालक सीताराम तुरी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। प्राथमिकी को लेकर दिए आवेदन में प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक ने द्वय पर स्टेट फूड कॉरपोरेशन बेरमों गाँधीनगर से निर्गत जन वितरण प्रणाली दुकान रेजिस्ट्रशन नं0-22/84 का खाद्यान्न चावल 55.35 क्विंटल में से कुल 1.59 क्विंटल चावल चोरी कर बेचने की बात कहीं है।
क्या है मामला सुदेश साव के जन -वितरण प्रणाली दुकान रेजिस्ट्रशन नं0-22/84 का खाद्यान्न चावल 55.35 क्विंटल को सुदेश साव के समक्ष दिया गया। इसके बाद परिवहन सह हथालन अभिकर्ता कमल प्रसाद के द्वारा उक्त चावल को ट्रैक्टर वाहन सं0- जे एच 9 एएफ - 4503 के चालक सीताराम तुरी के साथ भेजा गया था।
कुछ देर बाद प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी बेरमो के द्वारा फोन कर सूचना दिया कि जन वितरण प्रणाली का चावल का दो-तीन बोरी किसी होटल में उत्तारा गया है। तदोपरांत उक्त ट्रैक्टर को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा ओभर ब्रिज फुसरो के पास पकड़े तथा पुछ-ताछ हेतु प्रखण्ड कार्यालय बेरमो लाया गया। वहीं,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी बेरमो के निदेर्शानुसार उक्त चावल लदे ट्रैक्टर, चालक एवं श्री प्रदीप यादव जनसेवक बेरमो के साथ डिलर सुदेश साव की उपस्थिति में उनके दुकान पर उक्त चावल का वजन कराया गया,तो निर्गत मात्रा से 1.59 क्विंटल चावल कम पाया गया। इस संबंध में चालक सीताराम तुरी एवं परिवहन सह हथालन अभिकर्ता कमल प्रसाद से पूछा गया। लेकिन, कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

### चार दिवसीय अखंड श्री राधा गोविंद नाम संगकीर्तन का हुआ आयोजन

**धनबाद**: सरायढेला चुना गोदाम स्थित मनीन्द्र नगर में 4 दिवसीय अखण्ड राधा गोविन्दा नाम संग कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कोयलानगर स्थित दुगार्मंदिर के पुजारी ब्रह्माचार्य श्री हरिभजन गोस्वामी के नेतृत्व में हो रहा है। यह कार्यक्रम चार दिवसीय है। इस कार्यक्रम का समापन 29 मार्च को संपन्न होगा। कार्यक्रम समापन के पूर्व शनिवार को दिन के 11 बजे भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया जायेगा। इस अखण्ड संगकीर्तन को सफल बनाने के लिए बांकुड़ा से महाराज श्री षष्टी पद गोस्वामी तथा भजन मण्डली आई हुई है । हरिकीर्तन के मंत्रोच्चारण के नारे से पूरा वातावरण भक्तिमय में डूबा हुआ है। बूढ़े-जवान यहां तक की युवा पीढ़ी से लेकर बच्चों को भी हरिकीर्तन के रस में डूब गए हैं। हरिकीर्तन में एक से बढ़कर एक कलाकारों ने कई धुनों पर उच्चारण किया। हरिकीर्तन में आसपास के लोगों की भीड़ उमड़ी हुई रहती है। पुरोहित ने बताया कि हरिकीर्तन के आयोजन से लोगों की सुख, शांति, समृद्धि, बारिश तथा भक्तों के मन को शांति के साथ घरों में खुशहाली के लिए की जा रही है। अखंड हरिकीर्तन से पूर्व पूरा परिसर को विशेष साज-सज्जा की गई। इस मौके पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण भी किए गए। मौके पर श्यामल दत्ता, सुजन दत्ता, सांतनु सेनगुप्ता, अशोक पाल, सुरोजित राय एवं अपूर्वा सरकार सहित कई भक्तगण मौजूद थे।

# निर्धारित रूट व तय समय पर ही निकालें रामनवमी जुलूस : एसडीएम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : रामनवमी, ईद और चैती दुर्गा पूजा को लेकर गुरुवार को कसमार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ ने की, जबकि संचालन कामरेड शकुर अंसारी ने किया। बैठक में एसडीओ मुकेश मछुआ ने कहा कि रामनवमी जुलूस परंपरागत रूट और तय समय पर ही निकाला जाएगा। यदि जुलूस मस्जिद या इमामबाड़ा से गुजरता है, तो नमाज अदा के दौरान शांति बनाए रखना अनिवार्य होगा ताकि किसी भी समुदाय को असुविधा न हो। एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने लोगों से सोशल मीडिया पर अफवाह न फैलाने की अपील की और कहा कि प्रशासन सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखेगा। किसी भी सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने वाले पोस्ट या वीडियो पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि कसमार प्रखंड में कुल 10 लाइसेंसी और 3 गैर-लाइसेंसी अखाड़े हैं। सभी अखाड़ा समितियों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। बैठक में सोनपुरा, दांतू, गर्री, कसमार, मधुकरपुर, चंडीपुर, बरईकला, मंजूरा, बगदा, खैराचातर, सिंहपुर आदि जुलूस समितियों के लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में मौजूद हिंदू और मुस्लिम समुदाय के गणमान्य लोगों ने शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से रामनवमी, ईद और चैती दुर्गा पूजा मनाने की सहमति जताई। बैठक में मुख्य रूप से एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, जरीडीह सर्किल इंस्पेक्टर मुकेश कुमार पांडेय, प्रमुख नियोति कुमारी, बीडीओ नम्रता जोशी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम, मुखिया सुमित्रा कुमारी, राजेंद्र प्रसाद महतो, विजय जायसवाल, अमरेश कुमार महतो, पंसस बिनोद कुमार महतो, इंद्रजीत पांडेय, विमल जायसवाल, रामसेवक जायसवाल, सूरज जायसवाल, सामाजिक कार्यकर्ता संजय महतो, मधुकरपुर लालदेव महतो, छोगालाल सिंह, शेखावत अंसारी, सोहेल अंसारी, राजू महतो, कपिल रजक, फारूक अंसारी, शिशुपाल महतो, द्वारिका प्रसाद महतो, सनातन महतो, बानेश्वर महतो, मेहरूल होदा, प्रताप सिंह, सुल्तान अंसारी, बिरु फांसी, सूरज साव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## महिला पर्यवेक्षिकाओं-सेविकाओं को उपायुक्त ने बांटी मोबाइल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : समाहरणालय सभागार में उपायुक्त विजया जाधव ने बुधवार को समाज कल्याण निदेशालय से महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं सेविकाओं के लिए उपलब्ध कराएं मोबाइल का वितरण किया। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री पियुष, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, एलडीएम अबिद हुसैन, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, यूआइडी डीपीओ शैलेंद्र मिश्रा आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने क्रमवार सभी परियोजनाओं के एक महिला पर्यवेक्षिकाओं सेविकाओं को सांकेतिक रूप से समाज कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध मोबाइल, चार्जर, टैंपर्ड ग्लास आदि वितरण किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि एलएस एवं सेविका इसके पीछे सरकार की मंशा को समझना होगा। कई डाटा को अपडेट/अपलोड करने में आ रही समस्याओं को देखते हुए सरकार ने सभी महिला पर्वेक्षिकाओं/सेविका को मोबाइल फोन देने का निर्णय लिया है, सरकार वार्षिक मोबाइल रिचार्ज की राशि भी क्रमशः 2000, 1500 उपलब्ध करा रही है, इस वर्ष की राशि भी सभी को भुगतान कर दी गई है। इसलिए अपने कार्य दायित्व को सही से निर्वहन करें।

## ईद के मौके पर बाजारों में खरीदारी की धूम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : रमजान माह अंतिम दौर में चल रहा है। कुछ दिन बाद ईद उल फितर का त्योहार मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में खासा उत्साह दिख रहा है। इनकी खुशियों में चार चांद लगाने के लिए बाजार भी सज चुका हैं। ऐसे में कपड़ा बाजार से लेकर जूते-चप्पल की दुकानें, कास्मेटिक की दुकानें गुलजार हैं। देर शाम तक बाजारों में रौनक दिखाई दे रही है। शहर के अलावा गांव के बाजारों में भी ईद को लेकर काफी रौनक है। छोटी से लेकर बड़ी दुकानों में लोग मनपसंद सामान की खरीदारी कर रहे हैं। ऐसे में बच्चे भी काफी उत्साहित दिखाई दे रहें हैं। वह भी अपनी पसंद के कपड़े, जूते व चप्पल के साथ अन्य सामान को खरीद रहे हैं। वहीं महिलाएं व युवतियां सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर उमड़ी रही हैं।

**सेवई के साथ सूखे मेवे की बढ़ी खरीदारी**

ईद के मौके पर बननेवाले पकवानों के लिए सेवई, सूखे मेवे समेत अन्य खाने-पीने की खरीदारी भी जोरों पर है। बाजार में सूतफेनी, सेवई और मेवे की मांग तेज है। स्वाद और गुणवत्ता के के आधार पर इनके दाम भी अलग-अलग हैं। कई रंगों और प्रकार की सेवई लुभाने के लिए सज गई हैं। इस बार बाजार में करीब आठ प्रकार सेवइयां हैं। ईद को लेकर कुर्ता पायजामा की बिक्री तेजी पर है। कुछ रेडीमेड पसंद कर रहे हैं तो कुछ कपड़ा खरीदकर सिलवाने को दिए हैं। रेडीमेड व अन्य कपड़ों की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। टेलर की दुकानों में कपड़े सिलवाने के लिए भीड़ उमड़ रही है।

## ठेकाकर्मियों से पैसा वापस लेने के खिलाफ सल्फेट प्लांट मे हड़ताल : बिके चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो** : प्लांट मे कार्यरत ठेकाकमीर्यों से बेतन मे से 30% से 50 % तक पैसा वापस लेने और नही लौटाने पर गेट पास रोकने के अमानवीय बढ़ते परम्परा के सवाल पर आज जय झारखंड मजदूर समाज कार्यालय सेक्टर-9 मे महामंत्री बि के चौधरी के अध्यक्षता मे आकस्मिक बैठक हुई जिसमे बक्तायो ने इन सबालों को लेकर खासकर कोक ओवेन एन्ड कोक केमिकल बिभाग के सल्फेट प्लांट मे वहां के महाप्रबंधक के द्वारा खुलमखुल्ला मजदूरों को पैसा लोटाने के लिए धमकी देना और नहीं लोटाने पर गेट पास रोक देने का काम हो रहा है । महामंत्री बि के चौधरी ने सभी बक्ताओं को सुनने के पश्चात अपने सम्बोधन मे कहा कि एक तरफ बोकारो स्टील प्रबंधन अपील पत्र निकालकर मजदूर, युनियन, इन्जीनियर इन्चार्य और संबेदक को इस अमानवीय कार्य को रोकने का दिशा निर्देश देता है वहीं इसके बिपरीत सल्फेट प्लांट मे पैसा नही लोटाने बाले का गेट पास रोका गया है इतना हीं नही जो मजदूर 10 बर्षों से एस्किल्ड पद पर काम करते आया है उसको सेमी स्किल्ड मे पास बनाना भी दुर्भाग्यपूर्ण है जो सल्फेट प्लांट मे हो रहा है । इन सबालों को लेकर सल्फेट प्लांट के महाप्रबंधक से अनेको बार मिलकर इन कुकृत्य को रोकने पर बार्ता भी हुआ है लेकिन आदत से मजबूर महाप्रबंधक पर कोई असर नही हो रह है बल्कि अपने को उच्चतम अधिकारी से सम्बन्ध होने का भी दावा किया जा रहा है जिसे गरीब असहाय मजदूरों के लिए लड़ने बाला जय झारखंड मजदूर समाज कभी बर्दास्त नही कर सकता है इसलिए 02/04/2025 को कोक ओवेन एन्ड कोक केमिकल बिभाग के बिभागाध्यक्ष कार्यालय के समक्ष बिशाल प्रदर्शन के माध्यम से दिनांक-17/04/25 के प्रथम पाली से दिनांक-18/04/25 के रात्री पाली तक सल्फेट प्लांट मे दो दिवसीय हड़ताल का नोटिस देकर सल्फेट प्लांट का चक्का जाम किया जायगा जिसके लिये वहां का मजदूर कृतसंकल्पित हो चूका है।

## दो दिवसीय सुरक्षा जागरूकता पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : बीएसएल के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में संयंत्र के अधिकारियों के लिए दो दिवसीय सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 27 एवं 28 मार्च को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम मे लगभग चालीस अधिकारी विभिन्न विभागों से शामिल हो रहे हैं तथा फैकल्टी के रूप मे वैसे अधिकारी योगदान कर रहे हैं जिन्होंने पूर्व में मेसर्स एएसके इएचएस का ट्रेन द ट्रेनर प्रशिक्षण प्राप्त किया हुआ है। इस कार्यक्रम में कुल आठ सत्रों में बीआईपी, आरसीए, सीएसएसए, आरएसएम, इलेक्ट्रिकल सेफ्टी, बो टाई, कवच पर प्रशिक्षण शामिल है। कार्यक्रम के उदघाटन सत्र मे मुख्य महाप्रबंधक वी के सरतापे एवं महाप्रबंधक डी आर टोप्पो उपस्थित थे। सर्वप्रथम कनीय प्रबंधक श्री एस के डी भौमिक ने सभी प्रतिभागियों तथा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। श्री सरतापे ने प्रतिभागियो को सुरक्षा शपथ दिलाई तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा के विषय में अपने विचार रखे। उन्होंने प्रतिभागियों से अपने लर्निंग पॉइंट दूसरे सहकर्मियों से साझा करने की अपील की। श्रीमती टोप्पो ने भी प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम से लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम के आयोजन मे वरीय ओपरेटिव राकेश कुमार, इंस्ट्रक्टर कौशलेन्द्र प्रताप सिंह तथा अर्जुन प्रसाद बाउरी का योगदान सराहनीय रहा।

# अमृत स्टेशन योजना के तहत बोकारो स्टील सिटी स्टेशन का होगा पुनर्विकास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो** : स्टील सिटी स्टेशन भारतीय रेलवे के माल परिवहन और यात्री परिवहन क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है, क्योंकि यह देश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में से एक की सेवा करता है। इस स्टेशन को भारतीय रेलवे द्वारा अमृत स्टेशन योजना के तहत चुना गया है और इसे विश्व स्तरीय स्टेशन के रूप में पुनर्विकसित किया जाएगा। दक्षिण पूर्व रेलवे के चारों मंडलों में पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा राज्यों के कुल 72 स्टेशनों को इस योजना के अंतर्गत पुनर्विकास के लिए चिन्हित किया गया है। बोकारो स्टील सिटी, दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल का एक प्रमुख स्टेशन है। यह बोकारो शहर और उसके आसपास के खनिज संपदा से भरपूर क्षेत्रों की सेवा करता है। यह स्टेशन बड़ी आबादी को सेवा प्रदान करता है और महत्वपूर्ण रेल मार्गों से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। इसके आसपास बोकारो स्टील प्लांट, थर्मल पावर प्लांट, सीमेंट फैक्ट्रियां आदि बड़ी औद्योगिक इकाइयां स्थित हैं। इसके अलावा, बोकारो में एक प्रमुख माल लदान यार्ड भी है।

**स्टेशन पुनर्विकास की विशेषताएं**

नए स्टेशन भवन का निर्माण एक प्रतिष्ठित समकालीन शैली में किया जाएगा। स्टेशन प्लाजा में पर्याप्त पार्किंग सुविधा और मल्टी-मोडल एकीकरण होगा, जिससे यातायात का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित किया जा सकेगा। स्टेशन पर यात्रियों के लिए विश्व स्तरीय सुविधाओं से युक्त एक विशाल कॉनकोर्स बनाया जाएगा, जिसमें खुदरा स्टोर, कैफेटेरिया, आरामदायक प्रतीक्षा क्षेत्र, कार्यकारी लाउंज आदि की सुविधा होगी। स्टेशन को बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, डिजिटल साइनबोर्ड और डिस्प्ले सिस्टम से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे यात्रियों को यात्रा संबंधी सभी आवश्यक जानकारी आसानी से मिल सके। यात्रियों की सुविधा के लिए फुट ओवरब्रिज, लिफ्ट और एस्केलेटर लगाए जाएंगे। इसके अलावा, स्टेशन में दिव्यांगजनों के लिए अनुकूल सुविधाएं, निःशुल्क वाई-फाई, अग्निशमन प्रणाली, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए वन स्टेशन वन प्रोडक्ट कियोस्क आदि की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बिना ड्राइवर के बस ने कई वाहनों और एक घर को मारी टक्कर



**धनबाद** : गुरुवार को बंगाल से गाजीपुर आ रही एक बस नंबर Jh10AV 7781 का चालक चाय पीने के लिए गाड़ी आकाश किनारी कांटा घर से कुछ दूरी पर रोकने के बाद हादसा हो गया। बस के चालक द्वारा गाड़ी रोके जाने के बाद, खलासी गाड़ी के अंदर सो रहा था और बस बिना ड्राइवर के ढलान पर आगे बढ़ने लगी। बस करीब 1 किलोमीटर तक बिना काबू के चली और एक सड़क लाइट पोल, बाइक और एक घर से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार विजय बहादुर यादव थे, हादसे के बाद, बस को हाइड्रा से निकालने के दौरान एक और बाइक बस की चपेट में आ गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाई और बस को साइड करने के दौरान की गई मदद से किसी और बड़ा नुकसान से बचाव हुआ। गाड़ी के ढलान पर जाने के कारण इस हादसे ने इलाके में सनसनी फैला दी। कतरास थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। थोड़ी सी लापरवाही के कारण यह घटना घटी। इसी लिए कहा जाता है कि सावधानी हटी दुर्घटना घटी।

### रामनवमी, ईद व सरहुल को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**धनबाद** : गुरुवार को तेतुलमारी थाना परिसर में रामनवमी ईद व सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता तेतुलमारी थाना प्रभारी सत्येंद्र यादव के नेतृत्व में हुई। बैठक में पुलिस अधिकारी, समाजसेवी, बुद्धजीवी व शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे। बैठक में सदस्यों ने अपना अपना विचार रखे। शांति पूर्ण से पर्व मानने में साथ दे। इस पर थाना प्रभारी ने जनता से भी अपील की है क्षेत्र में अफवाह फैलाने वाले को खैर नहीं। मौके पर पूर्व पार्षद बिरजू बाउरी, शिव प्रसाद महतो, चंदन महतो, पंकज सिंह, मनोज निषाद, सुनील निषाद, घलतू त्रिगुणायत, सहित अन्य लोग उपस्थित थे। बैठक की संचालन मदन ठाकुर ने किया।

### चिन्मय विद्यालय बोकारो में बाल विहार कैंप ग्लिटर का हुआ सफल आयोजन



**बोकारो** : चिन्मय विद्यालय बोकारो के तपोवन सभागार एवं प्रार्थना सभागार में कक्षा तृतीय से पांचवी के छात्र छात्रों के लिए दो दिवसीय बाल विहार शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में चिन्मय विद्यालय के कक्षा 3 से 5वीं तक के 120 छात्र-छात्राओं ने पूरे उमंग के साथ भाग लिया। शिविर का शुभारंभ विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी, विद्यालय प्राचार्य सूरज शर्मा, एवं उप्राचार्य नरेंद्र कुमार ने मंत्र उच्चारण के साथ दीपप्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात चिन्मय विद्यालय के संगीत विभाग द्वारा गणेश वंदना से सभी का स्वागत किया गया । प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि शिविर में बच्चों को शारीरिक व्यायाम , के साथ-साथ रोचक गतिविधियां के माध्यम से उन्हें तन और मन दोनों से स्वस्थ बनते हैं। इससे बच्चों के संपूर्ण व्यक्तित्व में विकास होता है । इस शुभ अवसर पर सचिव महेश त्रिपाठी ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें हर एक के साथ तालमेल मिलाकर चलने में इस तरह का बाल विहार कैंप बहुत ही सहयोगी साबित होते हैं। विद्यार्थियों को कक्षा में पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से दैनिक जीवन में उपयोग आने वाली कई एक्टिविटी का प्रशिक्षण दिया जाता है। बच्चों को वेजिटेबल आर्ट, कप पिरामिड, रिवर बैंक, राजमा इन बंगाल, क्राफ्ट फोटो फ्रेम, क्राफ्ट पेन होल्डर, रामनवमी पर आधारित चित्रकला, म्यूजिकल चेयर, वॉल इन बकेट, रिवर्स स्पून एंड मार्बल, ग्रेव द वाटर, भजन गायन के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण रोचक एक्टिविटी करवाई गई। सभी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### बोकारो के मजदूर मैदान में राम कथा कार्यक्रम शुरू



**बोकारो** : गुरुवार से 4 अप्रैल तक होने वाली राम कथा कार्यक्रम की शुरूआत आज से हो गई है यह कार्यक्रम बोकारो के मजदूर मैदान में आयोजित किया जा रहा है विश्वविख्यात राम कथा वाचक पूज्य श्री राजन जी महाराज के द्वारा राम कथा का वर्णन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 9 दिन तक चलेगा और लाखों श्रद्धालु इस पवित्र अवसर का हिस्सा बनें, आज पहला दिन है श्रद्धालु 3 बजे से ही पंडाल के मुख्य द्वार पर कतार में आ चुके थे, बोकारो के बड़े-बड़े बिजनेस घराना के लोग आगे की पंक्ति में बैठे हुए हैं उसके बाद जनरल विईपी कॉरिडोर बना है और उसके पीछे जनरल लोगों हैं मीडिया कर्मी और पुलिस प्रशासन के लिए अलग व्यवस्था की गई है राम कथा का आयोजन श्रद्धालुओं के लिए एक अद्वितीय अनुभव हो रहा है, क्योंकि श्री राजन जी महाराज की वाणी में ढ़लकर जीवन के तमाम समस्याओं को राम कथा से जोड़कर समाधान प्राप्त करें रहे हैं। राम कथा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स भी इस कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जिनमें कंट्ठी माला, चंदन, धूप, अगरबत्ती जैसी धार्मिक सामग्री भी बिक रही है भीड़ का अनुमान लगाना मुश्किल है मगर सूत्रों से पता चल रहा है कि लगभग 15 से 18 हजार श्रद्धालु शांतिपूर्वक ढंग से राम कथा सुन रहे हैं।

### रेल मंडल के नये वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक से मिले ईसीआरकेयू के प्रतिनिधि



**धनबाद**: ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ईसीआरकेयू के प्रतिनिधियों ने धनबाद रेल मंडल के नए वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक मोहम्मद इकबाल अहमद से मिले और उनका स्वागत गुलदस्ता भेंट करके किया और रेल कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं पर बात की जिसमें विशेष कर कमर्शियल विभाग के कर्मचारियों का पे लेवल 7 का अपग्रेडेशन और कमर्शियल विभाग के कर्मचारियों के अन्य समस्याओं समस्या पर भी बातचीत हुआ और उन्होंने कहा की आप रेल कर्मचारियों के समस्याओं को लेकर आते रहिए और मैं रेल कर्मचारियों के सभी समस्याओं का समाधान पर जरूर ध्यान देंगे। ईसीआरकेयू के इस प्रतिनिधि मंडल में अपर महामन्त्री मो0 जियाउद्दीन केंद्रीय संगठन सचिव नेताजी सुभाष,जितेंद्र कुमार साव,एन के खवास,अजय कुमार तिवारी, रविंद्र कुमार रवानी रमेश्वर कुमार,इंद्र मोहन सिंह,रणधीर कुमार,रंजीत कुमार,पिंटुनंदन,अमित कुमार मंटू सिन्हा,भानु प्रताब और विश्वजीत मुखर्जी उपस्थित थे।

एक नजर

## स्कूल परिसर में गिरा सूखा पेड़, बाल-बाल बचे विद्यार्थी

**खूंटी :** नगर पंचायत क्षेत्र के नेताजी चौक मुख्य पथ के किनारे स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय प्रांगण में गुरुवार को एक सूखा सेमल पेड़ धराशायी हो गया। इससे कई विद्यार्थी बाल-बाल बच गए। बच्चे मध्याह्न भोजन करके कमरे में गए ही थे, उसी समय पेड़ एक कार के ऊपर गिर गया। इससे कार क्षतिग्रस्त हो गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक रघुनाथ महतो ने बताया कि इस पेड़ को कटवाने के लिए कई बार विभाग को पत्र लिख चुके है, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## सब जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में भाग लेंगी खूंटी की सुप्रिया कुमारी



**खूंटी :** बिहार के गया जिले में 27 से 29 मार्च तक आयोजित होने वाली 34वी सब जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में खूंटी की सुप्रिया कुमारी भाग लेगी। कबड्डी एसोसिएशन ऑफ खूंटी की सब जूनियर खिलाड़ी सुप्रिया कुमारी का चयन झारखंड टीम में हुआ है। राज्य स्तरीय का टीम का चयन 22 और 23 मार्च को मेगा स्पोर्ट्स कॉपलेक्स धनबाद में आयोजित राज्य स्तरीय बालक-बालिका सब जूनियर चौंपियनशिप में हुआ था। यह जानकारी कबड्डी एसोसिएशन ऑफ खूंटी की सचिव सह कोच आशा कुमारी ने दी।

# गैरमजरूआ और अधिगृहित भूमि चिन्हित कर दूर होगी उरबा और भालू मौजा की समस्या : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के डुलमी प्रखंड अंतर्गत उरबा और भालू पंचायत की समस्या दूर करने के लिए डीसी चंदन कुमार ने पहल की है। इन दोनों मौज में पंजी-2 नहीं होने के कारण ऑनलाइन रसीद निर्गत नहीं हो पा रहा है। जिसकी वजह से ग्रामीणों को भारी समस्या हो रही है। डीसी ने कहा कि पंचायत और प्रखंड स्तर पर ग्राम सभा कर गैरमजरूआ और अधिगृहित भूमि का सत्यापन किया जाए। सभी भूमि को चिन्हित कर इन दोनों मौजा की समस्या दूर हो सकती है। गुरुवार को डीसी चंदन कुमार ने जमीन का ऑनलाइन रसीद नहीं कटने एवं पंजी-2 के सत्यापन को लेकर विशेष बैठक की। डीसी ने अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता दीप्ति कुजूर, अंचल अधिकारी दुलमी एवं ग्रामीणों के साथ उरबा एवं भालू मौजा में जमीन रसीद कटने व पंजी 2 के सत्यापन में आ रही समस्याओं पर चर्चा की।

**रिकॉर्ड रूम से सभी जमीन का करें सत्यापन**

समस्याओं के समाधान को लेकर उपायुक्त के द्वारा अंचल स्तर पर समिति गठित कर संबंधित मौजा में गैर मजरूआ भूमि एवं अधिग्रहित भूमि का संबंधित रिकॉर्ड रूम से सत्यापन करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त ने समस्याओं के समाधान हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सभा करने, भूमि का भौतिक सत्यापन सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए।

## रांची बंद को लेकर सिल्ली में बंद का दिखा आंशिक असर



**सिल्ली :** गुरुवार के दिन भाजपा नेता अनिल महतो टाइगर हत्याकांड को लेकर बिभिन्न राजनीतक पार्टियों के द्वारा रांची बंद का एलान किया गया था। इसी क्रम मे सिल्ली के बुंडू चौक और मुरी के सिंगपुर चौक को बिभिन्न राजनितिक दल के नेताओं ने सड़क जाम किया। जाम होने के कारण सड़क के दोनों छोर पर गाड़ियों की लम्बी कतार लग गई। जाम के दौरान आवश्यक सेवाओं को जाम से मुक्त रखा गया था। सड़क जाम की सुचना मिलते ही सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर और मुरी ओपी प्रभारी कुंदन सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और मोर्चा को सँभालते हुए लोगों को समझाए तत्पश्चात दोपहर के बाद जाम को हटा लिया गया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**शुद्धि पत्र /सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- BCD/EE/ HAZARIBAG/ 74 /2024-25 .PR संख्या- 349010 Building (24-25).D द्वारा प्रकाशित निविदा कार्य का नाम- Proposed Construction of 50 Beded S.T. Girl's Hostel in Picchdi Jati Balika Awasiya Uccha Vidyalaya, Matwari, Dist- Hazaribagh For The Year 2024-2025 जिसकी वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि:- 29.03.2025 तथा बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि -15-04-2025 एवं निविदा खोलने की तिथि :-16-04-2025 निर्धारित की जाती है।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 349425 Building(24-25)#D

# भाजपा नेता अनिल टाईगर की हत्या के विरोध में लोगों ने किया सड़क जाम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** गोंदली पोखर में अनिल टाईगर के निर्मम हत्या के विरोध में को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम कर दिया ग्रामीणों ने कहा कि महागठबंधन की सरकार मुख्य मंत्री हेमन्त सोरेन पूरी तरह से सरकार चलाने में विफल है, इन्हे इस्तीफा दे देना चाहिए। चुकी कांके थाना के बगल एक होटल में अनिल टाईगर को दिनदहाड़े गोलियों से भून डाला और अपराधी भाग निकले आनन फानन में रिम्स रेफर किया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया उसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने रांची बंद का ऐलान किया गोंद ली पोखर में करीबन पांच घंटा जाम रहा उसके बाद स्थानीय थाना हीरा लाल साह और प्रखंड विकास पदाधिकारी जायपाल पहुंचे और समझा बुझा कर जाम को मुक्त कराया गया। मौके पर पूर्व विधायक राम कुमार पहान जिला परिषद अनुराधा मुंडा भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो, रामनाथ महतो, रामपोदो महतो, आजसू नेता अजीत महतो, जगर नाथ महतो, गोवर्धन महतो, आजसू युवा नेता आतिश महतो, राम शाय मुंडा, राजेन्द्र महतो, संजय महतो दुर्गा महतो भारी संख्या में ग्रामीण सामिल थे।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष की रायसुमारी को लेकर हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया(गिरिडीह) :** भाजपा मंडल अध्यक्ष के चुनाव को लेकर गुरुवार को जैन धर्मशाला सरिया में रायसुमारी को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें बतौर पर्यवेक्षक सुनील अग्रवाल तथा सह पर्यवेक्षक बबलू मंडल उपस्थित थे। उक्त रायसुमारी बैठक में मंडल अध्यक्ष के लिए पांच लोगों के नाम प्रस्तावित किए गए। जिसमें आपसी विचार विमर्श के बाद दो लोगों ने अपना-अपना नाम वापस लिया। इस संबंध में पर्यवेक्षक सुनील अग्रवाल ने बताया कि लगभग 3 घंटे चली इस बैठक में भाजपा सरिया मंडल अध्यक्ष के लिए शेष बचे तीन उम्मीदवारों क्रमशः अजय यादव, मुकेश यादव तथा मनीष मंडल के नाम को पार्टी के प्रदेश कार्यालय रांची भेजा जाएगा।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/2025-26**

1 विज्ञापन दाता का नाम – कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
2 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय – 05-04-2025 को अप० 12.00 बजे तक।
3 निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 07-04-2025 के अप० 2.30 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 07-04-2025 के अप० 3.00 बजे से।
5 परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान & (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं-2, राँची का कार्यालय।
(ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
7 कार्य विवरणी :–


| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supply, Installation, Testing and Commissioning of Fruits Storage Cold Room Solar Powered at Rural Haats Targa Bansjor block in Simdega distt. | 19,66,800.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 02 (Two) Months |
| 2 | Supply, Installation, Testing and Commissioning of Fruits Storage Cold Room Solar Powered at Rural Haats Bolba block in Simdega distt. | 19,66,800.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 02 (Two) Months |
| 3 | Supply, Installation, Testing and Commissioning of Fruits Storage Cold Room Solar Powered at Rural Haats Kinkel Kersai block in Simdega distt. | 19,66,800.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 02 (Two) Months |
| 4 | Supply, Installation, Testing and Commissioning of Fruits Storage Cold Room Solar Powered at Rural Haats Thethaitangar block in Simdega distt. | 19,66,800.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 02 (Two) Months |
| 5 | Supply, Installation, Testing and Commissioning of Fruits Storage Cold Room Solar Powered at Rural Haats Pakartanr block in Simdega distt. | 19,66,800.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 02 (Two) Months |

निविदा की शर्तें– WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा।

PR 349337 (Simdega) 24-25 (D)

# एक्यूप्रेशर परिषद द्वारा टूल रूम में बेसिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे रांची द्वारा झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम में तीन दिवसीय एक्यूप्रेशर बेसिक प्रशिक्षण शिविर हुनर है तो कदर है का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन टूल रूम के प्रिंसिपल एम के गुप्ता एवं एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा सचिव डॉ मधुसूदन पांडे आशुतोष मिश्रा उत्तम नारायण सिंह गौरव कुमार एक्यूप्रेशर परिषद से डॉक्टर बलराम महतो अजय मुंडा के द्वारा किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर 27 मार्च से 29 मार्च तक चलेगा एवं 2 अप्रैल झारखंड एक्यूप्रेशर दिवस को सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा द्वारा दिया जाएगा। जिसकी जानकारी एक्यूप्रेशर परिषद सचिव डॉक्टर मधुसूदन पांडे ने दी। पांडे ने कहा कि एक्यूप्रेशर ही एक ऐसा व्यवस्था है। जिससे हम जटिल से जटिल बीमारियों का बिना जांच बिना दवा बिना चिरफाड का इलाज कर सकते हैं। वर्तमान समय में अंग्रेजी दवा से कोई मुकाबला कर सकता है तो वह एक्यूप्रेशर ही है जरूरत है। इसे अपने और प्रचार प्रसार की बच्चों का प्रशिक्षण डॉक्टर बलराम महतो अजय मंडा नरेश महतो महेश प्रजापति रुकमणी कुमारी सरस्वती कुमारी लपम कुमारी एवं ललिता कुमारी के द्वारा दिया जाएगा कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र ठाकुर के द्वारा किया गया।

# रमजान बरकत व हमदर्दी का महीना है : इजराईल अंसारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगडा :** अनगड़ा प्रखंड चिल दाग निवासी ईजराइल अंसारी ने बताया कि रमजान का पवित्र महीना चल रहा है रमजान का महीना को तीन भाग यानी तीन असरे में बाटा गया है पहला रहमत व बरकत दूसरे असरे में मगफिरत तीसरे असरे आग से आजादी जहनुम से खुलासी और इस अशरे की फाजिलतें बेसुमार है। वैसे तो पुरे रमजान को अल्लाह ताला ने इंसानों के फायदे के लिये रोशनी पर लाये है जिसमे रोजा रखने से लें करके तरावीह की नमाज को कशरत से पढ़ने को कहा गया है इस रोजे पर कुछ ऐसे राज छिपे हैं। जो बहोत से इंसानों के समझ से परे है और इसका फायदा नहीं उठा पाते हैं। जैसे रोजा रखने से मेटाबॉलिज्म मजबूत होता है और फैट बर्निंग तेजी से होती है । शरीर में मौजूद ग्लूकोज एनर्जी में बदलने लगता है, जिससे शुगर लेवल भी कम होता है.. खून मे बढ़ा हुआ कालोस्ट्रॉल कम होता है, जिस्मानी फायदा होता ही है रूहानी ताकत भी मजबूत होती है। साथ ही हलके अफ्तार के बाद तरावीह की कशरत और मन को शूकून देने वाली कुरान की आयतें। और सूरह रहमान की वह दिल को जिन्दा कर देने वाली लाइन फबी अय्यि आला ई रब्बीकुमा तुकज़्जिबान (तुम अपने रब की किन किन नेमतों को झूठलाओगे).. रूह मे उतर जाती..

रमजान की आखरी अशरा खुदा से दुवा करके जहन्नम से निजात पाने के लिये है। अल्लाह ने इस 10 दिनों की आखरी असरे मे 5 ऐसे रातें दिए है। जिसमे किसी एक रात को लायेलतूल कद्र कहा गया है खुदा ने इस रात को इंसानों के मगफिरत के लिये बनाया है और जिसकी बेसुमार फाजिलतें है। मै हैरान इस बात से होता हूँ के आज के कुछ पढ़े लिखें नवजवान रमजान तरावीह और सबेकद्र की कद्र नहीं समझते उनसे कहना चाहता हूँ। कह देने से महज के खुदा है, खुदा राजी नहीं होता।

## दो दिवसीय समग्र विकास कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# लोगों में मानवता होनी चाहिए ताकि वह सड़क दुर्घटना में लोगों की जान बचा सकें : कुंदन सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**सिल्ली :** डी. ए. वी. महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, सिल्ली में दो दिवसीय समग्र विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दिनांक 27 मार्च को दीप प्रज्वलित कर गणेश वंदना के साथ शुरू की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंदन सिंह थाना प्रभारी मुरी ओ. पी. ने शिक्षा और जीवन के फासलों के बारे में बेहतर ढंग से समझने और सुनिश्चित करने का निर्णय लेने की सलाह दी साथ हीं साथ साइबर अपराध और वाहन परामर्श पर आधारित दिशा-निर्देश दिया जिसमें सड़क सुरक्षा, सड़क दुर्घटना पर जिम्मेदारी का आभास कराया। उन्होंने कहा कि लोगों में मानवता होनी चाहिए ताकि वह सड़क दुर्घटना में लोगों की जान बचा सकें तथा आपातकालीन सेवा प्रदान कर सके। अनावश्यक लिंक और धोखाधड़ी वाले कॉल्स पर ध्यान न दें, किसी के साथ ओटीपी साझा न करें। सीसीटीवी कैमरा और पासवर्ड के बारे में सुरक्षा, लड़कियों की सुरक्षा के तरीके तथा कई अन्य जानकारियां साझा की । उन्होंने साइबर फ्रॉड होने की स्थिति के लिए 1930 नंबर पर शिकायत दर्ज करने का परामर्श दिया। कार्यक्रम नीरज गिरी कंप्यूटर शिक्षक के द्वारा एक बहुत ही रोचक और आकर्षक सत्र का संचालन किया गया। उन्होंने इंटरनेट के उपयोग, सोशल मीडिया के नुकसान और इसके प्रभाव,अध्ययन में सहायक नए ऐप्स के बारे में जानकारी, प्रौद्योगिकी में नए बदलाव, तकनीकी उपकरण के उपयोग और दुरुपयोग और समय प्रबंधन के बारे में कई दिशानिर्देश दिए जिसे बच्चों ने काफी अच्छे ढंग से समझा और बारी-बारी से अपना अनुभव भी साझा किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका बी. शरण ने उपस्थित अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा बच्चों को यह सलाह दी की सभी दिशा निर्देशों का पालन करें तथा अपने जीवन में इसका उपयोग करें।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक शंभू नाथ मुखर्जी, विजय कुमार, नीरज गिरी, शिक्षिका मोनालिसा सेनगुप्ता तथा ज्योति सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**JAPIT**
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology & e-Governance, Govt of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel - I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044, 2401047 email: japit_doit@rediffmail.com

**NOTICE INVITING TENDER**
**e-Tender Ref No.: JAPIT/HIGHCOURT-DMS/01/2025**

Invitation of online bid through eProcurement portal i.e. https://jharkhandtenders.gov.in/ for **Purchase, Installation, Configuration & Integration of two Server System (Live & Backup) & Other Equipment with 05 Years Comprehensive Warranty along with 24x7 Technical Manpower at Data Center of Hon'ble Jharkhand High Court, Ranchi.**
The invitation of bid is open to all SI/SP who fulfilling the eligibility criteria as mentioned in this Request of Proposal (RFP) document and the bidder must also agree to terms and conditions mentioned under the RFP. Bidders are advised to study the RFP document and Terms & Conditions carefully and completely.

**Tender Schedule**

| SN | Item | Description |
|---|---|---|
| 1 | eTender Ref. No. | JAPIT/HIGHCOURT-DMS/01/2025 |
| 2 | Name of the Work | Purchase, Installation, Configuration & Integration of two Server System (Live & Backup) & Other Equipment with 05 Years Comprehensive Warranty along with 24x7 Technical Manpower at Data Center of Hon'ble Jharkhand High Court, Ranchi. |
| 3 | Name & address of the issuer of this tender and Address of Communication / Place of bid Submission / Opening of Bids / Contact / Address | The CEO, Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology (JAP -IT) Ground Floor, Engineers hostel 1, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi - 834004. Tel: 0651 -2401044 Email: ceo.japit@ jharkhandmail.gov.in , japit_doit@rediffmail.com |
| 4 | Date of issue of tender Document | 27/03/2025 (03:30 pm) |
| 5 | Date for sending Pre-Bid Query | 03/04/2025 (03:30 pm) |
| 6 | Pre-Bid Meeting | 04/04/2025 (03:30 pm) |
| 7 | Start Date for online Bid Submission | 09/04/2025 (03:00 pm) |
| 8 | Last Date for online Submission of Bids | 17/04/2025 (03:00 pm) |
| 9 | Date of Opening of Technical Bids (online) | 21/04/2025 (03:30 pm) |
| 10 | Date of Commercial Bid Opening | To be informed later |
| 11 | Cost of Tender Document (non-refundable) | Rs. **10,000.00** (Rs. Ten thousand only) through online Mode (Net Banking /RTG S) |
| 12 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 60,00,000.00 (Rs. Sixty Lakhs only) through online Mode (Net Banking/ RTGS) |
| 13 | RFP can be downloaded from | Downloaded from https://jharkhandtenders.gov.in , https://jharkhand.gov.in & https://japit.jharkhand.gov.in However, in this case, the bidders are required to submit the tender cost online (Net Banking/RTGS) along with the Proposal. The entire Bid process will be through e-tendering. |
| 14 | Validity of Proposal | Proposals must remain valid 180 days after the Submission date. |
| 15 | Method of Selection | CBS method (L1 based). |
| 16 | Bid Submission | Bidders must submit Tender through online mode onl y. |

- The online generated receipt of the Tender cost and EMD must be submitted with online bid documents.
- EMD amount will be refunded to bidder through on-line mode in the same bank account through which on-line EMD payment have been made during the tendering process.
- Bids shall be submitted online through eProcurement portal i.e. https://jharkhandtenders.gov.in
- JAP-IT will not be responsible for delay in online submission due to any reason. For this, bidder is requested to upload the complete bid well advance in time so as to avoid last hour technical issues like slow speed; choking of web site due to heavy load or any other unforeseen problems/technical glitch.
- The Authority reserves the right to accept/reject any or all the tender(s) received without assigning any reason thereof.

Sd/-
Officer on Special Duty,
JAP-IT, Ranchi

PR 349383 (Information Technology) 24-25 (D)

# जैव अर्थव्यवस्था की बढ़ती महत्ता

जैव अर्थव्यवस्था आर्थिक रूप से तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है। जैव अर्थव्यवस्था का वर्तमान वैश्विक मूल्य 4 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर होने का अनुमान है और कुछ अनुमानों से संकेत मिलता है कि यह 30 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर तक बढ़ सकता है, जो विश्व आर्थिक मूल्य का एक तिहाई है। दुनिया जैव-नवाचार द्वारा संचालित एक नई औद्योगिक क्रांति के कगार पर है। उभरती अर्थव्यवस्थाओं में, भारत की जैव अर्थव्यवस्था नवाचार, समृद्धि और बढ़ते वैश्विक महत्व की एक आकर्षक कहानी है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के अनुसार भारत की जैव अर्थव्यवस्था 2014 में 10 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2024 में 165.7 बिलियन डॉलर हो गई है। उन्होंने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में इक्ळअउ स्थापना दिवस समारोह के दौरान भारत जैव अर्थव्यवस्था रिपोर्ट 2025 जारी की। उन्होंने कहा कि यह घातीय वृद्धि भारत की भविष्य की आर्थिक सफलता के महत्वपूर्ण चालक के रूप में जैव प्रौद्योगिकी के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। विश्व जैव अर्थव्यवस्था मंच द्वारा किए गए मूल्यांकन में, जैव अर्थव्यवस्था के लिए जैव प्रौद्योगिकी, जैव संसाधन या जैव पारिस्थितिकी दृष्टिकोण का उपयोग किया गया था। संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और भारत जैव प्रौद्योगिकी पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जबकि यूरोपीय संघ जैव संसाधन और जैव पारिस्थितिकी दृष्टिकोण की ओर अधिक झुका हुआ है। अब ऐसे संकेत हैं कि दृष्टिकोणों को और अधिक गहन बनाने के लिए विस्तारित किया जा रहा है। इस प्रकार, यह विषय नया नहीं है। जो नया है वह यह है कि डिजिटलीकरण, स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे नए उपकरण इस क्षेत्र की विकास गतिविधि को तेज कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप तेजी से उत्पाद लॉन्च हो रहे हैं और निवेशकों का विश्वास बढ़ रहा है।

चीन के राष्ट्रीय विकास और सुधार आयोग के अनुसार, नई योजना 14वीं पंचवर्षीय योजना की आवश्यकताओं को पूरा करती है, जिसने जैव प्रौद्योगिकी और सूचना प्रौद्योगिकी के एकीकरण और नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ जैव चिकित्सा, जैविक प्रजनन, जैव सामग्री, जैव ऊर्जा और अन्य उद्योगों के विकास को गति देने का संकल्प लिया है ताकि जैव अर्थव्यवस्था को व्यापक और मजबूत बनाया जा सके। योजना के अनुसार, जैव अर्थव्यवस्था- एक ऐसा मॉडल जो चिकित्सा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, वानिकी, ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, सामग्री और अन्य क्षेत्रों को गहराई से एकीकृत करते हुए जैविक संसाधनों की सुरक्षा और उपयोग पर ध्यान केंद्रित करता है- 2025 तक उच्च गुणवत्ता वाले विकास को बढ़ावा देने में एक प्रमुख प्रेरक शक्ति बन जाएगा। 2025 तक, सकल घरेलू उत्पाद में जैव अर्थव्यवस्था के अतिरिक्त मूल्य का अनुपात लगातार बढ़ेगा और चीन में कम से कम 10 बिलियन युआन ($ 1.5 बिलियन) के वार्षिक राजस्व के साथ जैव अर्थव्यवस्था फर्मों की संख्या में बड़ी वृद्धि दिखने की उम्मीद है। 2035 तक, चीन समग्र शक्ति के मामले में वैश्विक जैव अर्थव्यवस्था में सबसे आगे रहने की उम्मीद करता है। जैव अर्थव्यवस्था में 2030 तक भारत की अर्थव्यवस्था को 10 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाने की क्षमता है। चीन पहले ही अपनी जैव अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है; लेकिन, इस क्षेत्र में हमारी मूलभूत ताकत को देखते हुए, यदि केंद्र सरकार के प्रयासों को राज्य और स्थानीय सरकारों और समाज के प्रयासों के साथ जोड़ दिया जाए, तो हम निःस्संदेह वैश्विक बाजार पर हावी हो जाएंगे।

जैव अर्थव्यवस्था भारत की अर्थव्यवस्था को कृषि और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में नए उद्योग, उद्यम और रोजगार के अवसर पैदा करके और साथ ही देश के आर्थिक आधार में विविधता लाकर विकास करने में सहायता कर सकती है। यह कृषि उत्पादकता और मृदा स्वास्थ्य को बढ़ाकर, पौष्टिक, जलवायु-अनुकूल फसलें पैदा करके और किसानों को जैव उर्वरक जैसे नवीन जैव प्रौद्योगिकी और जैविक विकल्प प्रदान करके भारत की खाद्य सुरक्षा में सुधार कर सकती है। जैव अर्थव्यवस्था में प्रगति से नई फार्मास्यूटिकल्स, टीकाकरण की खोज हो सकती है और स्वास्थ्य सेवा की पहुँच और लागत बेहतर हो सकती है, जिससे स्वास्थ्य परिणामों में सुधार हो सकता है।

# मुस्लिम आरक्षण का खेल खेलती कांग्रेस

**प्रमोद भार्गव**

कर्नाटक में मुसलमानों को सार्वजनिक ठेकों में चार प्रतिशत आरक्षण देने के मुद्दे पर संसद में भारी हंगामा हुआ। भाजपा सांसदों ने इस मुद्दे को उठाते हुए कांग्रेस पर संविधान बदलने का आरोप लगाया। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जो संवैधानिक पद पर बैठे हैं, कह रहे हैं कि पार्टी संविधान बदलकर मुस्लिमों को आरक्षण देगी। दरअसल, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा है कि मुस्लिमों का ठेकों में चार प्रतिशत आरक्षण बरकरार रखने के लिए जरूरत पड़ी तो संविधान में भी बदलाव करेंगे।

रिजिजू ने इस मुद्दे को बारी-बारी से संसद के दोनों सदनों में उठाया। इसे लेकर भारी हंगामा हुआ। इस मुद्दे का समर्थन करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस बाबा साहब आंबेडकर के संविधान को बदलना चाहती है, क्योंकि इसमें साफ लिखा है कि धर्म के आधार पर किसी को भी आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता है। परंतु कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ऐसा करने जा रही है।

संविधान बदलने का बयान संवैधानिक पद पर बैठे ऐसे व्यक्ति ने दिया है, जिसे हल्के से नहीं लिया जा सकता है। यही नहीं, कर्नाटक में कांग्रेस के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया सरकार ने ओबीसी, एससी और एसटी युवाओं का हक मारकर मुसलमानों को 4.5 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया था। जबकि हमारे संविधान में धर्म आधारित आरक्षण की कोई जगह नहीं है। अतएव इस तरह के प्रयास संविधान निमार्ताओं की देशहित से जुड़ी इच्छाओं के विरुद्ध हैं। बावजूद कांग्रेस मुस्लिमों को धर्म आधारित आरक्षण देने के तुष्टिकरण से जुड़ा खेल निरंतर खेलती आ रही है।

कांग्रेस की सोच हमेशा से तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति की रही है। 2004 से 2010 के बीच कांग्रेस ने चार बार आंध्रप्रदेश में मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की जागरूकता के कारण वे अपने मंसूबे पूरे नहीं कर पाए। दरअसल, यह कांग्रेस का 'पायलट प्रोजेक्ट' था, जिसे कांग्रेस पूरे देश में आजमाना चाहती थी। अल्पसंख्यक बनाम मुस्लिमों को पिछड़ों, दलित और आदिवासियों के संविधान में निर्धारित कोटा के अंतर्गत 4.5 प्रतिशत आरक्षण देने की की मंशा हमेशा रही है लेकिन न्यायालय के हस्तक्षेप के चलते इस मंशा को पलीता लगता रहा है। इस आरक्षण को लेकर आंध्रप्रदेश उच्च न्यायालय के बाद देश की सर्वोच्च न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाते हुए आंध्रप्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले के विरुद्ध दायर आपील को खरिज कर दिया था। केंद्र सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से स्थगन आदेश चाहती थी। इस मंशा के विपरीत कोर्ट ने सरकार से यह और स्पष्ट करने को कहा था कि वह बताए कि उसने किस आधार पर अल्पसंख्यकों को 4.5 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया ? कोर्ट ने यह भी कहा था कि क्या इस तरह कोटे में उप कोटा आरक्षित करने का सिलसिला चलता रहेगा? दरअसल, आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने धर्म के आधार परह्र आरक्षण का लाभ संविधान के विरुद्ध बताया था। दिसम्बर 2011 के बाद से शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में ओबीसी वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण का प्रावधान है। लेकिन कुटिल चतुराई से ओबीसी के कोटे में खासतौर से मुस्लिमों को लुभाने के लिए 4.5 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का प्रावधान कर दिया गया था। इसे आंध्र उच्च न्यायालय ने अस्वीकारते हुए साफ किया था कि कोटा के अंतर्गत उप कोटा दिए जाने का प्रावधान अल्पसंख्यकों को लुभाने के लिए दिया गया है। इसे कानूनी रूप देते हुए कहा गया है कि 'अल्पसंख्यकों से संबंधित' और 'अल्पसंखयकों के लिए' जैसे वाक्यों का जो प्रयोग किया गया है वह असंगत है, जिसकी कोई जरूरत नहीं है। इस फैसले का व्यापक असर होना तय था। क्योंकि यह प्रावधान आईआईटी जैसे केंद्रीय शिक्षण संस्थानों में भी लागू हो गया था। बहरहाल, न्यायालय के फैसले के बाद कांग्रेस का मुस्लिमों को लुभाने वाले नुस्खे पर पानी फिर गया था।

वंचित समुदाय वह चाहे अल्पसंख्यक हों अथवा गरीब सवर्ण, उनको बेहतरी के उचित अवसर देना लाजिमी है, क्योंकि किसी भी बदहाली की सूरत, अल्पसंख्यक अथवा जातिवादी चश्मे से नहीं सुधारी जा सकती। खाद्य की उपलबध्ता से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी जितने भी ठोस मानवीय सरोकार हैं, उनको हासिल करना मौजूदा दौर में केवल पूंजी और शिक्षा से ही संभव है। ऐसे में आरक्षण के सरोकारों के जो वास्तविक हकदार हैं, वे अपरिहार्य योग्यता के दायरे में न आ पाने के कारण उपेक्षित ही रहेंगे। अलबत्ता आरक्षण का सारा लाभ वे बटोर ले जाएंगे जो आर्थिक रूप से पहले से ही सक्षम हैं और जिनके बच्चे पब्लिक स्कूलों से पढ़े हैं। इसलिए इस संदर्भ में मुसलमानों और भाषायी अल्पसंख्यकों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने की वकालत करने वाली रंगनाथ मिश्र आयोग की रिपोर्ट के भी कोई बुनियादी मायने नहीं रह गए थे। यह रिपोर्ट भी मुसलमानों को संवैधानिक प्रावधानों में आरक्षण जैसे विकल्प खोलने के लिए तैयार कराई गई थी। संविधान के अनुच्छेद 15 के अनुसार धर्म, जाति, लिंग और जन्म स्थान के आधार पर राष्ट्र किसी भी नागरिक के साथ पक्षपात नहीं कर सकता। इस दृष्टि से संविधान में विरोधाभास भी हैं। संविधान के तीसरे अनुच्छेद, अनुसूचित जाति आदेश 1950 जिसे प्रेसिडेंशियल ऑर्डर के नाम से भी जाना जाता है, उसके अनुसार केवल हिंदू धर्म का पालन करने वालों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को अनुसूचित जाति की श्रेणी में नहीं माना जाएगा। इस परिप्रेक्ष्य में अन्य धर्म समुदायों के दलित और हिंदू दलितों के बीच स्पष्ट विभाजक रेखा है, जो समता और सामाजिक न्याय में भेद करती है। इसी तारतम्य में पिछले पचास सालों से दलित ईसाई और दलित मुसलमान संघर्षरत रहते हुए हिंदू अनुसूचित जातियों को दिए जाने वाले अधिकारों की मांग करते चले आ रहे हैं। रंगनाथ मिश्र की रिपोर्ट इसी भेद को दूर करने की पैरवी करती है।

वर्तमान समय में मुसलमान, सिख, पारसी, ईसाई और बौद्ध ही अल्पसंख्यक दायरे में आते हैं। जबकि जैन, बहाई और कुछ दूसरे धर्म-समुदाय भी अल्पसंख्यक दर्जा हासिल करना चाहते हैं। लेकिन जैन समुदाय केन्द्र द्वारा अधिसूचित सूची में नहीं है। इसमें भाषाई अल्पसंख्यकों को अधिसूचित किया गया है, धार्मिक अल्पसंख्यकों को नहीं। सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के मुताबिक जैन समुदाय को भी अल्पसंख्यक माना गया है। परंतु इन्हें अधिसूचित करने का अधिकार राज्यों को है, केन्द्र को नहीं। इन्हीं वजहों से आतंकवाद के चलते अपनी ही पुश्तैनी जमीन से बेदखल कश्मीरी पंडित अल्पसंख्यक के दायरे में नहीं आ पा रहे हैं। मध्यप्रदेश में दिग्विजय सिंह की कांग्रेस सरकार के दौरान जैन धर्मावलंबियों को भी अल्पसंख्यक दर्जा दिया था, लेकिन अल्पसंख्यकों को दी जाने वाली सुविधाओं से ये आज भी वंचित हैं। इस नाते अल्पसंख्यक श्रेणी का अधिकार पा लेने के क्या राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षिक व आर्थिक निहितार्थ हैं, इन्हें समझना मुश्किल है। यहां तक कि आर्थिक रूप से कमजोर जैन धर्मावलंबियों के बच्चों को छात्रवृत्ति भी नहीं दी जाती है।

अल्पसंख्यकों को आरक्षण देने का आधार जिस मिश्र आयोग को बनाया गया था, उसका गठन 'जांच आयोग के तहत' नहीं हुआ था। दरअसल, इस रपट का मकसद केवल इतना था कि धार्मिक व भाषाई अल्पसंख्यकों के बीच आर्थिक व सामाजिक रूप से कमजोर व पिछड़े तबकों की पहचान कर अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण सहित अन्य जरूरी कल्याणकारी उपाय सुझाये जाएं, जिससे उनका सामाजिक स्तर सम्मानजनक स्थिति हासिल कर ले। इस नजरिये से सरकारी नौकरियों में अल्पसंख्यकों का औसत अनुपात बेहद कम है। गोया संविधान में सामाजिक और शैक्षिक शब्दों के साथ ह्यपिछड़ाह्ल शब्द की शर्त का उल्लेख किये बिना इन्हें पिछड़ा माना जाकर अल्पसंख्यक समुदायों को 15 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसमें से 10 फीसदी केवल मुसलमानों को और पांच फीसदी गैर मुस्लिम अल्पसंख्यकों को दिए जाने का प्रावधान तय हो। शैक्षिक संस्थाओं के लिए भी आरक्षण की यही व्यवस्था प्रस्तावित की गई थी। यदि इन प्रावधानों के क्रियान्वयन में कोई परेशानी आती है तो पिछड़े वर्ग को आरक्षण की जो 27 प्रतिशत की सुविधा हासिल है, उसमें कटौती कर 4.5 प्रतिशत की दावेदारी अल्पसंख्यकों की तय हो ? हालांकि वर्तमान में कुछ राज्यों में अल्पसंख्यक समुदायों को आरक्षण की सुविधा दी जा रही है।

चूंकि सच्चर समिति की रिपोर्ट मिश्र आयोग के गठन से पहले आ गई थी इसलिए इस रिपोर्ट को विपक्ष सच्चर समिति को अमलीजामा पहनाने के रूप में भी देखा था। सच्चर और मिश्र रिपोर्टों में फर्क इतना है कि सच्चर का आकलन केवल मुस्लिम समुदाय तक सीमित था, जबकि मिश्र आयोग ने सभी अल्पसंख्यक समुदायों और उनमें भी दलितों की बदहाल स्थिति का ब्यौरा दर्ज किया है। कांग्रेस मुस्लिम आरक्षण का खेल, खेलते-खेलते निरंतर सिमटती जा रही है, बावजूद वह इस खेल से बाहर नहीं आना चाहती। यह स्थिति देश की एक बड़ी पार्टी के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# मानवीय रिश्तों का बदलता गणित

**गिरीश्वर मिश्र**

रिश्ते, प्रेम और अपराध के बीच पनपने वाली तिकड़ी आज भारतीय समाज को व्यथित और चिंतित कर रही है। ऐसा तब हो रहा है जब कि कोई भी व्यक्ति रिश्तों में ही जन्म लेता है, उसी में पलता और उसी के सहारे जीवन-यात्रा में आगे भी बढ़ता है। वस्तुतः इन रिश्तों का जैविक आधार है जो माँ के पेट में स्थित गर्भ के साथ अनिवार्य जुड़ाव की व्यवस्था और अवस्था में शुरू होता है। यह एक अटूट, अपरिहार्य और अनिवार्य बंधन में बांधता है। अतः इस रिश्ते को जीवनपर्यंत चलते रहने की प्रासंगिकता बनी रहती है।

सच कहें तो नया जीव अपने जनक (पिता) और जननी (माता) का उत्पाद होने के कारण वास्तविक अर्थ में उन दोनों का ऋणी होता है। कदाचित इसीलिए भारतीय समाज में ऋण की अवधारणा प्राचीन काल से सबके मन में बसी आ रही है। यह पीढ़ियों के बीच पारस्परिकता की सुदृढ़ आधारशिला रचती है। इसे बनाए रखने में संयुक्त परिवार और अन्य सहायक सामाजिक संस्थाओं और मान्यताओं की सहायक भूमिका थी। पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस तरह की व्यवस्था अधिकांश क्षेत्रों में चलती रही है। आधुनिक युग में विस्थापन, पलायन, आव्रजन (माइग्रेशन) ने इस तरह की व्यवस्था को चुनौती दी है। जीवन को सुखी बनाने में आर्थिक तत्वों की बढ़ती आत्यन्तिक भूमिका के चलते जीवन की परिस्थितियाँ तेजी से उलट-पलट रही हैं। इन सबके प्रभाव में युवा वर्ग का एक बड़ा हिस्सा भ्रमित हो रहा है और रिश्तों की अहमियत को नहीं पहचान पा रहा है। वह इन्हें नजर अन्दाज कर रहा है और उसे स्वच्छंदता के दायरे में नए ढंग से परिभाषित करने में जुटा हुआ है। वह माता-पिता पक्ष के तमाम रिश्तों (यथा-मौसेरे, चचेरे, ममेरे, फुफेरे आदि) के लफड़े में नहीं पड़ना चाहता। इस तरह के सभी रिश्तों को अपने लिए अनावश्यक बंधन मानता है और सिर से उतार फेंकना चाहता है। अपने जीवन और कर्म में बाधा समझ कर वह इनसे किनारा रखता है। वह अक्सर उनकी अवहेलना और उपेक्षा करता है। और तो और अब रिश्तों से अलगाव की श्रेणी में माता-पिता भी शामिल होने लगे हैं। इसकी पुष्टि वृद्ध माता-पिता की देखरेख न करने की बढ़ती घटनाओं में आसानी से देखी जा सकती है।

बचपन में माता-पिता या किसी प्रौढ़ अभिभावक की देखरेख के अभाव में शिशु के जीवन यानी उसके अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती। एक शिशु माता-पिता के साथ के रिश्तों के केंद्र में रहता है परंतु उम्र के साथ रिश्तों की दिशा, विस्तार और वरीयता बदलती है। किशोर और युवा होते-होते वह परनिर्भर (डिपेंडेंट) शिशु आत्मनिर्भर (इंडिपेंडेंट) होने लगता है। फिर वह समय भी आता है जब शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के दौरान वह रिश्तों की बागडोर अपने हाथों में लेकर उनकी दिशा बदलने लगता है। इस कार्य में भावनात्मक परिवर्तन खास भूमिका अदा करते हैं जो किशोरावस्था विशेष रूप से सक्रिय होते हैं। लड़के और लड़कियाँ एक-दूसरे के प्रति आकर्षित होते हैं। व्यक्ति के विकास के चरणों का एक क्रम प्रत्येक संस्कृति में मिलता है। इसमें रिश्तों की बनावट और बुनावट केंद्रीय महत्व की होती है। व्यक्ति के विकास के लिए आवश्यक जीवन-रस रिश्तों से ही मिलता है।

पिछले कुछ दिनों में ऐसी घटनाओं की खबरें मीडिया में तेजी से आ रही हैं जिनमें निजी रिश्तों में बढ़ती दरारों के चलते बहुत कुछ अवांछित हो रहा है। खासकर उन रिश्तों में जो युवाओं द्वारा खुद अपने निर्णय से सामाजिक मान्यताओं के अंकुश से परे जाकर अंजाम दिए जाते हैं। एक बात साफ है कि इन बेहद निजी मामलों के मूल में अक्सर भावनात्मक त्रासदी ही मुख्य है। पारस्परिक अविश्वास के कारण प्रतिशोध, धोखा और असंतोष की भावना तेजी से बढ़ती है। इस प्रसंग में यह भी रेखांकित किया जाना चाहिए कि आक्रामकता को आज एक परिपक्व और प्रौढ़ व्यक्तित्व की निशानी माना जा रहा है। एक सीमा के बाद रिश्तों के बीच उपजा भावनात्मक संघर्ष प्रज्वलित होकर हिंसक रूप लेने लगता है। हिंसा भड़कने पर बहुत कुछ जीवनविरोधी घटित होने लगता है। आज इस तरह की परिस्थितियों में न केवल आत्महत्याएँ हो रही है बल्कि एक-दूसरे की जान तक ले ली जा रही है। इन स्वयंभू रिश्तों के बीच भावनात्मक उबाल बड़ी आसानी से अकेले व्यक्ति के स्व या आत्म के बोध को प्रभावित करता है। अहम को पहुँच रही चोट की तीव्रता उनमें गहरे मानसिक आघात को जन्म देती है। तब पति, पत्नी, साथी और प्रेमी एक-दूसरे की हत्या तक करने के लिए तैयार हो जाते हैं। मौका पाते ही वे ऐसे जघन्य और आपराधिक कार्य को अंजाम देने में भी नहीं हिचकते।

आज सहिष्णुता के सिमटते दायरों के बीच आपसी रिश्तों में दरारें तेजी से बढ़ रही हैं। इस संदर्भ में यह गौरतलब है कि आज तलाक और अलग-अलग जीवन बिताने (सेपेरेशन) के फैसले बड़ी आसानी से लिए जा रहे हैं। ऐसा लगता है मानों विवाह के बाद तलाक अगला संस्कार है। अकेले, स्वतंत्र और अपने ढंग से अमर्यादित जीवन जीने की प्रवृत्ति आधुनिकीकरण की पहचान होती जा रही है। इसके अंतर्गत जुड़ने और निजी जीवन को अपने पसंदीदा ढंग से जीने की छूट ली जाती है। इसलिए ह्लिव-इन रिलेशनशिपह्ल का स्वेच्छाचार स्त्री-पुरुष के बीच अनर्गल शारीरिक संबंध बनाने की पर्याप्त छूट दे देता है। इस पर कोई सामाजिक नियंत्रण नहीं रहता है और अब इसे प्रौढ़ जीवन जीने की एक विधा मानी जाने लगी है। आत्म-निर्णय और एक-दूसरे के साथ रहने की मौखिक सहमति ही इसके लिए पर्याप्त होती है। इसे गैर-नाजायज मान कर विहित की श्रेणी में रखा जाता है। ऐसे रिश्तों के संदर्भ में समाज के मानक और परिवार की स्वीकृति की भूमिका गौण होती है।

ऐसे बहुतेरे मामलों में ऊपरी आकर्षण ही प्रमुख होता है जो टिकाऊ नहीं होता है। जब यह आकर्षण आयु बढ़ने या किसी तीसरे के प्रति आकर्षण के कारण घटता है या ऊब, थकान के कारण नीरस और बासी पड़ने लगता है तो दोनों व्यक्तियों के बीच जुड़ने और जुड़े रहने का कोई ठोस आधार नहीं बचता और वे अलग हो जाते हैं। जब इस घटनाक्रम में प्रतिशोध और अविश्वास को अवसर मिलता है तो अपने साथी को पीड़ित करने, दंडित करने की सोच प्रबल होने लगती है। चूँकि ऐसे जोड़े अपने को दूसरों से (समाज से) काट कर रखते हैं, कोई समाधान की दिशा नहीं मिलती और अवसर पाकर उनके मन में हत्या जैसे घोर कदम उठाने की तैयारी होने लगती है। समय पर हस्तक्षेप न होने पर वे ऐसे आपराधिक कृत्य को अंजाम देने में सफल हो जाते हैं।

## सूडोकु नवताल- 7383

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7382 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

# रेल विकास : एक पहलू यह भी

**निर्मल रानी**

भारतीय रेल विकास के नित्य नये अध्याय लिख रहा है। अनेक तीव्रगामी ट्रेन संचालित की जा रही हैं। मुंबई-अहमदाबाद के मध्य तो हाई स्पीड रेल/ बुलेट ट्रेन चलने की योजना है। दिसंबर 2023 तक बुलेट ट्रेन संचालन की तैयारी को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। परन्तु अभी तक इसका निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। इसकी अधिकतम गति 320-350 किमी प्रति घंटे की बताई जा रही है। इससे भी आगे बढ़कर 1300 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हाइपर लूप चलाने का भी प्रस्ताव है। अनेक वनदे भारत सेमी हाई स्पीड ट्रेन चल चुकी हैं। इसके अतिरिक्त नमो भारत रैपिड रेल जिसे पहले वंदे भारत मेट्रो के नाम से जाना जाता था वह भी अहमदाबाद और भुज के बीच पहले से ही चल रही थी,अब दिल्ली, गाजियाबाद व मेरठ के बीच लगभग 180 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रही है। इसी तरह अनेक रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण किया जा रहा है। अनेक प्रमुख रेल स्टेशन पर एस्केलेटर / स्वचालित सीढ़ियां लगाई गयी हैं। अनेक रेल स्टेशन पर एक प्लेटफार्म से दूसरे पर जाने के लिये लिफ़्ट लगाई गयी हैं। भीड़ भाड़ वाले स्टेशन पर नए प्लेटफॉर्म बनाये गए हैं। उधर रेल परिवहन क्षेत्र में भी बड़ी क्रांति हुई है जिसके तहत भारत के समर्पित मालवाहक गलियारे (डीएफसी) पर विशेष रेलवे ट्रैक निर्मित किये गए हैं। यह ट्रैक केवल माल परिवहन के लिए डिजाइन किये गए हैं जिनका मकसद माल ढुलाई की क्षमता और गति को बढ़ाना,माल परिवहन की दक्षता और गति में सुधार करना, मौजूदा रेल नेटवर्क पर ट्रेन की संख्या को कम करना और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।

परन्तु इन सब के बावजूद रेल यात्रियों की सुविधा,सुरक्षा व स्वास्थ्य आदि से जुड़े अनेक बुनियादी सवाल अभी भी उसी तरह बरकरार हैं। सरकार भले ही वंदे भारत,राजधानी व शताब्दी जैसी ट्रेनों के संचालन पर इतराती हो परन्तु हक़ीकत तो यह है कि देश की अधिकांश आम जनता इनके अतिरिक्त चलने वाली दूसरी लगभग तीन हजार सामान्य मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स से ही यात्रा करती है। और इन ट्रेन्स में यात्रियों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे बड़ी समस्या तो बर्थ व सीट की उपलब्धता की ही है। लंबी दूरी की गाड़ियों में सामान्य कोच की स्थिति किसी से छुपी नहीं है। न केवल यात्री लटक कर या दरवाजों पर खड़े होकर यात्रा करते हैं बल्कि कभी कभी तो यह यात्री शौचालय में घुसकर उसे भीतर से बंद कर अपनी यात्रा पूरी करते हैं। जिससे ट्रेन के अन्य यात्रियों को भी परेशानी होती है। और जब यही भीड़ अनियंत्रित होती ही तो स्लीपर क्लास से लेकर ए सी कोच तक में अनिधकृत रूप से घुस जाती है। ज्यादा भीड़ देखकर टिकट निरीक्षक भी उन्हें उतारने के बजाये यात्रियों से 'सुविधा शुल्क' लेकर उनकी अवैध यात्रा की अनदेखी कर देते हैं। परिणामस्वरूप आरक्षित यात्रियों व उनके सामन की सुरक्षा तो खतरे में पड़ती ही है साथ ही उन्हें वाशरूम तक पहुँचने व उसे इस्तेमाल करने में भी परेशानी होती है।


दिल्ली, पंजाब,महाराष्ट्र व दक्षिणी राज्यों से बिहार बंगाल की तरफ जाने वाली गाड़ियों में ए सी श्रेणी में उपलब्ध कराये जाने वाले कंबल व चादरों की तो दशा ही मत पूछिए। बहुत सौभाग्यशाली होता होगा वह यात्री जिसे धुली हुई चादर नसीब हो जाती हो। अन्यथा पूर्व के यात्रियों द्वारा प्रयुक्त चादरें ही तह कर और वेंडर के खाकी लिफाफे में पैक कर उसपर टेप लगाकर पुनः दूसरे यात्रयों को दे दी जाती हैं । और कंबल का तो हाल ही मत पूछिए। यह बदबूदार गंदे कंबल तो शायद कभी धोये ही नहीं जाते। देर रात जब बेडिंग आपूर्ति करने वाले स्टाफ को नींद आती है तो यही चादरें और कंबल जो बाद में यात्रियों को भी दिए जाने हैं उन्हें गंदी फर्श पर बिछा कर सो जाते हैं। और सोने में सुहागा यह की उन्हीं कोनों में लोगों ने पान खाकर भी थूका होता है जहाँ वे चादर कंबल बिछा कर सो रहे होते हैं। निश्चित रूप से इस तरह के कंबलों व चादरों का यात्रियों को आवंटित किया जाना यात्रियों के आराम व सुविधा देने से अधिक बीमारियों व संक्रमण को न्यौता जरूर देता है। रेल मंत्रालय को इस दुर्व्यवस्था से सख़्ती से निपटने की जरुरत है।

मेल एक्सप्रैस ट्रेन्स में प्रायः हिजड़ों व महिलाओं के गैंग यहां तक कि सजी धजी सुन्दर लड़कियों के गिरोह सक्रिय रहते हैं। यह यात्रियों से पैसों की उगाही करते हैं। यदि कोई यात्री पैसे नहीं देता तो यह उन्हें अपमानित करने में भी नहीं हिचकिचाते। यदि कोई इज्जतदार व्यक्ति किसी मजबूरीवश निर्धारित टिकट लेकर ट्रेन यात्रा न कर सके या बेटिकट हो अथवा सामान्य टिकट लेकर जल्दबाजी में ए सी कोच में सवार हो जाये तो टिकट निरीक्षक उससे तो बड़े अपराधी की तरह पेश आता है। परन्तु यदि इसतरह के भिखारी हिजड़े या औरतें ट्रेन में मांगते फिरें और यात्रियों के सामन की सुरक्षा के लिये चिंता पैदा करें तो यही टिकट निरीक्षक ऐसे पेशेवर लोगों को कुछ नहीं कहता। गोया इन्हें रेल विभाग की तरफ से ट्रेन में फ़्री यात्रा करने व यात्रियों से पैसे ऐंठने का लाइसेंस हासिल हो?

और दूसरी महत्वपूर्ण समस्या खानपान की स्तरीय आपूर्ति की है। चाहे वह चलती गाड़ी के कोच में यात्रियों को उपलब्ध कराया जाने वाला चाय,नाश्ता खाना हो या फिर रेलवे प्लेटफॉर्म पर बिकने वाली खाने पीने की वस्तुयें किसी का भी कोई स्टैण्डर्ड नहीं है। कभी भी आपको कोई यात्री ऐसा नहीं मिलेगा जो रेल में आपूर्ति की जाने वाली चाय पान खाना आदि की तारीफ करता नजर आ जाये।

## दैनिक पंचांग

**28 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.51 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | वृष | 08.31 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मिथुन | 10.29 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 12.42 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 14.58 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 17.10 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 19.21 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 21.36 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 23.52 बजे से |
| | | मकर | 01.57 बजे से |
| | | कुंभ | 03.43 बजे से |
| | | मीन | 05.16 बजे से |

**राहुकाल** 10.30 से 12.00 बजे तक

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 87 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्दशी 19.56 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 22.10 बजे को समाप्त। **योग** शुभ 05.57 बजे तदनन्तर शुक्ल( शुक्र )02.07 बजे रात्र को समाप्त। **करण** विष्टि 09.33 बजे तदनन्तर शकुनि 19.56 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 03° 00'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872297
**जूलियन दिन** 2460762.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रमजान
**तारीख** 27

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

**एक नजर**

## डीसी ने की खेल और पर्यटन विभाग के कार्यों की समीक्षा

**खूंटी** : उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला खेल एवं पर्यटन संवर्धन समिति की गुरुवार को समाहरणालय कक्ष में हुई बैठक में खेल एवं पर्यटन विभाग से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों और संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने खूंटी जिले में खेल संरचनाओं के विकास के लिए मिनी स्टेडियम, हॉकी मैदान के निर्माण के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। सभी अंचल अधिकारियों को आवश्यक भूमि चिह्नित कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने और कार्यकारी एजेंसी द्वारा मॉडल इस्टीमेट तैयार कराने के निर्देश दिए गए। पिछले दिनों आई बारिश, ओलावृष्टि के कारण बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम खूंटी के प्रवेश द्वार के पास स्थित गैलरी शेड को हुए नुकसान के मद्देनजर उपायुक्त ने उसके पुनर्निर्माण का निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिया। इसके अलावा पर्यटन विभाग से जुड़े पेरवाघाघ, रानी फॉल, दशम फॉल समेत अन्य स्थानों पर संचालित विकास कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। बैठक के उपरांत उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने राज्य स्तरीय एएसएमआइटीए हॉकी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले जूनियर एवं सब-जूनियर महिला खिलाड़ियों तथा उनके कोचों से मुलाकात की।

## जेटीइटी, टीजीटी और जेएसएससी परीक्षा का कैलेंडर जारी करने की मांग

**खूंटी** : छात्र युवा अधिकार संघ ने जेटीइटी, टीजीटी और जेएसएससी परीक्षा का कैलेंडर जारी करने की मांग सरकार से की है। उमेश कुमार की अध्यक्षता में इसको लेकर गुरुवार को ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। ऑनलाइन बैठक में झारखंड के विभिन्न जिलों के सैकड़ो छात्र प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में शामिल जीवन कुमार ने कहा कि झारखंड में नई सरकार के बने तीन महीने खत्म होने को हैं। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छात्रों-युवाओं से वादा किया था कि जेएसएससी परीक्षा कैलेंडर 2024 के अंतिम में ही जारी कर दिया जाएगा, परंतु आज तक कैलेंडर जारी नहीं हो पाया। सरकार अपने वादे को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के पाठ्यक्रम में बदलाव और परीक्षा आयोजन का लाखों छात्र इंतजार कर रहे हैं। क्रिम कुमार ने कहा कि झारखंड के पड़ोसी राज्य बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में लगातार पुलिस, कर्मचारी, शिक्षक व अधिकारी स्तर की नियुक्तियां कराई जा रही है, लेकिन झारखंड में नियुक्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की सकारात्मक कार्रवाई देखने को नहीं मिल रही है।

## नगर निगम ने चलाया पानी बचाओ अभियान

**पलामू** : भीषण गर्मी को देखते हुए नगर निगम मेदिनीनगर की ओर से जलापूर्ति के पोषक क्षेत्र में गुरूवार को जल जागरूकता और पानी बचाओ अभियान चलाया गया। निगम की टीम ने पानी सप्लाई के समय लोगों के बीच जाकर जागरूक किया गया और समझाया गया कि आने वाली भीषण गर्मी में पानी की समस्या से निपटने के लिए सबको अपना कर्तव्य निभाना होगा। इसके लिए स्टैंड पोस्ट में और अपने घरेलू कनेक्शन में नल लगाए। पानी की खपत कम करे। नगर आयुक्त जावेद हुसैन के निर्देश पर पाइपलाइन निरीक्षक छोटे लाल गुप्ता के नेतृत्व में सुबह में पानी आपूर्ति के समय यह अभियान चलाया गया। अक्सर देखा गया कि लोग जलापूर्ति के समय गाड़ी धोते हैं। रोड में पानी डालते हैं तथा गार्डेनिग करते हैं, जिससे दूसरे मुहल्ले के घरों में पानी नहीं पहुंच पाता है।

# सबको एक साथ लेकर चलना मेरी पहली प्राथमिकता होगी : वीरेंद्र पांडेय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** जिले के झुमरी तिलैया ब्लॉक रोड स्थित साहू धर्मशाला दिन गुरुवार को समय 11:00 बजे झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति के द्वारा स्वागत सह समारोह जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय के अध्यक्षता में आयोजित की गई। स्वागत समारोह में सबसे पहले नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय को झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की और से नेता एवं सदस्यों में और पार्टी की नेताओं एवं कार्यकताओं ने उन्हें फूलमाला पहनाकर एवं गुलदस्ता देखकर उनका स्वागत किया गया, उसके बाद जिला उपाध्यक्ष नंदकिशोर मेहता एवं कोषाध्यक्ष छोटेलाल विश्वकर्मा का स्वागत किया। स्वागत सह सम्मान समारोह में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति कोडरमा के अंतर्गत सभी सभी प्रखंडों के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव व उपाध्यक्ष को में फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति के द्वारा मुझ पर भरोसा जताते हुए पार्टी में इतनी बड़ी बड़ी जिम्मेवारी दी है उसके लिए मैं केंद्रीय अध्यक्ष सह वर्तमान राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन, झारखंड के युवा यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पार्टी महासचिव विनोद कुमार पांडेय को जोहार कहकर उनका आभार प्रकट करता हूं, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी में सभी को लेकर चलना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की सांप्रदायिक शक्ति के द्वारा द्वारा जिस प्रकार से झारखंड के के युवा लोकप्रिय मुख्यमंत्री को जेल भेज कर झारखंड की गठबंधन सरकार को गिराने का साजिश उनके द्वारा किया गया था। लेकिन उनका यह साजिश नाकाम हो गया। लोकसभा चुनाव व विधानसभा चुनाव में झारखंड के गरीब दलित अल्पसंख्यक पिछड़ा सभी जाति धर्म के लोग ने इन्हें मुंह तोड़ जवाब दिया।पुनःएक बार फिर झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी और अच्छे तरीके से चल रही है। हमारी सरकार ने झारखंड की महिलाओं को मईया सम्मान योजना से जोड़कर उन्हें सबसे बड़ा तोहफा देखा सम्मानित किया है लेकिन पूर्व की भाजपा सरकार ने महिलाओं के लिए कुछ भी नहीं किया जिसका परिणाम उन्हें चुनाव में देखना पड़ा है स्वागत सह सम्मान समारोह संचालन पूर्व जिला संयुक्त सचिव रामप्रसाद सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष नंदकिशोर मेहता ने किया। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य गंगा प्रसाद यादव, बैजनाथ मेहता, संजय पांडेय, उमेश राम, संजय सजान, अब्दुल कुदुस, दीपक विश्वकर्मा अशोक सिंह, सुरेंद्र मेहता, प्रदीप चौधरी गुल्लू स्वर्णकार, निर्मला तिवारी बेबी देवी विश्वनाथ राय, अशरफ अंसारी, पार्टी के नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्कूलों की मनमानी के खिलाफ कल अभिभावक संघ देंगी धरना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया** : ब्लॉक मैदान स्थित साहू धर्मशाला में अभिभावक संघ की एक बैठक आयोजित की गई है। जिसमें आगामी कार्यक्रमों के तहत 29 मार्च को कोडरमा समाहरणालय के पास निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ धरना करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान अभिभावक संघ ने जिले के सभी जागरूक अभिभावको से अनुरोध किया है कि उक्त धरना में अधिक से अधिक लोग पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। मौके पर आज की बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक नरेंद्र सिंह चंदेल, रामप्रसाद सिंह, संघ के अध्यक्ष संजय साजन, सचिव भानु प्रताप सिंह अली हेदर बंटी, अंकित कुमार यादव विशाल यादव, मनोज सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

## मानव के लिए समाज सर्वोपरि है, मनुष्य सामाजिक प्राणी है : बलराम भारती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** झारखंड कुशवाहा चासा सेवा समिति कोडरमा, प्रधान कार्यालय डोमचांच का 22 वां त्रैवार्षिक चुनाव का शाखा नावाडीह का चुनाव 25 मार्च को शिव शक्ति धाम के प्रांगण में रात्रि को विद्वान अधिवक्ता तारकेश्वर मेहता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समिति का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान हेतु समर्पित है। 1959 ई० से लगातार समिति लोगों की सुख-दुःख के सेवा में तत्पर है। चुनावी सभा के दौरान कई वक्ताओं ने संगठन की मजबूती पर अपना बहुमूल्य विचार दिया। मुख्य चुनाव प्रभारी बलराम भारती, सहायक चुनाव प्रभारी संजीत कुमार मेहता, केंद्रीय समिति के सभापति, उपसभापति, संरक्षक, अंकेक्षक, अंकेक्षक, महामंत्री, उप महामंत्री, क्षेत्रीय मंत्री, व्यवस्थापिका सभा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी एवं विभिन्न शाखा के मंत्री एवं सभापति की उपस्थिति में नावाडीह शाखा समिति का चुनाव बड़े गहमा गहमी के साथ संपन्न हुआ। चुनाव में सर्वसम्मति से व्यवस्थापिका सभा सदस्य के लिए मंजू देवी, अधिवक्ता तारकेश्वर मेहता, लक्ष्मण मेहता, नवीन कुमार, रौशन कुमार का चयन किया गया। वहीं शाखा सभापति हेमलाल मेहता, उपसभापति पुष्पा देवी, मंत्री सुरेंद्र मेहता, आनंद राज तथा गटी महतो संजय चौधरी का चयन सर्वसम्मत से किया गया।शाखा संगठन मजबूत के लिए शांति सुरक्षा दल का भी चयन किया गया।

## आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें त्योहार : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** बिरसा सांस्कृति भवन कोडरमा में जिला दण्डाधिकारी -सह- उपायुक्त मेघा भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा जिला स्तरीय शांति समिति एवं रामनवमी अखाड़ा समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर आगामी पर्व त्योहार (रामनवमी, ईद, सरहुल पर्व) के दौरान विधि व्यवस्था, शांति व्यवस्था एवं जनसुविधाओं तथा सुगम यातायात व्यवस्था के संदर्भ में चर्चा कर सबसे सहयोग की अपील की गई। जिला दण्डाधिकारी -सह- उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि पर्व-त्योहार खुशियां मनाने और बांटने का अवसर होता है, ऐसा वातावरण बनायें कि लोग परिवार के साथ आपकी खुशियों में शामिल हो सकें। जिला प्रशासन नागरिक सुविधाओं की बेहतरी का ध्यान रखेगी, लोग संयमित एवं अनुशासित तरीके से पर्व-त्योहार मनायें। शांति समिति सदस्यों से अपील है कि जुलूस में चलते समय शराब या किसी अन्य मादक पदार्थ का सेवन कर के कोई व्यक्ति शामिल नहीं हो इसका ध्यान रखेंगे। डीजे पर पूर्णतया पाबंदी रहेगी। लाउडस्पीकर या ध्वनि उत्सर्जित करने वाले अन्य उपकरण का उपयोग मानक के अनुसार करें, डीजे का प्रयोग नहीं कर एक मिसाल कायम करें। जुलूस में ऐसे गाने नहीं बजने दें, जो अश्लील हो या जिससे किसी समुदाय की भावना आहत हो। जिला प्रशासन सोशल मीडिया पर सख्त निगरानी रखेगी, सावधानी से सोशल मीडिया का उपयोग करें, किसी तरह के अफवाहों पर ध्यान नहीं दें, भ्रामक एवं अपुष्ट खबरों का सत्यापन प्रशासन से जरूर करा लें। तय रूट पर ही जुलूस निकालेंगे। साफ-सफाई, पेयजल, सड़क मरम्मतीकरण, जर्जर बिजली पोल मरम्मतीकरण, मेडिकल जैसे कुछ सुझाव को लेकर संबंधित पदाधिकारी को तत्काल आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया है। जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष को 247 क्रियाशील रखते हुए सभी जुलूस पर निगरानी रखी जाएगी ताकि असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण रखा जा सके। सीसीटीवी, ड्रोन और विडियोग्राफी के माध्यम से असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जायेगी। आपसी सौहार्द्र और त्योहार के शांति व्यवस्था को बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने कहा कि सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को लेकर पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी। संवेदनशील स्थानों पर विशेष चौकसी बरती जाएगी । आपके उत्सव के माहौल में कोई बाधा नहीं पहुंचाये इस उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा सभी एहतियाती कदम उठाये जा रहे हैं । ध्यान रखें की जुलूस मार्ग का विचलन किसी प्रकार से नहीं हो। उन्होंने कहा कि सभी अखाड़ा समिति अपने वॉलंटियर की सूची फोन नंबर सहित स्थानीय थाना में उपलब्ध करा दें ताकि समन्वय बनाकर कार्य किया जा सके।


## झंडा समिति मोरियांवा के अध्यक्ष बने विकास

**कोडरमा** : झंडा समिति 2025 की एक एक आम बैठक मोरियांवा, वार्ड नंबर 8 और 28 में गुरुवार को की गई। जिसमें सर्वसम्मति से झंडा समिति का अध्यक्ष विकास कुमार बर्णवाल उर्फ मोनू , सचिव पवन पंडित को चुना गया। इस मौके पर अध्यक्ष विकास बर्णवाल ने कहा कि झंडा समिति मोरियावां इस वर्ष भी भव्य रूप से झाकियों के साथ जुलूस निकाला जाएगा और बड़े धूमधाम से झंडा चौक पर झांकी तथा पारंपरिक खेलो के प्रदर्शन किया जाएगा। वही वर्तमान में कमेटी का विस्तार करते हुए कोषाध्यक्ष चंदन मोदी, पंकज पंडित, संरक्षक मनोज साव, बलराम यादव, ईश्वर देव बर्णवाल सदस्य में विजय साव, पप्पू यादव, दिलीप कुमार, मनीष कुमार दास, मनोज यादव , प्रिंस साव, किशोर पंडित, सूरज यादव, रोहित राणा, संतोष राणा, दीपक कुमार यादव, भोला राणा आदि का नाम शामिल है।

### राजद नेता के आवास में दावत-ए-इफ्तार का हुआ आयोजन

# गंगा-यमुनी तहजीब और कौमी एकता-भाईचारा की संस्कृति हमारी पहचान : सुभाष यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** राजद नेता और कोडरमा विधानसभा के पूर्व राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव के विशुनपुर आश्रम रोड स्थित राजद प्रधान कार्यालय में 27 मार्च को राष्ट्रीय जनता दल ने दावत-ए-इफ़्तार का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिप चेयरमैन सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने की। माह-ए-रमजान के मौके पर राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के मेजबानी में दावत-ए-इफ़्तार में भारी संख्या में रोजेदारों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। दावत-ए-इफ़्तार की शुरूआत भादोडीह के शादाब हाफिज ने दुवा पढ़कर रोजा खोला गया।साथ ही रोजेदारों ने देश में अमन चैन और खुशहाली के लिए दुवाएं मांगी। शाम करीब 6 बजे दावत-ए-इफ़्तार में पहुंचे रोजेदारों ने खुजुर और जूस पीकर आफ्तारी की। राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव ने कहा कि हिंदुस्तान की हजारो सालों की सभ्यता संस्कृति गंगा-यमुनी सभ्यता और कौमी एकता से जुड़ी है।साथ ही भाईचारा हमारी संस्कृति का मजबूत धरोहर है। लेकिन मौजूदा वक्त मे भारतीय पहचान को मिटाने की कोशिश की जा रही है और पौराणिक संस्कृति-परंपरा को मिटाने के लिए सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का षडयंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने कहा की भारत भूमि का इतिहास सभी धर्मों के वीरों की कहानियों से भरा पड़ा है। लेकिन देश के वीरों और पूर्वजों की विरासत को मिटाकर एकल विचार थोपा जा रहा है। जिससे देश में संस्कृति और परंपरा का ह्रास हो रहा है। उन्होंने कहा की राष्ट्रीय जनता दल सभी धर्मों और पंथ का सम्मान करती है। कौमी एकता बनाये रखने और पौराणिक संस्कृति-परंपरा में अटूट विश्वाश रखती है। राजद हिन्दू-मुस्लिम, सिख, ईसाई के बीच भाईचारा बढ़ाने के लिए अपनी जिम्मेवारी बखूबी अदा करेगी। उन्होंने कहा कि पवित्र महीना माह-ए-रमजान में रोजेदारों के लिए दावत-ए- इफ़्तार समाज और देश को मजबूत बनाएगी। जिप चेयरमैन सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव नें कहा कि रमजान बरकत का महीना है।

**संक्षिप्त खबरें**

## रामनवमी के आयोजन को लेकर महासमिति संग अखाड़ा समितियों की हुई बैठक



**कोडरमा** : रामनवमी महासमिति के आह्वान पर विभिन्न अखाड़ा समितियों की बैठक गुरुवार को ध्वजाधारी आश्रम में सम्पन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता मनोज कुमार झुन्नू जबकि संचालन अजय पांडेय ने किया। बैठक में शोभा यात्रा, शस्त्र प्रदर्शन, शौर्य प्रतियोगिता एवं झाँकी प्रदर्शन के प्रारूप को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। महासमिति की ओर से सभी अखाड़ा समितियों को महावीरी झंडा मिलान को लेकर गांधी चौक स्थित आयोजन स्थल में शामिल होने को आमंत्रित किया गया। जहां पुष्पवर्षा करते हुए उनका स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। झांकी और शौर्य प्रतियोगिता में बेहतर करने वाले अखाड़ा समिति एवम प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। बैठक में समवेत स्वर से रामनवमी महोत्सव को सौहार्द पूर्ण वातावरण में आयोजन को लेकर सभी अखाड़ा समितियों से अनुशासित होकर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई। इस मौके पर रामनवमी महासमिति संरक्षक प्रवीण चंद्रा, उपाध्यक्ष अजीत वर्णवाल सचिव उत्तम कुमार, अखाड़ा प्रमुख शशि सिंह, दीपक सिंह, अक्षय रंजन, गोपाल यादव, अजय झा, संजय पासवान, अनंत किशोर सिंह, संतोष श्रीवास्तव, अमरदीप गिरी, संजय सिंह, सुरेश सिंह, रामचन्द्र यादव, पंकज शर्मा, नगीना पासवान, परमवीर प्रताप, मनीष कुमार, हीरालाल यादव समेत विभिन्न अखाड़ो के पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग शामिल हुए।

## झारखंड कॉलेज आफ फार्मेसी दावते इफ्तार का हुआ आयोजन



**कोडरमा** : झारखंड एजुकेशनल कल्चरल एवं डेवलपमेंट सोसाइटी के तत्वाधान संचालित झारखंड कॉलेज आफ फार्मेसी दावते इफ्तार का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में भाईचारा एवं आपसी सौहार्द को बनाए रखने के प्रेरित किया संस्था डी द्वारा समाज सभी लोगों को आपस मिलजुल कर भाईचारा एवं सौहार्द पूर्व एक साथ के सशक्त सके। झारखंड एजुकेशनल एंड कल्चरल डेवलपमेंट सोसाइटी की दानदाता सदस्य द्वारा दावते पार्टी उत्साह करने के लिए गया कॉलेज आफ फामेर्सी कोऑर्डिनेटर अरमान हुसैन सर द्वारा दावत इतवार पार्टी का आयोजन डॉ मनीष पंकज आलमगीर शेख निजाम नूर रिजवान अख्तर ऑफ फामेर्सी के प्रिंसिपल मिथिलेश कुमार झारखंड टीचर ट्रेनिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डॉक्टर कुमार यादव प्रोफेसर सुरभि कुमारी प्रोफेसर सुनील कुमार अजय भट्टाचार्य डॉक्टर सुरेंद्र कुमार प्रोफेसर अनिल कुमार अमित कुमार उपस्थित रहे।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने 2(एफ) मान्यता प्राप्त कर नई पहचान को दिया आयाम

**कोरडमा** : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने अपने निरंतर प्रयास एवं प्रतिबद्धता द्वारा भारत सरकार के अंतर्गत संचालित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, दिल्ली (यूजीसी) से 2 एफ एक्ट की मान्यता दिनांक 26 मार्च 2025 को सफलतापूर्वक प्राप्त किया। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन उक्त मान्यता प्राप्त करने वाला जिले का पहला महाविद्यालय बना। प्रमाण पत्र प्राप्ति के उपरान्त महाविद्यालय में हर्ष का वातावरण सृजन हुआ तथा सभी सदस्य एक दूसरे को बधाई दिए।इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष मनीष कपसीमे, सचिव अविनाश कुमार सेठ,उप निदेशिका डॉ संजीता कुमारी एवं प्राचार्या डॉ मृदुला भगत ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त की और कहा कि यह मान्यता कॉलेज को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में अहम भूमिका अदा करेगा तथा उन्होंने कॉलेज के सभी सदस्यों और शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## पांच दिवसीय आवासीय योग शिविर के दूसरे दिन गूंजी आध्यात्मिकता की ध्वनि

**झुमरी तिलैया** : डोमचांच महिला महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित पाँच दिवसीय आवासीय योग शिविर का दूसरा दिन आध्यात्मिक ऊर्जा और उल्लास से परिपूर्ण रहा। स्वामी विप्र देव जी के सान्निध्य में योग साधकों ने आत्मशुद्धि और स्वास्थ्यवर्धक प्रक्रियाओं में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रभारी राम पुकार जी ने की।स्वामी विप्र देव जी ने दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया और साधकों को योग की महिमा से अवगत कराते हुए कहा कि शरीर का समुद्र मंथन करें और विषाक्त तत्वों को बाहर निकाल फेंकें। उन्होंने योग को आत्मशुद्धि और मानसिक शांति का सर्वोत्तम साधन बताया।महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी चंद्र लता वर्णवाल ने शिविर को संगीतमय बना दिया, जिससे साधकों का उत्साह और बढ़ गया। भजनों की मधुर ध्वनि के बीच योगाभ्यास ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। शिविर में भाग लेने वाले साधकों को अमृत पान, दिव्य पेय और पीड़ा नाशक पेय जैसे विशेष औषधीय पेय पदार्थ प्रदान किए गए। इसके अलावा, मिट्टी स्नान (मड़ स्नान), शंख प्रक्षालन, जल नीति और सूत्र नीति जैसी प्राकृतिक उपचार प्रक्रियाएँ भी कराई गईं। शिविर में सैकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और योग तथा प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ उठाया। शिविर में सुरेश कुमार, प्रखंड प्रभारी शकुंतला मेहता, सुनील कुमार, राजेश पांडेय, राजेंद्र प्रसाद, डीलो, शीला वर्णवाल, संगीता वर्णवाल सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने योगदान दिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति जागरूक करना था, जिससे वे अपने शरीर को स्वस्थ और समृद्ध रख सकें तथा विदेशी दवाओं के दुष्प्रभावों से बच सकें। आयोजकों ने योग और आयुर्वेद को अपनाने का संदेश दिया, ताकि संपूर्ण समाज एक स्वस्थ जीवनशैली की ओर अग्रसर हो सके।

## प्रेरणा शाखा की नई कार्यकारिणी गठित सारिका लड्डा बनी अध्यक्ष



**झुमरी तिलैया** : समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय प्रेरणा शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सारिका लड्डा को अध्यक्ष चुना गया, जबकि आकृति चौधरी को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन की नई टीम समाजसेवा के विभिन्न कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कार्य करेगी।

**एक नजर**

## अदरक बीज वितरण से किसानों को मिला लाभ



**साहिबगंज :** उद्यान विकास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024–25 में जिले के उधवा प्रखंड में किसानों को अदरक की खेती के लिए प्रेरित करने हेतु बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस योजना के अंतर्गत जेएसएलपीएस द्वारा चयनित सखी मंडल की दीदी किसानों के बीच अदरक बीज का वितरण किया गया। उधवा प्रखंड के आतापुर पंचायत और श्रीधर दियारा में उधवा बीपीएम जाकिन हुसैन एवं उद्यान विभाग के प्रतिनिधि प्रेम पासवान के संयुक्त प्रयास से किसानों को घर–घर जाकर प्रति किसान दो क्विंटल अदरक बीज उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर बीपीएम जाकिन हुसैन ने कहा कि इस योजना से किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि अदरक की खेती से किसान अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं और आने वाले दिनों में जिले के कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति आ सकती है। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के एफटीसी मनोज, बागवान मित्र जीतन रविदास समेत कई किसान और सखी मंडल की दीदी उपस्थित थीं।

## दो पक्षों में मारपीट के दौरान चोट लगने से घायल बालक की इलाज के दौरान मौत



**साहिबगंज :** शहर के गंगानदी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर मकई टोला गांव में बुधवार को दो पक्षों में मारपीट के दौरान 2 वर्ष के बालक को चोट लगने से गंभीर हो गया। गंभीर बालक के परिजनों ने गंगानदी थाना लाया। थाना प्रभारी के द्वारा बुधवार की रात्रि इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। अस्पताल के डॉक्टर ने बालक की स्थिति को नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया इसके बाद परिजनों ने गुरुवार को आनन–फानन में बालक को नजदीकी क्लिनिक डॉ महमूद आलम के क्लीनिक में भर्ती कराया और इलाज के दौरान बालक की मौत हो गई। बताया जा रहा है की गंगानदी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर मकई टोला निवासी मालवा चौधरी के 2 वर्ष के बालक नीतू कुमार है। बालक के दादी मां सावित्री मोसमात ने बताई की हमारा पोता दरवाजे पर खेल रहा था और 10 लोग आकर आपस में मारपीट करने लगा उसी दौरान बच्चा को चोट लग गया चोट लगने के बाद बच्चा को उल्टी होने लगा,आगे बालक की दादी मां ने बताई की गांव की ही सुनील के साथ शंकर चौधरी, सिराज चौधरी, कुलदीप चौधरी व अन्य लोगों के साथ लड़ाई झगड़ा हो रहा था लगभग 10 से 15 लोग थे। उसी दौरान बच्चा को चोट लग गया। इधर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। बालक का शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया मेडिकल बोर्ड के द्वारा शव पोस्टमार्टम किया गया।

## कदमा में नक्शा का विचलन कर बन रहा था भवन, जेएनएसी ने तोड़ा

**जमशेदपुर:** जमशेदपुर के कदमा स्थित उलियान अशोक पथ में नक्शा का विचलन कर मकान का निर्माण किया जा रहा था। यहां भवन मालिक सुरेंद्रनाथ पांडेय जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति से अनुमति लिए बिना भवन के तीसरे तल्ले का निर्माण करा रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही जेएनएसी की इंफोर्समेंट टीम ने बुधवार को पहुंचकर निर्माणाधीन तीसरे तल्ले को तोड़ दिया।

# रामनवमी, ईद, सरहुल एवं चैती दुर्गापूजा के मद्देनजर जिला शांति समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** ज़िले के कृषि उत्पादन बाजार समिति पाकुड़ मे उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार द्वारा जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर आगामी पर्व त्योहार के दौरान विधि व्यवस्था, शांति व्यवस्था एवं जनसुविधाओं तथा सुगम यातायात व्यवस्था के संदर्भ में चर्चा कर सबसे सहयोग की अपील की गई। उपायुक्त ने कहा कि पर्व-त्योहार खुशियां मनाने और बांटने का अवसर होता है, ऐसा वातावरण बनायें कि लोग परिवार के साथ आपकी खुशियों में शामिल हो सकें। जिला प्रशासन नागरिक सुविधाओं की बेहतरी का ध्यान रखेगी, लोग संयमित एवं अनुशासित तरीके से पर्व-त्योहार मनायें। शांति समिति सदस्यों से अपील है कि जुलूस में चलते समय शराब या किसी अन्य मादक पदार्थ का सेवन कर के कोई व्यक्ति शामिल नहीं हो इसका ध्यान रखेंगे। डीजे का प्रयोग नहीं कर एक मिसाल कायम करें। जुलूस में ऐसे गाने नहीं बजने दें, जो अश्लील हो या जिससे किसी समुदाय की भावना आहत हो। जिला प्रशासन सोशल मीडिया पर सख्त निगरानी रखेगी, सावधानी से सोशल मीडिया का उपयोग करें, किसी तरह के अफवाहों पर ध्यान नहीं दें, भ्रामक एवं अपुष्ट खबरों का सत्यापन प्रशासन से जरूर करा लें। किसी भी प्रकार से जुलूस के पुराने रूट चार्ट में विचलन की अनुमति नहीं दी जाएगी। साफ-सफाई, पेयजल, बिजली आदि जैसे कुछ सुझाव को लेकर संबंधित पदाधिकारी को तत्काल आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया है। जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष को 247 क्रियाशील रखते हुए सभी जुलूस पर निगरानी रखी जाएगी ताकि असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण रखा जा सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी वॉलंटियर की सूची सभी समिति दे। लाठी या पारंपरिक अस्त्र से कलाबाजी जुलूस में वे लोग ही करें जिन्हें कलाबाजी ठीक तरीके से आती है। सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को लेकर पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी। संवेदनशील स्थानों पर विशेष चौकसी बरती जाएगी। आपके उत्सव के माहौल में कोई बाधा नहीं पहुंचाये इस उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा सभी एहतियाती कदम उठाये जा रहे हैं। ध्यान रखें की विसर्जन जुलूस मार्ग का विचलन किसी प्रकार से नहीं हो। विसर्जन में समयसीमा का विशेष ध्यान रखें।

## रामनवमी, चैती छठ, सरहुल व ईद को लेकर एसपी ने किया मॉक ड्रिल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** पुलिस लाइन मैदान में गुरुवार को एसपी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में आगामी रामनवमी, चैती दुर्गा, छठ, सरहुल, ईद, पर्व को लेकर मॉक ड्रिल किया गया। जिसमें पुलिस जवानों, थाना प्रभारी को मॉक ड्रिल कराया गया। आंसु गैस के गोले, रबर बुलेट सहित सभी तरह के दंगा रोधी मॉक ड्रिल किया गया। एसपी ने कहा कि आगामी पूजा त्योहार में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी। जहां हुडदंगी, उपद्रवी, नशेबाज पर विशेष नजर रहेगी। जुलूस रूट में पड़ने वाले संवेदनशील व अति संवेदनशील क्षेत्रों के ओर उससे सटे गली मुहल्ले में विशेष चौकसी, विशेष निगरानी रखी जाएगी और ड्रोन सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। शहर में जगह-जगह पर बैरिकेटिंग की जाएगी। आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले पर कड़ी से कड़ी करवाई की जाएगी। सभी शहरवासी मिलकर शांतिपूर्ण पूजा त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाए।

## विधायक के निर्देश पर लगा 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा :** विधायक कक्ष में बरहरवा प्रखंड के बटाईल पंचायत के चण्डी झोपडीया से पहुंचे ग्रामीणों ने बांस के झाड़ में आग लग जाने से ट्रांसफर्मर के जल जाने की लिखित शिकायत पिछले मंगलवार को आवेदन के माध्यम बरकत खान के समक्ष रखा था, बरकत खान ने तुरन्त इसकी जानकारी विधायक निसात आलम को दी। त्वरित कार्रवाई करते हुए विभाग को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द वहां ट्रांसफार्मर लगाया जाए। विभाग के द्वारा 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर बीते बुधवार को निर्देश के अनुसार सुरक्षित स्थान में लगा दिया है,जिसका विधिवत उद्घाटन बृहस्पतिवार को कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने ग्रामीणों की उपस्थिति में फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। बिजली दोबारा गांव में आ जाने से ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी का लहर देखा गया, विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने बताया कि जनता की हित का ही हमारी कांग्रेस पार्टी है, यथासंभव जो भी हमारे पार्टी से जनकल्याण के लिए जो भी काम लेकर फरियादी आएंगे हमारी पार्टी उसे निस्वार्थ भाव से काम करेंगे। जो भी फरियादी किसी भी समस्या को लेकर हमारे समक्ष आएंगे हमारे कांग्रेस पार्टी के दरवाजे दिल से हमेशा खुले रहेंगे। ग्रामीणों ने विधायक निसात आलम एवं विधायक प्रतिनिधि बरकत खान को अंतरात्मा से आभार व्यक्त एवं दीघार्यु जीने का आशीर्वाद दिया। मौके पर बटाइल पंचायत के मुखिया समुद्री बासकी, पंचायत समिति सदस्य शंभू रजक, मंसूर रहमान, विक्की कुमार, दशरथ घोष, झंटू यादव, आदि मौजूद थे।

## फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़/अमड़ापाड़ा :** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड में फरार चल रहे तीन नामजद अभियुक्तों को बुधवार की देर रात गिरफ्तार कर गुरुवार को अमड़ापाड़ा पुलिस ने जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कांड संख्या 05/21 के तहत तीनों अभियुक्त के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज था। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनूप रौशन भेंगरा के नेतृत्व में देर रात प्रखंड के पचुवाड़ा गांव अंतर्गत रांगा टोला में छापेमारी की गई।

उपरोक्त क्रम में पचुवाड़ा गांव के रांगा टोला से आरोपियों जयदेव केवट, बलराम केवट और सुखदेव केवट को उसी के घर से गिरफ्तार किया गया।

## महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन का हुआ वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले में गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाडिस बाड़ा के द्वारा महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण किया गया। उपायुक्त ने मौके पर कहा कि मोबाइल के द्वारा सरकारी कार्य - दायित्व को उचित एवं त्वरित गति से निर्वहन करने में सहायता मिलेगी। सभी महिला पर्यवेक्षक एवं सेविका पोषण ट्रैकर एप, टीएचआर के एफआरएस, आधार सीडिंग, लाभुकों के फोटो आदि का कार्य ससमय निष्पादित करें। आंगनबाड़ी सेविकाएं अब पोषण ट्रैकर ऐप और स्मार्ट समर ऐप के माध्यम से गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं, 0 से 6 वर्ष तक के बच्चे और किशोरी बालिकाओं को कुपोषण मुक्त करने से संबंधित सेवाएं डिजिटल रूप से दर्ज कर सकेंगी। अब महिला पर्यवेक्षिकाएं भी ऐप के माध्यम से सेवाओं की निगरानी करेंगी जिससे व्यवस्था पारदर्शी और प्रभावी होगी।

## स्कूली छात्राएं सड़क दुर्घटना में घायल, अस्पताल में भर्ती



**साहिबगंज :** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत झंडा मेला के समिप सड़क दुर्घटना में स्कूली छात्राएं घायल हो गई। घायल छात्राएं के परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि छोटा पचगढ़ निवासी संजय तांती की पुत्री बाइक दुर्घटना में घायल हो गई। घायल की मां बीना देवी ने बताई कि हमारी पुत्री अपने घर छोटा पचगढ़ से गर्ल्स हाई स्कूल जा रही थी। उसी दौरान छोटा पचगढ़ में बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिसमें पुत्री घायल हो गई घायल, राधिका कुमारी 10 वर्षीय क्लास नौ की छात्रा है। फिलहाल घायल का इलाज सदर अस्पताल में डॉक्टर के देखरेख में चल रहा है।

# रामनवमी जुलूस में भड़काऊ गाना बजाया तो होगी कार्रवाई : एसडीओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला :** चांडिल अनुमंडल सभागार में एसडीओ विकास कुमार राय की अध्यक्षता में गुरुवार को अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में लोगों से रामनवमी, ईद व सरहुल का त्योहार शांतिपूर्ण व भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। एसडीओ ने कहा कि रामनवमी जुलूस जुलूस में ऐसा कोई गाना ना बजाएं और नारा ना लगाएं जिससे किसी समुदाय विशेष को आहत पहुंचे। ऐसा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। धार्मिक पर्वों पर पुलिस प्रशासन की असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रहेगी। एसडीपीओ अरविंद कुमार बिन्हा ने कहा कि सभी अखाड़ा कमेटियां अपने कार्यकताओं को पहचान पत्र बनाकर दें। सोशल मीडिया पर ऐसा पोस्ट अपलोड नहीं करें जिससे किसी की भावना आहत हो। डीजे पर अश्लील गाने नहीं बजाएं। बैठक में बिजली विभाग के प्रतिनिधि की अनुपस्थिति पर एसडीओ ने विभाग के अभियंता को शो-कॉज करने का निर्देश दिया। पंचायत समिति सदस्य रजिया सुल्तान ने चांडिल बाजार मुख्य मार्ग पर नाली के बहते गंदा पानी को रोकने व नालियों की सफाई कराने का मांग की. इस पर एसडीओ ने पीएचईडी चांडिल को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। बैठक में जिप सदस्य सविता मार्डी, ज्योतिलाल माझी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, सभी बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि व अखाड़ा कमेटी के सदस्य थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## ईद, रामनवमी एवं सरहुल को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने होटलों में चलाया जांच अभियान



**पाकुड़ :** ज़िले में ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न करने को लेकर बुधवार की रात को अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मरांडी के नेतृत्व में जिले के शहरी क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न होटलों में छापेमारी की गई। अधिकारियों ने होटलों के रजिस्टर चेक किए और सभी कमरों की तलाशी लेने के साथ ही वहां ठहरे लोगों के पहचान पत्र का मिलान किया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि छापेमारी में किसी भी तरह की आपत्तिजनक सामग्री या कोई संदिग्ध व्यक्ति नहीं मिला। उन्होंने कहा कि ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व में बाहर से कोई असामाजिक तत्व जिला में बाधा न पहुंचाए, इसको लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है ताकि शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार सम्पन्न हो सके। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पाकुड़ डीएन आजाद, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी धनेश्वर हेम्ब्रम समेत अन्य उपस्थित थे।

## नगर क्षेत्र के दुकानों की मनमानी पर प्रशासन ने वसूला 2100 जुर्माना



**पाकुड़ :** जिले में बुधवार देर शाम को नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न दुकानों, होटलों, सार्वजनिक स्थलों पर साफ सफाई, खाद्य सुरक्षा जांच, खाद्य तेल की जांच, प्लास्टिक जांच, ट्रेड लाइसेंस की जांच, फूड लाइसेंस आदि की जांच किया और अनियमितता पाए जाने पर कुल ?2100 का जुमार्ना भी वसूला गया। अभियान में नगर परिषद प्रशासक, अमरेंद्र कुमार चौधरी, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी धनेश्वर हेंब्रम, नगर मिशन प्रबंधक मनीष कुमार मिश्रा, टैक्स एसआई, रेवेन्यू इंस्पेक्टर एवं नगर परिषद के अन्य कर्मीगण मौजूद रहे।

## सदर अस्पताल में निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी सेवा शुरू, जिलेवासियों को मिलेगा लाभ



**साहिबगंज:** जिले के सदर अस्पताल में आज से पहली बार मोतियाबिंद सर्जरी की सुविधा शुरू हो गई है। यह सेवा पूरी तरह से नि:शुल्क होगी, जिससे जिले के नेत्र रोगियों को लाभ मिलेगा। इस महत्वपूर्ण पहल का उद्घाटन जिला दंडाधिकारी–सह–उपायुक्त हेमंत सती द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि यह सेवा जिले के जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल में आधुनिक उपकरणों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की सहायता से सर्जरी की जाएगी, जिससे मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी के अनुसार जिले में मोतियाबिंद के कई मरीज अब तक संसाधनों की कमी के कारण इलाज से वंचित रह जाते थे। लेकिन अब उन्हें स्थानीय स्तर पर ही सर्जरी की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे उन्हें बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी कि मोतियाबिंद सर्जरी के लिए मरीजों को पहले अस्पताल में पंजीकरण कराना होगा। जांच के बाद योग्य मरीजों को सर्जरी के लिए चुना जाएगा। यह सुविधा पूरी तरह नि:शुल्क होगी, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को भी लाभ मिलेगा।

## विधायक आवास में रोजेदारों के लिए दावत-ए-इफ्तार का किया गया आयोजन



**बरहरवा:** प्रखंड में बृहस्पतिवार को विधायक आवास इस्लामपुर में स्थित दावत–ए–इफ्तार का आयोजन किया गया। विधायक निसात आलम की ओर से इस्लामपुर स्थित उनके आवास में भव्य दावत–ए–इफ्तार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामूहिक इफ्तार के दौरान सभी समुदाय के लोगों ने रोजा इफ्तार किया और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। सभी ने अपने देश दुनिया के अमन शांति बनाए रखने का एवं प्रगति की दुआ मांगी इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव तनवीर आलम ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना हमें संयम, त्याग, पवित्रता और एकता का संदेश देता है। प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम ने बताया कि यह प्रयास भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है। इस आयोजन के माध्यम से समाज में सौहार्द और सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया गया। इस इफ्तार में बरहरवा डीएसपी नितिन खंडेलवाल एवं विधायक प्रतिनिधि बरकत खान मुख्य रूप से उपस्थित रहे एवं स्थानीय लोग एवं काफी संख्या मे रोजेदार इफ्तार में देखें गये।

## रामनवमी एवं ईद-उल-फितर को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**साहिबगंज:** आगामी ईद–उल–फितर (ईद) एवं रामनवमी पर्व को लेकर जिले में विधि–व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, पुलिस प्रशासन एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में उपायुक्त हेमंत सती ने पर्व के दौरान सौहार्द्र बनाए रखने के लिए विशेष दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दोनों त्योहारों के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जाएगी और संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। उपायुक्त ने साफ–सफाई, ट्रैफिक प्रबंधन और बिजली–पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुचारु रूप से बनाए रखने के निर्देश दिए।

# फोटो सेशन के दौरान सी.एम ने जोड़े हाथ मंत्री ने हटाया

## विधानसभा में किसान से जुड़े सवाल पर हंगामा, सहकारिता मंत्री बोले- झुकने वाला नहीं हूं





आप हाउस को डिस्टर्ब कीजिएगा, तो मैं चुप नहीं रहूंगा। जवाब मैं भी दूंगा, पीछे हटने वाला नहीं हूं। किसी के आगे झुकने वाला नहीं हूं।

**प्रेम कुमार**
**सहकारिता मंत्री**

**पटना।** बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के आखिरी दिन गुरुवार को विधान परिषद के सदस्यों का फोटो सेशन हुआ। इस दौरान सभी MLC ने सी.एम नीतीश के साथ फोटो खिंचवाई। फोटो सेशन के दौरान मुख्यमंत्री पत्रकारों का अभिवादन कर हाथ जोड़ रहे थे। फोटोग्राफर उन्हें हाथ नीचे करने के लिए कह रहे थे। इस दौरान ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री का हाथ पकड़कर नीचे कर दिया। सदन में किसानों से जुड़े सवाल पर हंगामा हुआ। दरअसल, सिकटा से माले विधायक बीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बटाईदार किसानों के रजिस्ट्रेशन से जुड़ा सवाल पूछा था। इस पर सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने बीजेपी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई। जिस पर विपक्ष ने हंगामा किया। विपक्ष के विधायकों ने कहा कि 'ये जवाब नहीं, प्रचार है। जिसपर मंत्री प्रेम कुमार ने कहा- 'बैठो, वैसे बात किया जाता है। बहुत कुछ सीखना होगा आप लोगों को।' इसके बाद विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। जिस पर मंत्री ने कहा कि 'आप हल्ला कीजिएगा तो क्या हम मौन रहेंगे। ऐसा नहीं चलेगा। हल्ला का जवाब हल्ला से देंगे।' सदन के बाहर चीफ इंजीनियर के घर ईडी रेड पर बीजेपी विधायक लखेंद्र पासवान ने कहा- 'बिहार में सुशासन की सरकार है। एनडीए की सरकार में स्पष्ट है न हम किसी को बचाते हैं और न किसी को फंसाते हैं। जो लोग गलत है, उस पर कार्रवाई हो रही है।'वहीं राजद विधायक राकेश रौशन ने कहा- 'ये बिहार सरकार के भ्रष्टाचार का नमूना है। हमलोग शुरू से कह रहे हैं कि नीतीश सरकार में भ्रष्टाचार पर कोई नियंत्रण नहीं है। अधिकारियों पर कोई नियंत्रण नहीं है। यहां डीके टैक्स नया शुरू हुआ है। ट्रांसफर पोस्टिंग में पैसा लिया जा रहा है। ये सरकार का फेल्योर है।' बुधवार को वक्फ संशोधन बिल को लेकर विपक्ष ने सदन में जोरदार हंगामा हुआ था। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही राजद और माले विधायक वेल में पहुंच गए। कुछ विधायकों ने कुर्सी उठा ली। टेबल भी पलटने की कोशिश करने लगे। स्पीकर नंद किशोर यादव ने विधायकों को कई बार अपनी जगह पर बैठने को कहा, लेकिन वो नहीं माने। स्पीकर ने कहा, '18 दिन आप के सहयोग से सदन अच्छे से चला है। अब बस दो दिन बचे हैं। क्यों हंगामा कर रहे हैं। सदन को चलने दें। वहीं, सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद भी सीएम नीतीश बैठे रहे। उन्होंने माले विधायक महबूब आलम से मांगों को लेकर पत्र मांगा। सीएम नीतीश पत्र पढ़ने में मशगूल रहे। राजद के महुआ विधायक मुकेश कुमार रोशन सदन में लालू को भारत रत्न देने की मांग की थी। मुकेश कुमार रोशन ने कहा, 'लालू यादव सामाजिक न्याय के पुरोधा हैं। राज्य सरकार उन्हें भारत रत्न देने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे। इसके जवाब में संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने कहा, 'सरकार के पास ऐसा अभी कोई प्रस्ताव पारित करने का कोई विचार नहीं है।' इसके बाद प्रस्ताव को खारिज करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने वोटिंग कराया गया। इसके बाद सत्ता पक्ष में बहुमत मिलने के बाद प्रस्ताव को खारिज किया गया।

# वर्चस्व की लड़ाई में किसान की हत्या



**कटिहार।** के दियारा क्षेत्र में एक किसान की हत्या के मामले में पुलिस अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। इस संबंध में मृतक जूलो यादव के भाई अरुण यादव और बेटे गौरभ ने बुधवार को एसपी वैभव शर्मा से मुलाकात मिलकर न्याय की मांग की। खेत में पानी लगा रहे किसान की हत्या यह घटना कुरसेला थाना क्षेत्र की है। 18 मार्च 2025 के दिन गोबराही दियारा में 45 वर्षीय जूलो यादव मक्का के खेत में पानी लगा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। आरोपी शव को भी अपने साथ ले गए। दो दिन बाद पुलिस ने दियारा क्षेत्र से शव को बरामद किया था।परिजनों का आरोप है कि यह हत्या आपसी वर्चस्व को लेकर की गई है। उन्होंने दियारा के कारे यादव और उनके साथियों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक के बेटे गौरभ ने मुखाग्नि के बाद सफेद वस्त्र पहनकर एसपी से मुलाकात की। उन्होंने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। एसपी वैभव शर्मा ने बताया कि जांच में कुछ सुराग मिले हैं। एक गिरोह का हाथ सामने आया है। उन्होंने जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।हादसे में गंभीर रूप से घायल मुजम्मिल को स्थानीय लोगों ने सदर अस्पताल पहुंचाया। लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के ससुर मोहम्मद नासिर ने बताया कि मुजम्मिल की शादी एक साल पहले हुई थी। यह उनका पहला बच्चा था। अज्ञात वाहन चालक को तलाश रही पुलिस पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर घटना की जांच में जुटी है। इस हादसे से परिजनों सहित पूरा गांव शोक में डूब गया है।

# भोजपुर में कुएं में गिरने से बुजुर्ग की मौत



**भोजपुर।** नुसार मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के भीमपट्टी वार्ड नंबर 2 निवासी स्व.सहती यादव के 80 वर्षीय पुत्र केदार यादव है एवं पैसे से किसान थे। मृतक बुजुर्ग के नाती वकील यादव ने बताया कि वह कुएं के कोने पर बैठकर भूंजा खा रहे थे। भूंजा खाने के बाद जब वह अपने गमछा को झाड़ रहे थे। उसी दौरान वह असंतुलित होकर कुएं में गिर पड़े और उनकी मौत हो गई। कुछ देर बीत जाने के बाद जब गांव के बच्चे कुएं के पास गए और कुएं में झांक कर देखा तो वह कुएं में गिरे पड़े थे। जिसके बाद बच्चों द्वारा शोर मचाना शुरू किया गया। शोर मचाने की आवाज सुनकर परिजन वहां पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से उनके शव को कुएं से बाहर निकाला। इसके पश्चात पर उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम आरा सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व तीन बहन में बड़े थे।

## भोजपुर में सड़क हादसे में युवक की मौत



**आरा।** सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के बगवां गांव स्थित होटल के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के पूर्वी डेम्हा गांव निवासी गांधी सिंह का 30 वर्षीय पुत्र प्रमोद कुमार है एवं वह पेशे से किसान था। उधर घटना के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क उठा।जिसके बाद गुस्साए लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर शव को घटनास्थल पर सड़क के बीच सड़क जाम कर दिया। गुस्साए लोगों द्वारा करीब दो घंटे तक सड़क को जाम रखा गया। सड़क जाम होने के कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लगी रही और आवागमन पूरी तरह ठप रहा। वही सड़क जाम की सूचना पाकर गड़हनी थानाध्यक्ष रणबीर कुमार,गड़हनी प्रखंड के बीडीओ सहित अन्य जनप्रतिनिधि वहां पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम को हटवाया। जिसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया । दवा लाने जाने के दौरान हुआ हादसा मृतक के भतीजे प्रमोद कुमार ने बताया कि वह बाइक से गड़हनी दवा लाने जा रहे थे।

# कटिहार में नाबालिग से चली बंदूक, मां की मौत

## यज्ञ देखने जाते समय कट्टा ले जाने से रोका, छीना-झपटी में चली गोली; हिरासत में नाबालिग



**कटिहार।** में मंगलवार की रात एक नाबालिग के हाथ चली बंदूक से मां को गोली लग गई। इस घटना में 40 वर्षीय इस्या देवी की बुधवार को मौत हो गई है। यह घटना आजमनगर थाना क्षेत्र के पस्तिया गांव का है।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतिका का 16 साल का नाबालिग बेटा गांव में हो रहे यज्ञ को देखने जा रहा था। इस दौरान वह अवैध हथियार लेकर जाने लगा। यह देख मां ने कहा कि यज्ञ में बंदूक का क्या काम है और उसे रोकने की कोशिश की। इसी दौरान हुई छीना-झपटी में नाबालिग से गोली चली और सीधे महिला के पेट में लग गई।गांववालों से घटना की जानकारी मिलते ही आजमनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला को तत्काल सालमारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में भर्ती कराया। लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।घटना के वक्त घर पर महिला और उसका बेटा ही थे। मृतिका का किसान पति हीरालाल विश्वास घटना के समय घर पर नहीं था। वह भी गांव में हो रहा यज्ञ देखने गया था।मृतिका के देवर सोनू कुमार ने बताया कि ग्रामीणों से घटना की सूचना मिली कि किसी ने भाभी को गोली मारी है। सूचना मिलने पर वह अस्पताल पहुंचे। तब तक भाभी की मौत हो गई थी। अभी पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है।हिरासत में नाबालिग, पूछताछ शुरूकटिहार के एसपी वैभव शर्मा ने बताया कि नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अवैध हथियार नाबालिग ने अपने दोस्त से खरीदा था। उसकी भी जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। घटना के बाद से गांव के लोग सहमे हुए हैं और कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

# तनिष्क लूटकांड में 2 अपराधी को बिहार लाने की तैयारी



**भोजपुर ।** टाउन थाना क्षेत्र के शीश महल चौक स्थित तनिष्क शोरूम में घटित करोड़ों रुपए के जेवरात लूटे जाने के मामले में भोजपुर पुलिस पश्चिम बंगाल के जेल में बंद दो कुख्यात अपराधियों चंदन कुमार उर्फ प्रिंस तथा शेरू सिंह को बिहार लाने की तैयारी में जुट गई है। केस के आइओ सह थानाध्यक्ष देवराज राय ने दोनों के विरुद्ध प्रोडक्शन वारंट के लिए बुधवार को कोर्ट में अर्जी दी है। प्रोडक्शन वारंट के आधार पर दोनों को रिमांड के लिए आरा लाया जाएगा। दोनों मूल रूप से वैशाली एवं बक्सर जिले के निवासी हैं। वर्तमान में पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जेल में बंद हैं। पुलिस के अनुसार, कांड में पकड़े गए सारण के कुणाल और विशाल गुप्ता के स्वीकारोक्ति बयान में मास्टर माइंड के रूप में जेल में बंद चंदन और लाइनर एवं प्रश्रय देने के आरोप में गिरफ्तार भोजपुर के विशाल और सूरज के स्वीकारोक्ति बयान में शेरू का नाम आया है। पुलिस स्वीकारोक्ति बयान और डायरी के आधार पर पर्याप्त साक्ष्य एकत्रित कर दोनों के विरुद्ध प्रोडक्शन वारंट के लिए कोर्ट में अर्जी दी है। पुलिस को लूट कांड में अररिया में मुठभेड़ में मारे गए कुख्यात चुनमुन झा के एक अन्य साथी की भी तलाश है, जो अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। आरा के अलावा पूर्णिया लूट कांड में भी पुलिस को उसकी तलाश है। क्या है पूरा मामला बता दें कि 10 मार्च को टाउन थाना क्षेत्र के शीश महल चौक स्थित तनिष्क शोरूम में हथियार बंद अपराधियों ने दिनदहाड़े धावा बोलकर करीब दस करोड़ 59 हजार रुपए मूल्य के जेवरात लूट लिए थे। अभी तक इस कांड में पांच अपराधियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जबकि, एक चुनमुन झा मुठभेड़ में मारा जा चुका है।

## 21 एकड़ जमीन को खाली कराएगी वक्फ बोर्ड

**कटिहार।** बघवाबाड़ी स्थित वक्फ बोर्ड की करोड़ों की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। समाजसेवी फैज आलम मुन्ना ने वक्फ बोर्ड नंबर 998 की 21 एकड़ जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है। फैज आलम ने जिला प्रशासन, बिहार सुन्नी वक्फ बोर्ड के चेयरमैन और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री से तत्काल कार्रवाई की अपील की है। उनका आरोप है कि एमएस सर्वे में कुछ सरकारी अधिकारियों ने मिलीभगत कर जमीन को गलत तरीके से दर्ज किया। वक्फ बोर्ड के कर्मचारी आशिक रसूल ने टाइटल केस जीता था। इसके बावजूद बिहार सरकार के अंचल पदाधिकारी ने पटना हाईकोर्ट में अपील दायर की। यह मामला अभी भी लंबित है। मामला कोर्ट में होने के बावजूद इस जमीन पर पक्के मकान बनाए जा रहे हैं। 500 करोड़ की संपत्ति बचाने की मांग की फैज आलम ने बताया कि वक्फ की संपत्ति न तो बेची जा सकती है और न ही 3 साल से अधिक समय के लिए लीज पर दी जा सकती है। उन्होंने 500 करोड़ की इस संपत्ति को बचाने की मांग की है। वक्फ बोर्ड के मोतवल्ली अशरफ अली का कहना है कि जमीन पर कुछ लोगों ने झोपड़ियां बनाई हैं। उन्होंने इन्हें जल्द हटाने का आश्वासन दिया है। मोतवल्ली के अनुसार वक्फ की जमीन पर कोई पक्का मकान नहीं बन रहा है।

# पटना में इंजीनियर समेत 8 अधिकारियों के ठिकानों पर रेड



आईएएस संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव पर गैंगरेप के आरोप की जांच के दौरान पटना पुलिस को काली

**पटना।** IAS संजीव हंस से जुड़े टेंडर घोटाले मामले में ED ने गुरुवार को पटना में 8 अफसरों के ठिकानों पर रेड की है। भवन निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर तारिणी दास के घर नोट गिनने की मशीन मंगवाई गई है। तारिणी दास के अनीसाबाद के पूर्णेंदु नगर आवास पर छापेमारी चल रही है। कई जरूरी दस्तावेज और प्रॉपर्टी के पेपर मिलने की भी खबर है। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो घर से करोड़ों रुपए कैश भी मिले हैं। आरोप है कि तारिणी दास अपने सहयोगियों के साथ मिलकर ठेकेदारों के लिए टेंडर मैनेज करने में मदद करते थे। इसके बदले मोटी रकम वसूलते थे।तारिणी दास के साथ नगर विकास एवं आवास, पुल निर्माण, ऊर्जा, पथ निर्माण विभाग के 8 अधिकारियों के ठिकानों पर ये रेड चल रही है। इसमें विभाग के इंजीनियर और पदाधिकारी शामिल हैं। सभी बिहार प्रशासनिक सेवा के सीनियर ऑफिसर हैं। मनी लॉन्ड्रिंग केस में IAS संजीव हंस की पांच महीने पहले अरेस्टिंग हुई थी। इस मामले में पूर्व विधायक गुलाब यादव को भी दिल्ली के रिसॉर्ट से गिरफ्तार किया गया था। सीनियर कमाई के कई बड़े साक्ष्य मिले थे। इन साक्ष्यों को विजलेंस को दिया गया है, जिसके बाद एजेंसियों का एक्शन शुरू हो गया। संजीव हंस और गुलाब यादव के ठिकानों से कई ऐसे दस्तावेज बरामद हुए, जिसमें राज्य के अन्य आईएएस अफसरों से लेन देन के सबूत मिले थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हंस और यादव के चार शहरों के 20 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी कर अहम सबूत जुटाए थे। IAS संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव के करीबियों के ठिकानों से ED ने 90 लाख कैश और 13 किलो चांदी की सिल्ली जब्त किया था। इनके ठिकानों से कई बेनामी संपत्ति के दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक्स साक्ष्य भी मिले थे। बिहार में बेतिया के जिला शिक्षा अधिकारी (DEO) रजनीकांत प्रवीण के पास से 3 करोड़ रुपए कैश और गहने बरामद किए गए हैं। गुरुवार अलसुबह विजिलेंस की टीम ने 40 सदस्यों के साथ रजनीकांत के 7 ठिकानों पर एक साथ रेड मारी। विजिलेंस की टीम बेतिया में 10 घंटे की छापेमारी के बाद DEO के घर से बाहर निकल गई है

## संक्षिप्त डायरी

### 32 साल के डॉक्टर की संदिग्ध मौत

**पटना।** दीघा स्थित इंद्रावती देवी हॉस्पिटल में काम करने वाले 32 वर्षीय डॉक्टर जकाउल खान की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। घटना मंगलवार देर शाम की बताई जा रही है। बुधवार को FIR हुई है। मृतक डॉक्टर के परिजनों ने इस मामले में तीन नर्सिंग स्टाफ समेत 4 लोगों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। घटना की सूचना मिलने के बाद दीघा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। त्रख्र की टीम जांच में जुटी है। घटना के बाद सभी आरोपी स्टाफ देर रात हॉस्पिटल से फरार हो गए। पुलिस ने मृतक डॉक्टर के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक डॉक्टर जकाउल खान मूल रूप से बिहार के मोतिहारी के निवासी थे और पटना के दीघा स्थित इंद्रावती देवी हॉस्पिटल में काम कर रहे थे।दीघा थाना प्रभारी ब्रजकिशोर सिंह ने बताया कि 'परिजनों की शिकायत पर दो डॉक्टर और तीन नर्सिंग स्टाफ पर आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घटना के हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस संदिग्धों की गिरफ्तारी के छापेमारी कर रही हैं।'

### वर्चस्व की लड़ाई में किसान की हत्या

**कटिहार।** के दियारा क्षेत्र में एक किसान की हत्या के मामले में पुलिस अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। इस संबंध में मृतक जूलो यादव के भाई अरुण यादव और बेटे गौरभ ने बुधवार को एसपी वैभव शर्मा से मुलाकात मिलकर न्याय की मांग की। खेत में पानी लगा रहे किसान की हत्या यह घटना कुरसेला थाना क्षेत्र की है। 18 मार्च 2025 के दिन गोबराही दियारा में 45 वर्षीय जूलो यादव मक्का के खेत में पानी लगा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। आरोपी शव को भी अपने साथ ले गए। दो दिन बाद पुलिस ने दियारा क्षेत्र से शव को बरामद किया था।परिजनों का आरोप है कि यह हत्या आपसी वर्चस्व को लेकर की गई है। उन्होंने दियारा के कारे यादव और उनके साथियों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक के बेटे गौरभ ने मुखाग्नि के बाद सफेद वस्त्र पहनकर एसपी से मुलाकात की। उन्होंने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। एसपी वैभव शर्मा ने बताया कि जांच में कुछ सुराग मिले हैं। एक गिरोह का हाथ सामने आया है। उन्होंने जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

### नालंदा के युवक की तमिलनाडु में मौत

**नालंदा।** तमिलनाडु में मजदूरी करने गए नालंदा के एक युवक के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया जिसके बाद युवक का इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक नालंदा के चण्डी थाना क्षेत्र के गोखुलपुर निवासी भूषण पासवान के (26) वर्षीय पुत्र अमित कुमार है। मृतक के बहनोई रवि पासवान ने बताया कि उनका साला तमिलनाडु में एक फैक्ट्री में काम करता था। वह बीते 19 फरवरी को अपने कमरे से निकलकर काम के लिए फैक्ट्री जा रहा था। इसी बीच रास्ते में दर्जनभर नशा खुरानी गिरोह के बदमाशों ने उसे घेर लिया और उसका मोबाइल लूटते हुए उसके साथ मारपीट कर अधमरा कर दिया। जिसके बाद तमिलनाडु के कोयंबटूर में उसका इलाज कराया गया। जहां से इलाज के लिए परिजन पटना लेकर चले आए। निजी क्लिनिक में इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह अमित की मौत हो गई।अमित की शादी मई महीने में होने वाली थी। वह पिछले 6 महीने से तमिलनाडु में रहकर मजदूरी का काम कर रहा था। पटना में मौत के बाद स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। जिसके बाद शव को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। वहीं इस मामलें में चण्डी थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। आवेदन मिलने पर एफआईआर दर्ज कर संबंधित थाने को भेज दिया जाएगा। घटना तमिलनाडु में हुई है।

### वार्ड पार्षद प्रतिनिधि पर गोलीबारी मामले में प्रथिमिकी दर्ज

**भागलपुर।** में नवगछिया पुलिस जिला में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बबलू झा पर हुई गोलीबारी मामले में घायल के बयान के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। जिसमें बताया गया कि घटना के दिन उन्हें एक फोन आया था, जिसमें कहा गया कि मुखिया उनसे मिलने आ रहे हैं।जब वह अपने घर पहुंचे, तो वहां छोटी सीमरा के चितरंजन झा तीन अज्ञात व्यक्तियों के साथ खड़े थे। चितरंजन झा ने यह कहकर वहां से चला गया कि यही मुखिया हैं, बात कर लीजिए। हमलावरों ने बबलू झा से कहा कि उनके चाचा चंदन झा और चचेरे बहनोई सुमन झा ने उन्हें भेजा है और वे रेलवे लाइन के पीछे जमीन खरीद रहे हैं, जिसमें परिवार के अन्य सदस्य मदद कर रहे हैं। बबलू झा ने उन्हें अगले दिन दस्तावेज लेकर आने को कहा। इसी दौरान उन्होंने हमलावरों को सिगरेट दिलवाई और जैसे ही घर की ओर बढ़े, उन पर अचानक गोली चला दी गई। पीठ में लगी गोली, हालत गंभीर गोलीबारी में बबलू झा गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है और हमलावरों की तलाश जारी है।

### अज्ञात बदमाशों ने युवक को मारी गोली



**मधुबनी।** में पुलिस की कोशिशों के बावजूद अपराधियों का तांडव लगातार जारी है। लहेरियागंज-जितवारपुर रोड स्थित मालेनगर गेट पर फायरिंग की वारदात सामने आई है। अज्ञात बदमाशों ने बुधवार रात एक युवक को गोली मार दी। घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। यह घटना राजनगर थाना क्षेत्र की है।अज्ञात बदमाशों ने मारी गोली, युवक की मौत अज्ञात अबुधवार रात 8 बजडे करीब बदमाशों ने ने शंभू शाह के पुत्र दीपक शाह (25) पर दो गोलियां चलाई। गंभीर रूप से घायल दीपक को स्थानीय लोगों ने सदर अस्पताल मधुबनी पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें दरभंगा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रेफर कर दिया। दुर्भाग्यवश, ऊटउल्ह ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। संदिग्धों की तलाश में छापेमारी जारीघटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर, मधुबनी) और राजनगर थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों का बयान दर्ज किया। मधुबनी एसपी योगेंद्र कुमार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ सदर मधुबनी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की है।पुलिस की टीम संदिग्धों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी होगी। अभी युवक पर हमले की वजह साफ नहीं हुई है।घटना की जांच में जुटी पुलिस एसपी योगेंद्र कुमार ने बताया कि 26 मार्च की रात करीब 8:36 बजे हुई, जब दो अज्ञात अपराधियों ने दीपक साह को गोली मार दी। घायल दीपक साह को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें डीएमसीएच रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस घटना की जांच कर रही है। क्षेत्र में लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में पुलिस अब तक असफल रही है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर भय का माहौल है।



# रात के खाने में ना खाएं दही

**हम सभी जानते हैं कि दही खाना सेहत के लिए बहुत अधिक लाभकारी होता है। दही एक सुपर फूड है, जिसे हर दिन खाया जा सकता है और यह सेहत को सिर्फ एक नहीं अनेक तरीकों से लाभ पहुंचाती है। पाचन से लेकर त्वचा और बाल सबको हेल्दी रखती है। इस विषय पर नए सिरे से बात करने की जरूरत नहीं है। आज हम इस विषय पर बात करेंगे कि आखिर रात के खाने में दही खाने को क्यों मना किया जाता है.**

## लाभकारी दही हानि क्यों करने लगती है?

- आपने अपने पैरेंट्स से अक्सर सुना होगा कि रात के समय दही या दही से बना रायता नहीं खाना चाहिए। लेकिन आज कल शादी-पार्टीज में यह ट्रेंड है कि आप रात के 12 बजे भी डिनर ले रहे होंगे तो आपको रायता जरूर मिलेगा खाने में.। खैर, सर्व करनेवाले तो सर्व करते है। यह तो आपको निर्णय लेना है कि रात में रायता या दही खाकर आप बीमार पड़ना चाहते हैं या नहीं।
- दही पाचनतंत्र को ऊर्जा देने का काम करती है। साथ ही हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाती है। लेकिन यदि दही का सेवन रात में किया जा तो पाचनतंत्र भी डिस्टर्ब होता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता पर भी बुरा असर पड़ता है।

## पाचकाग्नि को मंद हो जाती है

- अब आपके मन में यह सवाल आ रहा होगा कि आखिर रात में दही खाने पर ऐसा क्या हो जाता है? तो जान लीजिए कि रात को दही खाने पर पाचनतंत्र मंद हो जाता है। आयुर्वेद की भाषा में बात करें तो जठराग्नि मंद हो जाती है और शरीर की वायु कुपित हो जाती है। इस कारण रात में दही का सेवन करने पर हाथ, पैर, सिर, कमर या शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द की समस्या हो सकती है।

## जुकाम लगा सकती है दही

- इसके साथ ही दही खाने पर रोग प्रतिरोधक क्षमता पर इस लिए बुरा असर पड़ता है, क्योंकि दही तासीर में ठंडी होती है। यदि रात में दही खाई जाती है तो शरीर में कफ की मात्रा में वृद्धि हो सकती है। इससे गले में दर्द, खराश, बलगम वाली खांसी, सिर में भारीपन, जुकाम आदि की समस्या हो सकती है।

## जोड़ों का दर्द बढ़ सकता है

- जिन लोगों को जोड़ों के दर्द की शिकायत होती है यदि वे लोग रात के समय दही खाना शुरू कर दें तो यकीन मानिए कि जल्द ही ऐसा समय आएगा जब उनके जोड़ों का दर्द इस कदर बढ़ जाएगा कि दिन-रात का चैन खो सकता है।

## सो नहीं पाते ऐसे लोग

- जिन लोगों को अस्थमा की शिकायत है, उन्हें रात के समय भूल से भी दही का सेवन नहीं करना चाहिए। नहीं रात के समय अस्थमा अटैक के कारण सांस लेना मुश्किल हो सकता है। हालांकि सभी लोगों को इस बात की जानकारी भी होनी चाहिए खट्टी दही और मीठी दही दोनों के शरीर पर अलग-अलग प्रभाव होते हैं। लेकिन रात के समय आपको किसी भी प्रकार की दही लेने से बचना चाहिए।

## आ सकता है बुखार

- रात के समय दही खाना आपको बुखार आने का कारण भी बन सकता है। इसकी वजह ऊपर बताए गए कारणों को मिलाकर तैयार हो जाती है। क्योंकि शरीर में पित्त और वायु का कुपित होना, जुकाम लगना, शरीर में दर्द होना जैसी समस्याएं शरीर के सामान्य तापमान को स्थिर नहीं रहने देती हैं। इससे बुखार आने की समस्या हो सकती है।

## रात को दही खाने से बढ़ती है सूजन

- रात को दही खाने से शरीर में सूजन बढ़ने की समस्या बढ़ सकती है। क्योंकि रात में दही का सेवन करने से पित्त की मात्रा में बढ़ोतरी हो सकती है, जो आपके शरीर में सूजन बढ़ाने का काम करेगा।
- अगर आपके शरीर में सूजन की समस्या पहले से है या कोई चोट लगी हुई है तो रात के समय दही खाना आपके शरीर को अंदर से कमजोर करने का काम करेगा। इससे आपके शरीर में दर्द और पीड़ा कई गुना बढ़ सकती है।

## जरूरी नहीं अगले दिन ही दिखे रिजल्ट

- अगर आपको लगता है कि आपने तो रात को दही खाई थी, आपको तो कोई समस्या नहीं हुई। तो यह जरूरी नहीं है कि आपने रात में दही खाई है तो अगले दिन सुबह के समय ही आपके शरीर में बीमारी के लक्षण दिखने लगेंगे। ये लक्षण दिन में किसी समय, अगली रात में या एक-दो दिन बाद भी नजर आ सकते हैं।
- ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हर किसी की रोग प्रतिरोधक क्षमता अलग-अलग होती है। एक तरफ जहां किसी में एक बार रात को दही खाने के बाद कुछ ही घंटे में तबीयत खराब हो सकती है तो किसी अन्य व्यक्ति के शरीर में इसका असर 3 दिन बाद भी दिख सकता है।





# खून के थक्के बनने से रोकने की दवा लेते हैं तो न खाएं हरा साग

**हरा साग जैसे पालक क्लॉटिंग रोकने वाली वार्फरिन या कुमारिन दवाओं के असर को काफी हद तक कर देता है बेअसर इसलिए ऐसे लोग जो इन दवाओं को प्रयोग करते हैं उन्हें सलाह दी जाती है कि हरा साग न खाएं।**

जिन रोगियों में खून के असामान्य थक्कों के बनने और खून जमने की समस्या होती है, उन्हें एक विशेष दवा के सेवन के कारण कई बार हरा साग खाने से मना किया जाता है। यह दवा वार्फरिन है। यह और इसके जैसी अनेक दवाएं, जिन्हें कुमारिन-परिवार की दवाएं कहते हैं, विटमिन-के का प्रतिरोध करती हैं। इम्यूनोलॉजिस्ट एवं र्यूमैटॉलजिस्ट कहते हैं, विटमिन-के का काम खून की क्लॉटिंग से होता है। यह विटमिन यकृत में जमा होता है और इसी कारण हमारा खून सही ढंग से जमता है। यह विटमिन शरीर में क्लॉटिंग फैक्टरों का निर्माण करता है। विटमिन-ख न हो तो न जाने कितने ही लोगों की रक्तस्राव से मौत हो जाए, लेकिन फिर अनेक रोगियों में खून का जमना हानिकारक हो जाता है। मान लीजिए किसी रोगी में हृदयवॉल्व की सर्जरी हुई है या उसे कोई ऐसा रोग है, जिसमें खून बार-बार और जल्दी-जल्दी जमा करता है। ऐसे में अगर विटमिन-के का प्रतिरोध न किया गया, तो फिर खून का लगातार जमना हानिकारक या कभी-कभी जानलेवा साबित होगा। इसलिए ऐसे रोगियों में खून को पतला करने वाली दवाएं चलाई जाती हैं। इन्हीं दवाओं में कुमारिन-परिवार की सदस्य दवाएं भी शामिल हैं, जिनमें वार्फरिन प्रमुख है। हरा साग विटमिन-के का प्रमुख स्रोत है। इसे खाने से शरीर को विटमिन-ख की प्राप्ति होती है। लेकिन फिर जिन रोगियों को विटमिन-ख नहीं चाहिए या जिनके लिए विटामिन-के की प्रचुरता हानिकारक है, वे क्या करें? वह ब्लड की क्लॉटिंग (स्तम्भन) को रोकने के लिए वार्फरिन जैसी दवाओं पर निर्भर रहते हैं। और हरे साग का सेवन वार्फरिन को समुचित कार्य करने से रोकेगा।

## आयरन की गोलियां खाएं

इसलिए डॉक्टर की सलाह होती है कि अगर आप वार्फरिन या अन्य कुमारिन-दवाएं खाते हैं, तो हरा साग कम-से कम खाएं या न खाएं। हां, यह जरूर है कि ऐसा करने से आपको आवश्यक आयरन नहीं मिलेगा और अनीमिया की आशंका बढ़ जाएगी, लेकिन ऐसी परिस्थिति में वार्फरिन के साथ हरे साग की बजाय आयरन की गोलियों का सेवन कहीं बेहतर है।

# खर्राटों की समस्या से निजात दिलाएगा चुंबक

**अगर आपको भी खर्राटे लेने की समस्या है तो आपके लिए एक खुशखबरी है। माउंट जियॉन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने चुंबक की मदद से एक ऐसा उपकरण बनाया है जो खर्राटों की समस्या से निजात दिला सकता है। दो चंबुकों के खींचने की क्षमता की मदद से हवा की नली को रात में सोने के दौरान खुला रखकर खर्राटों की समस्या को ठीक किया जा सकता है।**

इस समस्या से दुनियाभर में लाखों लोग जूझ रहे हैं। इस बीमारी के कारण रात को सोते वक्त हवा की नली संकरी हो जाती है और सांस लेने में अवरोध पैदा होता है। इसके लक्षणों में खर्राटे लेना और मुंह से अजीब आवाजें निकालना भी शामिल है। यह बीमारी 40 साल की उम्र से ऊपर के पुरुषों में ज्यादा होती है। मोटापा, शराब की लत और धूम्रपान इसके जोखिम कारक हैं। इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। मैग्नेटिक एपनोइया प्रीवेंशन (मैगनैप) उपकरण में उस तरह के चुंबक का इस्तेमाल होता है जो कंप्यूटर हार्ड ड्राइव और साइकिल के डायनेमो में पाए जाते हैं। यह उपकरण सांस की नली को खुला रखने में मदद करता है। चुंबक में एक क्षरण-प्रूफ टाइटेनियम कोटिंग है और यह दावा किया जाता है कि इन्हें एक बार प्रतिरोपित करने के बाद सालों तक सुरक्षित रूप से शरीर में छोड़ा जा सकता है।

इस उपकरण का आकार पचास पैसे के सिक्के के जितना है और इसे सर्जरी के द्वारा गले के हायोड बोन में फिट किया जा सकता है। यह हड्डी जीभ के ठीक नीचे गले में होती है। इस चुंबक को फिट करने की सर्जरी को करने में एक घंटे का समय लगेगा। सर्जरी के चार हफ्ते के बाद एक और चुंबक गले में लगाया जाएगा।

यह दूसरा चुंबक पहले से गले में लगाए गए चुंबक को आकर्षित करेगा जिससे एक हल्का खिंचाव तैयार होगा और हवा की नली खुल जाएगी। मरीज के गले और हवा की नली के आकार के अनुसार विभिन्न आकार के चुंबकों का प्रयोग किया जा सकेगा। अब तक माउंट जियॉन यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में छह लोगों के गले में इस उपकरण को प्रतिरोपित किया गया है। उनकी निगरानी की जा रही है ताकि इस उपकरण की उपयोगिता का पता लगाया जा सके।





# दिल का रखेंगे ध्यान ब्रोकली और पत्तागोभी

क्या आपको भी ब्रोकली, पत्तागोभी और ब्रसल्स स्प्राउट जैसी सब्जियां अच्छी नहीं लगतीं। अगर आप भी इन सब्जियों को खाने से परहेज करते हैं तो आप अनजाने में दिल की बीमारियों को न्योता दे रहे हैं। एक हालिया शोध के अनुसार ये सब्जियां रक्त धमनियों और वाहिकाओं की बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करती हैं। रक्त धमनियों में अवरोध पैदा होने से हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है। ब्रिटिश जर्नल ऑफ न्यूट्रिशन में प्रकाशित शोध में पाया गया कि पत्तेदार हरी सब्जियों जैसे ब्रोकली, ब्रसल्स स्प्राउट और पत्तागोभी का सेवन करने का संबंध बुजुर्गों में रक्त वाहिकाओं की बीमारियों के कम जोखिम के साथ था। ईसीयू स्कूल ऑफ मेडिसिन और द यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने 684 बुजुर्ग महिलाओं पर अध्ययन किया। शोधकर्ताओं ने देखा कि जिन महिलाओं ने ज्यादा हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन किया उनकी महाधमनी में कैल्शियम के जमाव का खतरा कम पाया गया। यह रक्त वाहिकाओं में होने वाली बीमारियों का पहला संकेत होता है।

## हार्ट अटैक हो सकता है

रक्त वाहिकाओं की बीमारियां धमनियों और नसों को प्रभावित करती हैं। धमनियों और नसों में कैल्शियम का जमाव होने से रक्त के प्रवाह में बाधा आती है जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

## ब्रोकली और स्प्राउट है बेहद फायदेमंद

प्रमुख शोधकर्ता डॉक्टर लाउरेन ब्लेकिनहोर्स्ट ने कहा, हरी पत्तेदर सब्जियों के बारे में कुछ पेचीदा था, जिस पर इस अध्ययन ने अधिक प्रकाश डाला है। हमारे पूर्व शोधों में हमने पाया कि जिन लोगों ने हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन किया उनमें दिल संबंधी बीमारियों और घटनाएं जैसे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम कम पाया गया। हमारे शोध से हरी पत्तेदार सब्जियों के फायदों के बारे में पता चलता है। बुजुर्गावस्था में ज्यादा हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने से धमनियां स्वस्थ रहती हैं और इससे दिल भी स्वस्थ रहता है।

## विटामिन-के मौजूद होता है

हरी पत्तेदार सब्जियों जैसे ब्रोकली, स्प्राउट और पत्तागोभी में बड़ी मात्रा में विटामिन- के मौजूद होता है। विटामिन-के रक्त वाहिकाओं में कैल्शियम के जमाव को रोकने का काम करता है।

### रोजाना सब्जी खाना जरूरी

डॉक्टर ब्लेकेनहॉर्स्ट ने कहा कि इस अध्ययन में जिन महिलाओं ने प्रतिदिन 45 ग्राम से अधिक सब्जियों का सेवन किया (जैसे एक कप उबली हुई ब्रोकली या एक कप पत्ता गोभी) उनकर महाधमनी में कैल्शियम के व्यापक जमाव की आशंका 46 प्रतिशत कम थी। इनकी तुलना रोजाना सब्जी नहीं खाने वाले लोगों से की गई। ब्लेकेनहॉर्स्ट ने कहा, अच्छे स्वास्थ्य के लिए सिर्फ ब्रोकली, स्प्राउट और पत्तागोभी का ही सेवन नहीं करना चाहिए बल्कि सभी प्रकार की मौसमी सब्जियां खानी चाहिए।

### रोजाना कितनी सब्जी खाएं

- रोज सलाद के रूप में 80 ग्राम कच्ची सब्जी का सेवन करना चाहिए।
- प्रतिदिन 80 ग्राम पकी हुई सब्जी का सेवन करने की सलाह।
- प्रतिदिन 125 मिलीलीटर सब्जी के जूस का सेवन करना चाहिए।



# कोलेस्ट्रॉल बढ़ने या घटने से हो सकते हैं मानसिक दिव्यांगता का शिकार

कोलेस्ट्रॉल बढ़ने या घटने से ऑटिज्म जैसी मानसिक दिव्यांगता विकसित हो सकती है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय समेत तीन संस्थानों के अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। ऑटिज्म के मरीज न तो अपनी बात ठीक से कह पाता है ना ही दूसरों की बात समझ पाता है और न उनसे संवाद स्थापित कर सकता है। यदि इन लक्षणों को समय रहते भांप लिया जाए, तो काबू पाया जा सकता है। प्रतिष्ठित नेचर पत्रिका में प्रकाशित इस रिपोर्ट के मुताबिक, बच्चे के धीमे मानसिक व शारीरिक विकास से जुड़ी इस बीमारी के लक्षण बचपन में ही दिखने लगते हैं। हार्वर्ड विश्वविद्यालय, मैसाचुएट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने कॉलेस्ट्रॉल और ऑटिज्म के संबंध के बारे में जानने के लिए वैज्ञानिक अध्ययन किया। शोधकर्ताओं ने पाया कि ऑटिज्म के सबटाइप वाली एक बीमारी उन्हीं अनुवांशिक तत्वों से होती है जो शरीर में कोलेस्ट्रोल मेटाबोलिज्म और मस्तिष्क विकास को नियंत्रित करते हैं। वैज्ञानिकों ने मस्तिष्क के नमूनों के डीएनए अध्ययन से पाया कि लिपिड डायफंक्शन और ऑटिज्म के बीच साझा आणुविक जड़ें होती हैं। फिर वैज्ञानिकों ने ऑटिज्म पीड़ित लोगों के मेडिकल रिकॉर्ड का अध्ययन करके इस बात की पुष्टि की। लिपिड जीवित कोशिकाओं में एक महत्वपूर्ण अवयव होता है जो एल्कोहल में घुलनशील है। अध्ययनकर्ता इसहाक कोहेन का कहना है कि शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि यह बहुत जटिल बीमारी है और इसके विभिन्न प्रकार अलग-अलग कारणों से उत्पन्न होते हैं।



# घुटने का दर्द हो जाएगा छूमंतर ट्राय करें यह देसी नुस्खा

**बढ़ती उम्र और डेली रूटीन में अलग-अलग स्थितियों के कारण हमारे शरीर में अलग-अलग प्रकार के बदलाव होते हैं। इसके परिणामस्वरूप कई प्रकार की बीमारियां और स्वास्थ्य समस्याएं भी शरीर को अपना शिकार बनाती हैं जिनमें घुटनों का दर्द भी प्रमुख रूप से गिना जाता है। घुटने के दर्द की समस्या ज्यादातर बुजुर्गों को परेशान करती है वहीं खेलकूद से जुड़े लोगों को भी इस समस्या से जूझना पड़ता है। ऐसे लोगों के लिए यहां पर एक देसी नुस्खे के बारे में बताया जा रहा है जो उनके घुटनों में होने वाले दर्द को दूर करने के लिए कारगर रूप से कार्य कर सकता है। आइए इस देसी नुस्खे के बारे में आपको पूरी जानकारी देते हैं।**

## क्यों होता है घुटनों में दर्द?

इस देसी नुस्खे को जानने से पहले आपको यह जरूर जान लेना चाहिए कि आपके पैरों में होने वाले दर्द का प्रमुख कारण क्या होता है? मुख्य रूप से अगर बात की जाए तो घुटनों में होने वाला दर्द टेंडइनाइटिस, गाउट, ऑस्टियोआर्थराइटिस, बेकर्स सिस्ट, बर्साइटिस जैसी मेडिकल कंडीशन के कारण होता है। इसके अलावा खेलकूद के दौरान लगने वाली चोट या फिर किसी दुर्घटना में गिरने के कारण भी घुटनों में दर्द की समस्या हो सकती है। नीचे आपको ऐसे दो खास देसी नुस्खे बताए जा रहे हैं जो सामान्य रूप से घुटने में होने वाले दर्द की समस्या को ठीक करने के लिए आपकी मदद कर सकते हैं।

## सेब के सिरके का करें सेवन

सेब के सिरके में ऐसे कई औषधीय गुण मौजूद रहते हैं जो आपकी सेहत के लिए भी प्रभावी रूप से फायदेमंद साबित होते हैं। एक चम्मच सेब के सिरके को अगर आप गर्म पानी के साथ मिलाकर पीने के लिए इस्तेमाल करते हैं तो इसमें मौजूद पेन रिलीविंग गुण आपके घुटनों में होने वाले दर्द को दूर करने के लिए प्रभावी असर दिखा सकता है। आप इस तरह सेब के सिरके का दिन में दो बार सेवन कर सकते हैं। कोशिश करें कि खाना खाने के पहले इसका सेवन करें।

## नींबू और तिल के तेल का इस्तेमाल

एक नींबू लें और उसे काटकर रस निकाल लें। अब दो चम्मच तिल के तेल में नींबू के रस को मिलाएं और हल्के हाथों अपने घुटनों पर इस मिश्रण की मालिश करें। रात में सोने से पहले और सुबह उठने के बाद यानी मॉर्निंग वॉक पर जाने से पहले आप इस देसी नुस्खे को ट्राय कर सकते हैं। नींबू में मौजूद एंटी इंफ्लेमेटरी गुण घुटनों में होने वाली सूजन को कम कर के दर्द को दूर कर सकता है।

एक बात का ध्यान रखें कि गंभीर मेडिकल कंडीशन होने के कारण आपको इस देसी नुस्खे का कोई खास फायदा नहीं मिलेगा और आपको मेडिकल ट्रीटमेंट की जरूरत भी पड़ेगी।

# आरसीबी और सीएसके में आज रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

**चेन्नई (एजेंसी)।** आईपीएल में शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) से होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी। इस मैच में सीएसके जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। इसका कारण है कि वह अपने घरेलू मैदान पर खेल रही है जिसका लाभ उसे मिलेगा। इसके अलावा टीम का प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है। उसने शुरुआती मैच में मुम्बई इंडियंस के खिलाफ अच्छी जीत दर्ज की थी। वहीं आरसीबी की टीम इस मैदान में अब तक केवल एक बार ही जीती है। वह भी 17 साल पहले साल 2008 में। इसके बाद से ही आरसीबी को यहां एक भी जीत नहीं मिली है। ऐसे में आरसीबी का लक्ष्य इस बार किसी भी हाल में जीतना रहेगा। साल 2008 सत्र में जब आसीबी को जीत मिली थी। उस टीम से अब केवल विराट कोहली ही एकमात्र खिलाड़ी हैं जो वर्तमान टीम में हैं।

ऐसे में आरसीबी का लक्ष्य इस मैच को जीतना रहेगा हालांकि ये उसके लिए आसान नहीं होगा क्योंकि सीएसके की टीम के स्पिनरों का सामना करना उसे लिए आसान नहीं होगा। इस मैदान पर पिच स्पिनरों की सहायक रही है। सीएसके टीम के पास रविंद्र जडेजा आर अश्विन जैसे अनुभवी स्पिनर हैं। इसके अलावा अफगानिस्तान के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद को भी टीम में उसने शामिल किया है। इन गेंदबाजों ने कुछ दिन पहले ही पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। इसको देखते हुए आरसीबी के लिए रन बनाना आसान नहीं होगा।

आरसीबी के बल्लेबाजों को सीएसके के स्पिनरों के खिलाफ पूरी तरह से आक्रामक होने के लिए काफी ध्यान से खेलना होगा। इस मामले में विराट को बल्लेबाजी की कमान संभालनी होगी। स्पिन का सामना करना हालांकि उनका मजबूत पक्ष नहीं रहा है लेकिन पिछले दो वर्षों में उन्होंने इस विभाग में काफी सुधार दिखाया है। इस बदलाव का मुख्य कारण स्पिनरों के खिलाफ अधिक स्वीप और स्लॉग स्वीप खेलने की उनकी इच्छा है और कोहली को इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

कोहली का इसमें फिल सॉल्ट, कप्तान रजत पाटीदार, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा जैसे बल्लेबाजों को साथ देना होगा। इस पिच को देखते हुए आरसीबी टिम डेविड की जगह जैकब बेथेल को अंतिम एकादश में रख सकती है। इससे टीम को बाएं हाथ का एक स्पिनर भी मिल जाएगा। इस मैच में टीम की नजरें तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की फिटनेस पर भी रहेंगी। वह फिट नहीं होने के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पहले मैच से बाहर थे। अगर वह फिट हुए तो उन्हें रसिख सलाम की जगह एकादश में जगह मिल सकती है।

वहीं सीएसके की जीत के लिए उसके मध्यक्रम को रन बनाने होंगे। पहले मैच में शिवम दुबे, दीपक हुड्डा और सैम कुरेन असफल रहे थे। उन्हें रचिन रविंद्र और कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के अलावा अनुभवी महेंद्र सिंह धोनी से टीम इस मैच में अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद करेगी। सीएसके के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना अगर फिट हुए तो इस मैच में उनका खेलना तय है।



### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र धोनी, रविंद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉनवे, सैयद खलील अहमद, रचिन रविंद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, सैम कुरेन, शेख राशिद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुड्डा, गुरजनप्रीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्णन घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी और आंद्रे सिद्धार्थ।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू :** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, यश दयाल, जोश हेजलवुड, फिल सॉल्ट, जितेश शर्मा, लियाम लिविंगस्टोन, रसिख सलाम, सुयश शर्मा, कृणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, देवदत्त पडिक्कल, स्वस्तिक चिकारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह और मोहित राठी।

# फिर दिखा एमएस धोनी का देश और सेना से प्रेम, प्रैक्टिस छोड़ सीआईएसएफ कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इन दिनों आईपीएल 2025 में खेलते नजर आ रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच से पहले व्यस्त कार्यक्रम के बीच धोनी चेन्नई के मरीना बीच में तटीय सुरक्षा जागरूकता पर एक केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे।

धोनी इस कार्यक्रम के दौरान प्रैक्टिस ड्रेस में ही पहुंचे। धोनी ने कहा, 'मैं इसका हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। भारत में एक बहुत लंबी तटरेखा है और इसे अकेले ही करना मुश्किल है, तटरक्षक, नौसेना और पुलिस के लिए भी। नागरिकों को अधिकारियों को सूचित करने के लिए यह बताने के लिए कि क्या वे कुछ भी अनियंत्रित देखते हैं।

धोनी के अलावा अन्य उल्लेखनीय खेल हस्तियों जैसे नीरज चोपड़ा, मनु भकर, बाचुंग भूटिया, सुनील गावस्कर, सुरेश रैना, जवगल श्रीनाथ, हरभजन सिंह, रजनीकांत, मोहनलाल, अक्षय कुमार, सूर्या, आर मध्वन, सनल शट्टी, एनील कपूर, जाक, एनील शेटी, जाक। मिलिंद सोमन, और अन्य लोगों ने भी पहल का समर्थन किया है।

CISF मेगा साइक्लोथन, जिसे 7 मार्च को तमिलनाडु में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा ध्वजांकित किया गया था, की दो टीमें हैं, जो कि 11 राज्यों में 6,553 किमी और भारत के तट के साथ केंद्र क्षेत्रों में 6,553 किमी की दूरी पर 25-दिवसीय यात्रा पर हैं। CISF अधिकारियों के अनुसार चक्रवात का उद्देश्य, तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के बीच सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस की आंखों और कान बनना है।

# सुनील नरेन को रिप्लेस करना मुश्किल था, रॉयल्स पर जीत के बाद बोले मोईन अली



**गुवाहाटी (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए अपना पहला आईपीएल मैच खेलते हुए मोईन अली ने 23 देकर 2 विकेट झटके और अस्वस्थ सुनील नरेन की अनुपस्थिति में राजस्थान रॉयल्स पर बुधवार को बारसापार क्रिकेट स्टैडियम पर जीत हासिल करने में अपना योगदान दिया। मैच के बाद मोईन ने कहा कि उन्होंने नरेन के प्रतिस्थापन के रूप में कदम बढ़ाने का उचित काम किया।

उन्होंने कहा, 'यह अच्छा था। मैं अच्छी तरह से अभ्यास कर रहा हूं। मुझे आज सुबह बताया गया था कि सुनील ठीक नहीं था। सुनील को रिप्लेस करना मुश्किल था, लेकिन मैंने एक निष्पक्ष काम किया। वे विकेट हैं जिनका आप सबसे अधिक आनंद लेते हैं, कोशिश करते हैं और बल्लेबाजों को खोलते हैं जितना हो सके गेंद को स्पिन करें। वास्तव में अच्छा है, वास्तव में लोगों का अच्छा झुंड, यह अब तक आश्चर्यजनक है। 37 साल की उम्र में बेहतर होने की कोशिश कर रहा है। यह एक बहुत, बहुत संतुलित पक्ष है, ये सभी खिलाड़ी अद्भुत हैं, नरेन, रसेल, और क्विननी को हमेशा खेलने की गारंटी दी जाती है, इसलिए इसे पाने के लिए कठिन है। जब यह आता है तो अपना मौका लें।' जोफ्रा आर्चर का सामना करने वाले अपने अनुभव के बारे में पूछे जाने पर मोईन ने कहा, 'मुझे राख के बाद से शायद उस तरह की तेज गेंदबाजी का सामना नहीं हुआ है। मैं बदकिस्मत था। वह मेरे लिए बहुत जल्दी था, वह मेरे लिए बहुत जल्दी था। बस अपने खेल के शीर्ष पर रहने के लिए और अभी भी सुधार करने और विकसित करने की कोशिश। मेरे अनुभव का उपयोग करें।'

# बीसीसीआई के केन्द्रीय अनुबंध में होंगे बदलाव, रोहित, विराट होंगे डिमोट

**-अक्षर, शुभमन सहित चार खिलाड़ी हो सकते हैं प्रमोट**

**-कई नये खिलाड़ियों को मिलेगा अवसर**

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पुरुष क्रिकेटरों के केन्द्रीय अनुबंध में कई बदलाव होने की संभावना है। इसके तहत कई बड़े खिलाड़ी बाहर हो सकते हैं और बेहतर प्रदर्शन कर रहे युवा खिलाड़ियों को जगह मिल सकती है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार नये अनुबंध में टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा को नुकसान हो सकता है। वहीं अक्षर पटेल सहित चार खिलाड़ियों को लाभ मिल सकता है।

वहीं टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर के सपोर्ट स्टाफ को भी कम किया जा सकता है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा को ए प्लस से डिमोट करके ए ग्रेड में डाला जा सकता है। ए प्लस ग्रेड सबसे टॉप ग्रेड है। इसमें आम तौर पर उन खिलाड़ियों को रखा जाता है जो लगातार टीम इंडिया के लिए तीनों फॉर्मेट में अच्छा परफॉर्म कर रहे हैं। , रोहित, कोहली और जडेजा तीनों ही टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं, लिहाजा उन्हें ए ग्रेड में डाला जा सकता है। शुभमन गिल को ए ग्रेड से प्रमोट करके ए प्लस ग्रेड में डाला जा सकता है। एक अन्य मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अक्षर पटेल को ग्रेड बी से प्रमोट करके ग्रेड ए में डाला जा सकता है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके रविचंद्रन अश्विन की कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर किया जाएगा।





कुछ नए चेहरों की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में एंट्री हो सकती है। नीतीश रेड्डी, हर्षित राणा और अभिषेक शर्मा को पहली बार शामिल किया जा सकता है। इन्हें सी कैटेगरी में रखा जा सकता है। पिछली बार घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने की वजह से श्रेयस अय्यर और ईशान किशन की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से छुट्टी कर दी गई थी लेकिन इस बार अय्यर को प्रवेश मिलना तय है।

पिछली बार केन्द्रीय अनुबंध में ये खिलाड़ी पाए थे जगह ए प्लस ग्रेड- रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा

**ए ग्रेड:** आर अश्विन, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या

**बी ग्रेड:** सूर्य कुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और यशस्वी जायसवाल

**सी ग्रेड:** रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, ऋतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा, वॉशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, अवेश खान और रजत पाटीदार

**अनुबंध :** ए प्लस-सालाना 7 करोड़ रुपये, ए-सालाना 5 करोड़ रुपये, बी-सालाना 3 करोड़ रुपये, सी-सालाना 1 करोड़ रुपये

# हरभजन बोले, हिंदी कमेंट्री की गुणवत्ता को बेहतर बनाएंगे, प्रशंसक ने जताई थी चिन्ता

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज स्पिनर रहे हरभजन सिंह आजकल कमेंट्री के क्षेत्र में सक्रिय है। हरभजन आईपीएल में कमेंट्री कर रहे हैं। इसी दौरान हरभजन ने हिंदी कमेंट्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाने वाले एक प्रशंसक को भी जवाब दिया है।



इससे पहले इस प्रशंसक ने सोशल मीडिया में कहा था कि पहले हिंदी कमेंट्री काफी अच्छी थी पर आजकल ऐसा नहीं रहा है। इसमें जानकारी कम और व्यंगात्मक टिप्पणियां अधिक होती हैं। इसी को लेकर हरभजन ने इस प्रशंसक को दिये जवाब में कहा कि इसमें सुधार किया जाएगा। इस पूर्व भारतीय स्पिनर ने सोशल मीडिया में लिखा, जानकारी के लिए धन्यवाद। हम इस सुझाव पर काम करेंगे। गौरतलब है कि आईपीएल में हरभजन सिंह के अलावा वीरेंद्र सहवाग, नवजोत सिंह सिद्धू, शिखर धवन, सुरेश रैना, रॉबिन उथप्पा के आलावा आकाश चोपड़ा सहित कई अन्य पूर्व क्रिकेटर हिंदी कमेंट्री पैनल में शामिल हैं।

# इंग्लैंड दौरे पर भी रोहित ही रहेंगे कप्तान : रिपोर्ट

मुम्बई। रोहित शर्मा का आगामी इंग्लैंड दौरे में भी भारतीय टीम का कप्तान बने रहना तय है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इस दौरे के लिए कप्तानी में किसी प्रकार के बदलाव के पक्ष में नहीं है। भारतीय टीम साल 2007 के बाद पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतने के इरादे से इस दौरे पर जाएगी। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की ये सीरीज 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होगी। इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम विफल रही थी। जिसके बाद से ही माना जा रहा था कि रोहित को कप्तानी से हटाया जा सकता है पर चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम को मिली जीत के बाद बोर्ड रोहित को अभी और अवसर देना चाहता है। रोहित ने भी हाल ही में कहा था कि अभी उनका संन्यास का कोई इरादा नहीं है। चयन समिति के आईपीएल फाइनल से पहले इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम घोषित करने की उम्मीद है। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर वाली समिति इसके साथ ही चार दिवसीय मैचों के लिए इंडिया ए टीम का भी चयन करेगी। ये मैच टेस्ट सीरीज से पहले खेले जाएंगे। इस टीम में राष्ट्रीय टीम के कुछ खिलाड़ी भी खेलेंगे। रोहित के खराब फार्म के कारण पिछले दिनों उन्हें टीम में जगह दिये पर भी सवाल उठे थे। उन्होंने सितंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच 10 टेस्ट मैचों में केवल 164 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उनका प्रदर्शन बहुत खराब रहा था। उन्होंने 6.2 की औसत से सिर्फ 31 रन बनाए थे। यह किसी भी दौरे पर गए कप्तान का सबसे खराब प्रदर्शन था। जनवरी में रणजी ट्रॉफी में भी वह अच्छा प्रदर्शन नही कर पाए थे।



# भारतीय महिला हॉकी टीम लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारियों में लगी

**-दिग्गज ड्रैग फ्लिक ताइके ताइकेमा दे रहे टीम को परीक्षण**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए अभी से तैयारियों में लगी है। हॉकी इंडिया ने टीम की तैयारियों के लिए नीदरलैंड के दिग्गज ड्रैग फ्लिक ताइके ताइकेमा से भी करार किया है। इसी के तहत ताइकेमा टीम की इस कमजोरी को भी टीम करने में लगे हैं। ताइकेमा ने पिछले महीने भुवनेश्वर में प्रो लीग से पहले सात दिवसीय शिविर में भी भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया था। भारत ने प्रो लीग के घरेलू चरण में इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और स्पेन के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। ताइकेमा के मार्गदर्शन में शिविर का मुख्य उद्देश्य तकनीकी कौशल को निखारने के साथ ड्रैग फ्लिक की सटीकता में सुधार करना था।





भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि शिविर खिलाड़ियों के लिए बहुत फायदेमंद रहा और ताइकेमा लॉस एंजिल्स खेलों तक अल्पकालिक आधार पर टीम के साथ काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, ''ताइकेमा ड्रैग फ्लिक के मामले में सबसे महान दिग्गजों में से एक हैं। वह तकनीक को निखारने और ड्रैग फ्लिक की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए टीम के साथ काम कर रहे हैं।''

हरेंद्र ने कहा, ''ड्रैग फ्लिक करना एक विशिष्ट कौशल है और ताइकेमा भविष्य के शिविर में भी हमारे साथ काम करना जारी रखेंगे।'' हरेंद्र ने कहा कि दीपिका सहित इससे हमारी टीम की सभी खिलाड़ियों के कोशल में सुधार आया है।

इस 45 साल के पूर्व खिलाड़ी को अपने खेल के दिनों में पेनल्टी-कार्नर की सटीकता के लिए जाना जाता था। ताइकेमा ने 11 वर्षों के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में नीदरलैंड की पुरुष टीम के लिए 94 मैचों में 170 गोल किए। उन्हें दुनिया के सबसे खतरनाक पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञों में से एक माना जाता है।

# निडर होकर खेल रहे युवा भारतीय क्रिकेटरों से प्रभावित हैं स्टोइनिस






नई दिल्ली। आईपीएल में पंजाब किंग्स की तरफ से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने भारत के युवा क्रिकेटरों की जमकर प्रशंसा की है। स्टोइनिस ने कहा कि जिस प्रकार से भारतीय युवा खिलाड़ी निडर होकर खेल रहे हैं वह सराहनीय है। स्टोइनिस के अनुसार इसी कारण भारतीय टीम को टी20 प्रारुप से रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के एकसाथ संन्यास लेने से भी कोई प्रभाव नहीं पड़ा। इनकी जिम्मेदारी बाद तिलक वर्मा, अभिषेक शर्मा और वाशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ियों ने अच्छी तरह से संभाल ली है। वह पंजाब किंग्स के युवा बल्लेबाज प्रियांश आर्य की पारी से भी प्रभावित नजर आये। स्टोइनिस ने कहा, 'भारतीय क्रिकेट में काफी गहराई है। वह हमेशा से रही है। और मेरा मानना है कि आईपीएल से उनके खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर अपने कौशल का नमूना पेश करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा, ' युवा खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरे हैं क्योंकि उन्हें अपने करियर की में ही आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में दबाव के हालातों से गुजरने का लाभ मिल जाता है। खेल के प्रति उनका आक्रामक रवैया वास्तव में शानदार है।

# एशेज सीरीज के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से हट जाएगा गाबा मैदान

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन स्टेडियम में अब प्रशंसकों को क्रिकेट मुकाबले देखने को नहीं मिलेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ आगामी एशेज सीरीज के बाद यह मैदान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले लेगा। इस मैदान पर दशकों से क्रिकेट और ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल लीग (एएफएल) मुकाबले होते रहे हैं। को 2032 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के बाद ध्वस्त कर दिया जाएगा। गाबा स्टेडियम को क्रिकेट और फुटबॉल का गढ़ माना जाता है पर अब क्वींसलैंड सरकार ने इस ऐतिहासिक मैदान की जगह विक्टोरिया पार्क में एक नया, अत्याधुनिक स्टेडियम बनाने की घोषणा की है। यह स्टेडियम करीब 63,000 दर्शकों की क्षमता वाला होगा और भविष्य में बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए उपयोग में लाया जाएगा। गाबा स्टेडियम को क्रिकेट की दुनिया में ऑस्ट्रेलिया का एक ऐसा मैदान माना जाता है जहां उसे हमेशा ही जीत मिलती रही है हालांकि साल 2021 में भारतीय क्रिकेट टीम ने इस मैदान पर जीतक मेजबान टीम का अजेय वाला रिकार्ड तोड़ दिया था। भारतीय टीम ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ऑस्ट्रेलिया को साल 1988 के बाद पहली बार इस मैदान पर पराजित किया था।

गाबा स्टेडियम लंबे समय से पुरानी संरचना और सीमित सुविधाओं के कारण निशाने पर बना हुआ था। इसे मैदान के पुनर्निर्माण की पहले योजना थी पर भारी भरकम खर्च को देखते हुए रद्द कर दिया गया। लोग इस स्टेडियम के भी भारी रकम खर्च करने के खिलाफ थे जिसे क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया दबाव में था। वहीं सरकार ने अब तय किया है कि गाबा की जगह एक नया अत्याधुनिक स्टेडियम बनाया जाएगा, जो आधुनिक खेल सुविधाओं से परिपूर्ण होगा और इससे क्वींसलैंड के खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिलेंगे। नए स्टेडियम के निर्माण में लगभग 3.8 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की लागत आएगी। इसे क्रिकेट, एएफएलएल फुटबॉल और अन्य अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया जाएगा।

# पीएसएल में करांची किंग्स की कप्तानी करते हुए नजर आयेंगे वॉर्नर





लाहौर। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड वॉर्नर अगले माह 11 अप्रैल से शुरु हो रहे पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के 10 सत्र में करांची किंग्स की कप्तानी करते हुए नजर आयेंगे। कराची किंग्स ने वॉर्नर को अपना नया कप्तान बनाया है। वार्नर को शान मसूद की जगह कप्तान बनाया गया है। वॉर्नर पहली बार पाकिस्तान सुपर लीग में खेलते हुए नजर आएंगे। वॉर्नर को इससे पहले आईपीएल में किसी भी टीम ने अपने साथ नहीं जोड़ा था। ऐसे में उन्होने पीएसएल में खेलने पाक का रुख किया। वॉर्नर को इसमें कराची ने उन्हें अपने साथ जोड़ा। कराची किंग्स के मालिक सलमान इकबाल ने वॉर्न को कप्तान सौंपने पर खुशी जताते हुए कहा, हम डेविड वॉर्नर का नए कप्तान के रूप में कराची किंग्स परिवार में स्वागत करते हैं। एक लीडर और मैच विजेता के रूप में उनका ट्रैक रिकॉर्ड शानदार रहा हैहै। हम पिछले सत्र में कप्तान रहे शान मसूद के योगदान की भी सराहना करते हैं। एक मजबूत नीवं रखने में उनके प्रयास अहम थे। हमें टीम ने एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उनसे काफी उम्मीदें हैं। गौरतलब है कि वॉर्नर को टी20 क्रिकेट का खास अनुभव है। उन्होंने आईपीएल, बिग बैश लीग सहित कई लीगों में कप्तानी की है। वह टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं। उन्होंने 399 टी20 मैचों में 37.00 की औसत से 12913 रन बनाए हैं।

# क्रिकेटर बनने का सपना था, भयानक चोट से हुए लकवाग्रस्त, अब पैरा टेबल टेनिस में कर रहे कमाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी ऋषित नाथवानी हमेशा से ही पेशेवर क्रिकेटर बनना चाहते थे लेकिन 2017 में एक साधारण से कबड्डी मैच के दौरान लगी एक भयानक चोट ने उन्हें गर्दन से नीचे लकवाग्रस्त कर दिया। लेकिन नाथवानी ने उम्मीद नहीं छोड़ी, उन्होंने अपने खेल सफर को जारी रखने के लिए पैरा टेबल टेनिस की ओर रुख किया और यहां खेलो इंडिया पैरा खेलों (केआईपीजी) 2025 में पुरुषों की क्लास 5 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। नाथवानी ने चोट को याद करते हुए बताया, 'मेरी पीठ में चोट लगी थी। अंदरूनी रक्तस्राव हो रहा था जिससे मेरी नसें फट गईं और रीढ़ की हड्डी थोड़ी हिल गई। इससे मैं गर्दन से नीचे लकवाग्रस्त हो गया।'

डॉक्टर उनके ठीक होने को लेकर निराशावादी थे, उनका सुझाव था कि वे शायद कभी बिस्तर से ही नहीं उठ पाएं। लेकिन नाथवानी और उनके परिवार ने इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया। मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में दो महीने 'रिहैबिलिटेशन' में बिताने के बाद नाथवानी धीरे-धीरे अपने ऊपरी शरीर में 'मूवमेंट' हासिल करने लगे। उनका शुरुआती लक्ष्य पेशेवर क्रिकेट में वापसी करना था। लेकिन जैसे-जैसे फिजियोथेरेपी आगे बढ़ी, उन्हें अहसास हुआ कि अब वह इस रास्ते पर नहीं चल सकेंगे, उन्हें दूसरा खेल चुनना होगा होगा। नाथवानी ने कहा, 'चोट के बाद मेरा पहला लक्ष्य पूरी तरह से ठीक होना और पेशेवर क्रिकेट में वापसी करना था। दो साल तक फिजियोथेरेपी की और काफी हद तक ठीक हो गया, लेकिन मेरे पैर ठीक नहीं हुए।'

संयोग से पैरा टेबल टेनिस उनके जीवन में आया। अपनी मां के साथ एक यात्रा के दौरान उनकी मुलाकात उनके पहले कोच अशोक पाल से हुई जो एक छोटी सी दुकान में पैरा टेबल टेनिस सिखा रहे थे। पाल ने उनकी काबिलियत पर भरोसा दिखाया और नाथवानी ने ट्रेनिंग शुरू कर दी। नाथवानी ने कहा, 'उन्होंने मुझसे कहा कि अगर मैं खेलता हूं तो मैं राष्ट्रीय स्तर पर जीत सकता हूं।'

जब वह 19 साल के थे, उन्होंने 2021 में अपनी पहली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीता जिसने भविष्य की सफलता के लिए मंच तैयार किया। अब नाथवानी का लक्ष्य अपनी विश्व रैंकिंग में सुधार करना और फिर 2028 लॉस एंजिल्स पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई करना है। लेकिन वह समझते हैं कि इस यात्रा के लिए समर्पण की आवश्यकता है, अपनी रैंकिंग को बनाए रखने और सुधारने के लिए वह सालाना कम से कम छह अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भाग लेने की योजना बना रहे हैं। नाथवानी की सफलता के पीछे उनके परिवार का अटूट समर्थन है, खासकर उनकी मां विधि नाथवानी का।



उनकी मां ने कहा, 'जब ऋषित चोटिल हुआ तो डॉक्टरों ने हमें कहा कि उसे खेलों को छोड़ने के बारे में सोचना चाहिए क्योंकि वह बिस्तर से उठ भी नहीं पाएगा।' नाथवानी और उनकी मां दोनों ने पैरा खेलों के बारे में जागरूकता फैलाने की वकालत की। नाथवानी ने कहा, 'कई पैरा खिलाड़ियों को उन खेलों के बारे में पता ही नहीं है जिन्हें वे खेल सकते हैं। जब वे टीवी पर इन खेलों को देखेंगे तो उन्हें अहसास होगा कि वे भी इसमें भाग ले सकते हैं और बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।'

## सोना तस्करी मामले में रन्या राव को झटका, जमानत याचिका फिर खारिज

बेंगलुरु (एजेंसी)। सोना तस्करी के आरोप के चलते जेल में बंद कन्नड़ एक्ट्रेस रन्या राव को बड़ा झटका लगा है। 64वें सिटी सिविल और सेशंस कोर्ट (सीसीएच) ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। इससे पहले आर्थिक अपराधों के लिए स्पेशल कोर्ट भी उनकी जमानत याचिका ठुकरा चुका था। जमानत याचिका खारिज हो जाने के बाद अब उनके पास हाईकोर्ट का विकल्प बचा है और उनका कानूनी दल जल्द ही वहां अपील दायर करने की तैयारी कर रहा है। जानकारी अनुसार न्यायालय ने अनेक बिंदुओं को सामने रखते हुए रन्या राव की जमानत अर्जी को खारिज किया है। ऐसे ही कई गंभीर बिंदुओं में अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क से कनेक्शन प्रमुख है। जांच में सामने आया है कि यह मामला अंतरराष्ट्रीय सोना तस्करी गिरोह से जुड़ा हो सकता है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा पर खतरा है। इसके साथ ही कस्टम नियमों का उल्लंघन है। हवाई यात्रा के दौरान उन्होंने कस्टम बैगेज नियमों का उल्लंघन किया। जांच एजेंसियों ने दलील दी कि जमानत मिलने पर रन्या सबूतों से छेड़छाड़ कर सकती हैं। उनकी विदेश यात्राएं भी संदिग्ध बताई गई हैं। एक साल में 27 बार विदेश यात्रा करने के कारण उनकी गतिविधियां शक के दायरे में हैं। ऐसे में कोर्ट ने जमानत देने से इंकार कर दिया है।



## कैलास मानसरोवर, और ओम पर्वत दर्शन यात्रा की तैयारी शुरु

पिथौरागढ़। कैलास मानसरोवर, आदि कैलास और ओम पर्वत दर्शन यात्रा 2025 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। यात्रा को लेकर बुधवार को सेना और प्रशासन के बीच बैठक हुई। बैठक में इस यात्रा को सुगम बनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी, स्थानीय सेना के ब्रिगेडियर गौतम पठानिया, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव सहित कई अधिकारियों ने भाग लिया। उच्च हिमालय में सुरक्षा की व्यवस्था सेना के हाथों में है। आदि कैलास और ओम पर्वत इसी क्षेत्र में आते हैं। कैलास मानसरोवर यात्रा का मार्ग भी उच्च हिमालय से ही है। यात्रा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य आदि मसलों पर भारतीय सेना प्रशासन को सहयोग देती है। बैठक में मौजूद ब्रिगेडियर पठानिया ने यात्रा को बेहद महत्वपूर्ण बताकर कहा कि उच्च हिमालय में यात्रा के संचालन में सेना पूरी मदद देगी। जिलाधिकारी गोस्वामी ने कहा कि यात्रा के लिए सभी जरूरी तैयारियां की जा रही हैं। बैठक में जिले में पशुपालन और मत्स्य पालन को बढ़ावा दिए जाने पर भी अधिकारियों के बीच चर्चा हुई। वही कोरोना काल से बंद पड़ी कैलास मानसरोवर यात्रा शुरू होने को लेकर स्थानीय लोग गदगद हैं। भारत और चीन के बीच पिछले दिनों कई स्तरों की बैठक में इस मसले पर चर्चा हुई है। उम्मीद की जा रही है कि 2025 में कैलास मानसरोवर यात्रा फिर शुरू होगी। इससे स्थानीय लोग खुश हैं। यात्रा सीजन में स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलने है।

## मुंबई पुलिस ने अवैध रुप से रह रहे आठ बांग्लादेशी ट्रांसजेंडर को गिरफ्तार किया

**–पुलिस से बचने के लिए यह किन्नर बनकर रहते**

मुंबई (एजेंसी)। देश के अलग-अलग हिस्सों में अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में मुंबई पुलिस ने पहली बार आठ बांग्लादेशी ट्रांसजेंडर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, यह सभी बांग्लादेशी हैं, और लिंग बदलकर रहते थे। मुंबई पुलिस शहर में बांग्लादेशी नागरिकों को ढूंढ रही थी, लेकिन पुलिस से बचने के लिए यह किन्नर बनकर रहते थे। ये सभी नागरिक मुंबई में करीब पांच साल से रह रहे थे। पुलिस के अनुसार, ये आरोपी कलाकार (नृत्य कलाकार) के रूप में काम करते थे और वैध दस्तावेजों के बिना मुंबई में रह रहे थे। इन आरोपियों ने अपने नाम, पहचान और कुछ मामलों में अपना लिंग भी बदल लिया था, जिससे वे अन्य नागरिकों से अलग दिखते थे। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रफीक नगर इलाके में जाल बिछाकर आठ ट्रांसजेंडर बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में पता चला कि इन सभी ने बांग्लादेश सीमा से अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था। गिरफ्तार आरोपी वेश्यावृत्ति, धोखाधड़ी और ग्राहकों को ठगने और लूटने के मामलों में भी शामिल थे। मुंबई में पहली बार हुआ है जब ट्रांसजेंडर के रूप में रहने वाले बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जांच में पाया कि ये सभी पुरुष है और अपनी पहचान छुपाने के लिए ट्रांसजेंडर बन कर रहते थे। इसके पहले 26 मार्च को पुलिस की टीम ने गोवंडी और चेंबूर इलाकों में अभियान चलाकर अवैध रूप से रह रहे 17 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया था। इसमें पांच महिलाएं भी शामिल थी। पुलिस ने अवैध घुसपैठियों की तलाश के लिए विशेष टीमों का गठन किया है। हर टीम को एक निश्चित क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है, जहां उन्होंने गहन जांच-पड़ताल कर अवैध रूप से भारत में रह रहे इन बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया था।

## बिहार के मंदिर प्रांगण में कन्हैया कुमार ने की आमसभा तो युवाओं ने गंगाजल से धोया

सहरसा (एजेंसी)। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार की पलायन रोको पदयात्रा में बिहार के सहरसा जिले के बनगांव में विवाद खड़ा हो गया है। उन्होंने मंगलवार रात बनगांव स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में नुक्कड़ सभा की थी, जिसे लेकर स्थानीय युवाओं ने विरोध किया था। बुधवार को कुछ युवाओं ने मंदिर प्रांगण को गंगाजल से धोने की कार्रवाई की। विरोध कर रहे युवाओं का कहना था कि कन्हैया कुमार पर पहले देशद्रोह का आरोप लग चुका है और उनके कथित विवादित बयानों को देखते हुए मंदिर परिसर में उनका भाषण देना अनुचित था। हालांकि स्थानीय लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कन्हैया कुमार का पारंपरिक पाग, चादर और माला पहनाकर स्वागत किया था, लेकिन अगले ही दिन युवाओं द्वारा की गई इस प्रतिक्रियात्मक कार्रवाई ने क्षेत्र में राजनीतिक माहौल गर्मा दिया है।

**–महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे बोले– बीजेपी का दोहरा रवैया उजागर**

# पहले बंटेंगे तो कटेंगे का दिया नारा अब सौगात-ए-मोदी किट बांट रहे

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने बीजेपी पर तीखा हमला बोला उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद पर सौगात-ए-मोदी किट बांटने की योजना पर बीजेपी को घेरा। उन्होंने कहा कि इससे बीजेपी का दोहरा रवैया उजागर हो गया है। यह सौगात-ए-मोदी नहीं है बल्कि सौगात-ए-सत्ता है। उन्होंने कहा कि इससे बीजेपी एक्सपोज हो रही है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में तो इन लोगों ने बंटेंगे तो कटेंगे का नारा दिया था और अब सौगात-ए-मोदी वाली किट बांट रहे हैं। आखिर यह कैसी किट है। ऐसा लगता है कि राजनीतिक स्वार्थ को साधने वाली यह किट है।

उद्धव ठाकरे ने कहा कि यह योजना बीजेपी ने बिहार चुनाव में फायदा उठाने के लिए बनाई है। बीजेपी तो मुझ पर आरोप लगाती रही है कि मैंने हिंदुत्व को छोड़ दिया है, अब वही बताएं कि क्या कर रही है। उद्धव ठाकरे ने कुणाल कामरा के मामले पर भी बात की। उन्होंने कहा कि सरकार कामरा को गद्दारों के अपमान पर समन जारी कर रही है, लेकिन इस सरकार ने अब तक राहुल सोलापुरकर के मसले पर कुछ नहीं कहा, जिसने छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान किया था। बता दें कि बुधवार को ही डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर तंज कसा था और कहा था कि शिवसेना मालिक और गुलामों की नहीं बल्कि समर्पित कार्यकर्ताओं की पार्टी है।

शिवसेना (यूबीटी) से शिवसेना में शामिल हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शिंदे ने कहा कि उनके जैसे सैनिक सोने का चम्मच लेकर पैदा नहीं हुए। उन्होंने कहा था कि हमने लोगों के जीवन में सुनहरे दिन लाने के लिए कड़ी मेहनत की है। हम जमीनी कार्यकर्ता हैं और मैं आपका सहयोगी हूं। यह कार्यकर्ताओं की पार्टी है, न कि मालिक और गुलामों की पार्टी।' शिंदे ने कहा कि उन्होंने हमेशा आलोचना और दुर्व्यवहार का जवाब अपने काम से दिया है।

वहीं उद्धव ठाकरे ने कहा कि बटेंगे तो कटेंगे का नारा लगाने वाले अब दौरा करने जा रहे हैं। कह रहे हैं कि वे होली के नाम पर पूरे साल मुसलमानों के नाम पर घृणा फैलाएंगे और फिर चुनाव आने पर उन्हें लुभाएंगे। ठाकरे ने बीजेपी की आलोचना करते



हुए कहा कि इससे पहले कि आप हम पर हिंदुत्व छोड़ने का आरोप लगाएं, आपको अपने झंडे से हरा रंग हटा देना चाहिए। अब उनका पाखंड उजागर हो गया है। ठाकरे ने कहा कि वे हरा रंग नहीं हटाएंगे। आपने चुनाव से पहले कई वादे किए थे। बिजली बिल माफी, कर्ज माफी, लड़की बहिन योजना का क्या हुआ?

## राजस्थान के उपमुख्यमंत्री बैरवा को जेल से मिली धमकी, विपक्ष ने उठाए कानून व्यवस्था पर सवाल

जयपुर। राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को जान से मारने की धमकी मिली है। ये धमकी भरा कॉल जयपुर सेंट्रल जेल से आया। जेल से इस तरह का कॉल आना बेहद गंभीर मुद्दा है। इस घटना के बाद जयपुर पुलिस भी एक्शन में आ गई है। जयपुर पुलिस कमिश्नर का कहना है कि धमकी भरा कॉल आया है। इसके बाद प्रशासन सख्त है और जांच में जुटा है। इस धमकी के बाद प्रदेश में हड़कंप मच गया है।

घटना के बाद विपक्ष भी सरकार पर हमलावर है। विपक्ष ने इस धमकी भरे कॉल को लेकर राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि इस मामले पर सरकार को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने इस घटना को लेकर कहा कि उपमुख्यमंत्री को जब धमकी भरा फोन आ सकता है तो इससे राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संदेह पैदा होता है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि जयपुर सेंट्रल जेल से प्रदेश के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को जान से मारने की धमकी मिलना चिंताजनक है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल के बाद आज उपमुख्यमंत्री को सेंट्रल जेल से धमकी मिलना प्रदेश की वास्तविक कानून व्यवस्था का एक आईना है। प्रदेश में वरिष्ठ जनप्रतिनिधि को ही जेल से धमकियां मिल रही हैं वो ही सुरक्षित नहीं तो आम जनता का क्या हाल होगा? मुख्यमंत्री मामला बहुत ही गंभीर और चिंताजनक है, प्रदेश में अपराधी बेख़ौफ़ हैं मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता में लेकर प्रकरण की गहराई से जांच की जाए आखिर अपराधियों के पास जेलों में मोबाइल कैसे पहुंच रहे है?

## भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या पर झारखंड बंद, रांची में उग्र प्रदर्शन





रांची (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में झारखंड बंद का आयोजन किया गया। बंद का व्यापक असर राजधानी रांची सहित कई इलाकों में देखने को मिला। कांके में दिनदहाड़े बाइक सवार दो अपराधियों ने भाजपा नेता और पूर्व जिला परिषद सदस्य टाइगर की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

घटना शिव मंदिर परिसर के एक होटल में तब हुई जब टाइगर मोबाइल देख रहे थे। हमलावरों ने पीछे से सिर में गोली मारकर फरार हो गए। स्थानीय लोग तत्काल उन्हें रिम्स अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हत्या की खबर फैलते ही कांके और रांची के अन्य इलाकों में तनाव फैल गया। आक्रोशित लोगों ने कांके और बूटी मोड़ चौक को जाम कर दिया तथा सड़क पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कार्रवाई की और एक संदिग्ध शूटर को गिरफ्तार कर लिया।

टाइगर भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य और ग्रामीण जिला महामंत्री थे। वे कांके महावीर मंडल के अध्यक्ष भी थे और पूर्व में आजसू पार्टी में भी सक्रिय भूमिका निभा चुके थे।

भाजपा के आह्वान पर बंद का रांची में व्यापक असर दिखा। कई जगहों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर दुकानों को बंद करवाया। धुर्वा बस स्टैंड, नेवारी विकास गोल चक्कर, हरमू रोड, किशोरगंज चौक, और रांची पिस्का मोड़ पर टायर जलाकर विरोध किया गया। पुलिस ने भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल सहित कई नेताओं को हिरासत में लिया है। पुलिस सांसद दीपक प्रकाश के आवास पर भी पहुंची, लेकिन वे संसद सत्र के कारण दिल्ली में मौजूद थे।

रांची के अधिकतर स्कूल बंद रखे गए हैं, हालांकि 12वीं बोर्ड परीक्षाओं वाले स्कूल खुले है।

# अब कॉमेडियन कामरा ने पीएम मोदी को तानाशाह कहकर उड़ाया मजाक

**–विपक्ष ने बीजेपी की चुप्पी पर उठाए सवाल, कहा–पैरोडी गाने पर तो भड़क गए थे**

मुंबई (एजेंसी)। अभी एकनाथ शिंदे पर की गई अपमानजनक टिप्पणी का मामला ठंडा भीा नहीं हुआ है कि मुंबई के खार में हाल ही के स्टैंड-अप सेट में कुणाल कामरा ने पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का मज़ाक उड़ा दिया। उन्होंने संगीत के ज़रिए पीएम मोदी को तानाशाह और दोगला बताया। कामरा ने पीएम मोदी पर कटाक्ष करने के लिए फिल्म बादशाह के मशहूर गाने बादशाह ओ बादशाह को फिर से गाया। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का मज़ाक उड़ाने के लिए कुणाल कामरा के खिलाफ़ एफआईआर दर्ज की गई है और शिवसेना ने उनके खिलाफ धमकियां दी हैं। शिवसेना ने उस जगह पर भी तोड़फोड़ की है जहां कॉमेडियन कामरा ने परफॉर्म किया था।

विपक्ष ने पीएम नरेंद्र मोदी पर कुणाल कामरा के मजाक पर बीजेपी की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं, जबकि उनके पैरोडी गाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मुंबई पुलिस ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए स्टैंड-अप कॉमेडियन को दूसरा समन जारी किया है। कॉमेडियन कामरा को शिवसेना विधायक मुरजी पटेल की शिकायत पर दर्ज मामले में उपनगरीय मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में जांच अधिकारी के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया है।

पुलिस ने कुणाल कामरा को पहला समन जारी किया था, जिसमें उनके खिलाफ मानहानि मामले की जांच शुरू होने पर उनकी उपस्थिति मांगी गई। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि नोटिस मिलने के बाद कामरा ने पुलिस के सामने पेश होने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है। इस बीच, शिवसेना (यूबीटी) के नेता अंबादास दानवे ने कहा कि बीजेपी कुणाल कामरा द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी पर सीधे कटाक्ष करने पर चुप रही, लेकिन उनके पैरोडी गाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसमें एकनाथ शिंदे का नाम नहीं लिया गया था। दानवे ने कहा कि कुणाल कामरा ने अपने शो में सीधे पीएम मोदी की आलोचना की, और बीजेपी ने कोई बुरा नहीं माना, लेकिन वही पार्टी एक पैरोडी गाने पर भड़क गई, जिसमें शिंदे का नाम भी नहीं था। ऐसा लगता है कि बीजेपी कामरा को निशाना बनाने के लिए शिंदे का इस्तेमाल कर रही है।

एकनाथ शिंदे का नाम लिए बिना, कामरा ने उपमुख्यमंत्री पर उनके राजनीतिक करियर को लेकर निशाना साधा, जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ 2022 का विद्रोह भी शामिल है, जिसके कारण



महाविकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार गिर गई थी। उन्होंने दिल तो पागल है के एक लोकप्रिय हिंदी गाने की पैरोडी की, जिसमें शिंदे को गद्दार बताया था। कामरा ने महाराष्ट्र में हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों पर भी मज़ाक उड़ाया, जिसमें 2022 में शिवसेना और 2023 में एनसीपी में विभाजन शामिल है।

## मेरठ में सड़कों पर ईद की नमाज की मानही, केंद्रीय मंत्री चौधरी ने आलोचना की

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मेरठ में पुलिस ने सड़कों पर ईद की नमाज को लेकर सख्त कदम उठाकर आदेश जारी किया है। पुलिस ने सार्वजनिक जगहों और सड़क पर नमाज पढ़ने पर पाबंदी लगाई है। मेरठ पुलिस के आदेश की केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने आलोचना की है। उन्होंने कहा कि पुलिस का ये कहना गलत है। नमाजियों पर मेरठ पुलिस की कार्रवाई पर किए गए अपने ट्वीट को लेकर केंद्रीय मंत्री चौधरी ने कहा, मेरा मतलब है, पुलिस को ये नहीं कहना चाहिए कि हम पासपोर्ट ले लेने वाले है। प्रशासन सड़कों को खाली रखने की बात कर सकता है, लेकिन इसके लिए संवेदनशीलता के साथ समुदाय के लोगों से संवाद करना चाहिए। बता दें कि मेरठ पुलिस ने कहा कि इस बार सड़क पर नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं होगी। अगर कोई सड़क पर नमाज अदा करते मिला तब उसके खिलाफ कार्रवाई कर एफआईआर दर्ज होगी। साथ ही पासपोर्ट व लाइसेंस निरस्त करने की सिफारिश की जाएगी। मेरठ के एसपी सिटी आयुष विक्रम ने कहा कि ईद पर सभी धर्मगुरुओं और इमामों से अपील की गई है कि लोग मस्जिदों या ईदगाहों में ही नमाज अदा करें।

# एनर्जी स्टोरेज के क्षेत्र में कदम बढ़ाते हुए प्योर ने लॉन्च किए प्योर पॉवर प्रोडक्ट्स

एजेंसी

**मुंबई :** इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और स्वच्छ ऊर्जा नवाचार में अग्रणी प्योर ने एनर्जी स्टोरेज के क्षेत्र में कदम बढ़ाते हुए, आज प्योर पॉवर प्रोडक्ट्स की एक नई श्रृंखला लॉन्च की, जो भारत की ऊर्जा परिवर्तन की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए तैयार है। प्योर पॉवर होम, व्यावसायिक और आने वाले प्योर पॉवर ग्रिड के माध्यम से ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करता है। यह प्रोडक्ट्स भारत के डिकार्बनाइजेशन और नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों की दिशा में विश्वसनीय, स्केलेबल



और सतत एनर्जी स्टोरेज को बढ़ावा देने वाले प्रोडक्ट्स की महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा करता है। प्योर उन्नत एनर्जी स्टोरेज प्रोडक्ट्स तक पहुँच को सभी के लिए संभव बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और अगले 18 महीनों में पूरे भारत में 300 से ज्यादा संपर्क बिंदु स्थापित करने की योजना बना रहा है। प्योर पॉवर होम की कीमत 74,999 रुपए (एक्स-फैक्टरी) से शुरू होती है। लॉन्च के अवसर पर प्योर के फाउंडर और एमडी डॉ. निशांत डोंगरी ने कहा, ₹प्योर पॉवर सिर्फ एक एनर्जी स्टोरेज प्रोडक्ट ही नहीं है, बल्कि यह भारत के डिकार्बनाइजेशन लक्ष्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। अत्याधुनिक बैटरी तकनीक और पॉवर-इलेक्ट्रॉनिक्स से घरों, व्यवसायों और ग्रिड को सशक्त बनाकर, प्योर देश को कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में सक्षम बना रहा है। प्योर के को-फाउंडर और सीईओ रोहित वडेरा ने कहा, प्योर पॉवर सरकार की नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने और एनर्जी स्टोरेज के एकीकरण को बढ़ावा देने विजन के अनुरूप है। यह प्रोडक्ट सौर ऊर्जा को प्रभावी ढंग से संग्रहीत करने से लेकर व्यवसायों को स्थायी संचालन में बदलने तक, एक स्मार्ट और हरित ऊर्जा परिदृश्य को आकार दे रहा है।

# 81% भारतीय अपनी जीवन बीमा आवश्यकताओं को कम कर के आंकते हैं : बजाज आलियांज लाइफ

एजेंसी

**रांची :** भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने नीलसनआईक्यू के सहयोग से आयोजित ह्यअंडरइंश्योरेंस सर्वे 2025 नाम से एक व्यापक अध्ययन जारी किया है। सर्वेक्षण में मेट्रो, टियर 1 और टियर 2 शहरों के 2,000 व्यक्तियों को शामिल किया गया। इसमें जीवन बीमा कवरेज स्तर का आकलन किया गया और वित्तीय सुरक्षा में अंतराल की पहचान की गई। इसके निष्कर्ष भारत में जीवन बीमा की वर्तमान स्थिति और खरीद निर्णयों को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों पर प्रकाश डालते हैं। सर्वेक्षण से जीवन बीमा रुझानों में महत्वपूर्ण बदलाव का पता चलता है, जिसमें पहली बार खरीदारों की औसत आयु 33 से घटकर 28 वर्ष हो गई है। पारिवारिक जिम्मेदारियाँ, आय का स्तर और स्वास्थ्य संबंधी चिंताएँ बीमा अपनाने के प्रमुख कारणों के रूप में उभरी हैं। उल्लेखनीय रूप से, 81% उत्तरदाताओं का मानना था कि उनकी वार्षिक आय से 10 गुना से कम का जीवन बीमा कवरेज वित्तीय सुरक्षा के लिए पर्याप्त था। हालाँकि, वास्तविक कवरेज के आंकड़े एक अलग कहानी बताते हैं। शहरी क्षेत्रों में, औसत जीवन कवर वार्षिक आय का 3.1 गुना था, जो क्रमशः बड़े पैमाने पर समृद्ध और समृद्ध परिवारों के लिए 2.9 गुना तक नीचे था। सर्वेक्षण निष्कर्षों पर बात करते हुए बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ तरुण चुघ ने कहा, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के बावजूद, भारत में कुल बीमित राशि जीडीपी का सिर्फ 70% है, जो अमेरिका (251%), थाईलैंड (143%) और मलेशिया (153%) जैसे देशों की तुलना में काफी कम है, जो एक महत्वपूर्ण सुरक्षा अंतर को उजागर करता है। यह कमी परिवारों को आर्थिक रूप से कमजोर बना सकती है, जिससे उन्हें संकट के समय बचत में से पैसे निकालने या संपत्ति बेचने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

# दुनिया भी हैरान: अशांत और परेशान पड़ोसी देशों के साथ मदद के लिए तैयार है भारत

नई दिल्ली (एजेंसी)। भले ही पाकिस्तान आए दिन भारत के खिलाफ एक नई साजिश रचता हो इसके बाद भी भारत उसके संकट में साथ खड़ा दिखाई देता है। श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान गहरे राजनीतिक और आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। इनके बीच भारत की स्थिर और सुरक्षित स्थिति एक बार फिर साबित करती है कि देश में लोकतांत्रिक जड़े कितनी मजबूत हैं। जबकि इसके पड़ोसियों की बस एक ही कोशिश दिखती है कि चाहे नाममात्र की सही लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम रहे।

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में जनाक्रोश देखने को मिल रहा है। यहां पिछले कई दिनों से प्रदर्शनों का सिलसिला जारी है। लोग सिंधु नदी पर बन रही है 6 नहर परियोजनाओं का विरोध कर रहे हैं। उनका आरोप है कि ये नहरें सिंध को उसके पानी से हमेशा के लिए वंचित कर देगी। इन सबसे बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि क्या देश अपनी अखंडता को सुरक्षित रख पाएगा। अफगानिस्तान के साथ इस्लामाबाद के रिश्ते सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। पाक-अफगान बॉर्डर पर हालात तनावपूर्ण हैं।

पाकिस्तान की हालत शायद सबसे खराब है। देश की अर्थव्यस्था लड़खड़ा रही है वहीं बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी आवाजें जोर पकड़ रही हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) जैसे चरमपंथी संगठन सीधे सरकार को चुनौती दे रहे हैं। देश के सबसे बड़े प्रांत में चीन ने बड़े पैमाने पर निवेश किया है अगर इस प्रांत में हिंसा बढ़ती है तो बीजिंग अपने कदम खींच सकता है जो इस्लामाबाद के लिए सबसे बड़ा झटका होगा।

श्रीलंका को पिछले कुछ वर्षों में गंभीर आर्थिक संकट, भारी ऋण, भुगतान संतुलन का संकट, आवश्यक वस्तुओं की कमी, राजनीतिक अस्थिरता का सामना करना पड़ा है। देश अपने सबसे बुरे आर्थिक संकट से उबरने की कोशिश कर रहा है लेकिन ऐसा लगता है कि उसकी चुनौतियां कम नहीं हो रही हैं। चीन का साथ उसे रास नहीं आ रहा है। वहीं चीन को भी श्रीलंका की मदद भारी पड़ती दिख रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक श्रीलंका के एक्सटर्नल लोन रिस्ट्रक्चरिंग (बाह्य ऋण पुनर्गठन) से चीन को लगभग 7 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ है। श्रीलंकाई वायुसेना का चीन निर्मित एक और प्रशिक्षण विमान शुक्रवार को क्रैश हो गया। वारियापोला क्षेत्र में चीन निर्मित के-8 प्रशिक्षण विमान क्रैश हो जाने के बाद सेवा में अन्य विमानों की सुरक्षा और संचालन तैयारी को लेकर गंभीर चिंता पैदा हो गई है। फिलहाल भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय बांग्लादेश के अस्थिर




हालात है। पिछले साल अगस्त में शेख हसीना की सत्ता जाने के बाद से देश का लोकतांत्रिक ढांचा चरमरा गया है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार लगभग हर मोर्चे पर नाकाम हो रही है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**